# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024


**वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 17.7% का इजाफा**

## 19.58 लाख करोड़ रुपए पहुंचा कलेक्शन




**नई दिल्ली।** देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है।













**मुख्यमंत्री यादव ने रीवा, सतना, दमोह और टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में किया चुनाव प्रचार**

# भगवा रंग का ऐसा ही विरोध है...तो कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाए

मुख्यमंत्री महावीर जयंती के अवसर पर भोपाल के इतवारा में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल



*यादव ने कहा कि दूरदर्शन के लोगो में सफेद की जगह नारंगी रंग आया, भगवा रंग आया, यह त्याग का प्रतीक है। मैं उम्मीद करता हूं कि कांग्रेस माफी मांगेगी।*

अपने देश के अंदर भगवान राम का कोई अपमान करे असंभव। यह नहीं हो सकता। जीयो और जीने दो यह अपने देश का मूल सिद्धांत



### सद्भाव और शांति के कबूतर उड़ाए, शोभा यात्रा को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस और वामपंथी सोच पर शर्म भी आती है और हंसी भी आती है, नाराजगी भी है। अब भगवा रंग के ऊपर कांग्रेस को आपत्ति है। वामपंथी और विरोधी दल को ये समझ नहीं आता है कि भगवा हमारा त्याग और वैराग्य का प्रतीक है, सूर्यसंस्कृति का वाहक है। अब भगवा रंग का ऐसा विरोध है तो वो कांग्रेस अपने झंडे में भगवा रंग हटाकर दिखा दे।

**सीएम ने कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा प्रेम और करूणा का संदेश दिया, उनकी शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी**

*यादव रविवार सुबह 9 बजे भोपाल के इतवारा में महावीर जयंती पर आयोजित जुलूस कार्यक्रम में शामिल हुए। यादव ने दिगंबर जैन पंचायत महासभा द्वारा महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव में नागरिकों को बधाई एवं मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा प्रेम और करूणा का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री यादव ने सद्भाव और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए एवं शोभा यात्रा को रवाना किया।*

**देश के बंटवारे को मंजूर करना कांग्रेस का सबसे बड़ा अपराध**

यादव ने मैहर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बंटवारे को मंजूर करना कांग्रेस का सबसे बड़ा अपराध था। देश के बंटवारे के समय झूठ बोला गया कि चाहे सिख हो, मुस्लिम हो, जिसको भी भारत में आना होगा। हम सब का स्वागत करेंगे, लेकिन वह आश्वासन झूठ हुआ। क्योंकि,अभी सीएए का सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस ने किया है।

### कांग्रेस की बस में 4 आगे से, 4 पीछे से लगा रहे धक्का, चलेगी कैसे..?

*यादव ने रीवा (सेमरिया) में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की संस्कृति को एक रस करते हुए, सबके साथ चलने का विकास का रास्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे में आया है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि बंद पड़ी बस को अगर चालू करना है तो समझदार लोग पीछे से धक्का लगाएंगे और ड्राइवर साहब खटर-पटर करेंगे हो सकता है बस चालू हो जाए, लेकिन कांग्रेस की बस ऐसे खड़ी है कि जिसमें डीजल पेट्रोल तो सब था। धक्का 4 आगे से लगा रहे हैं और 4 पीछे से। उनको समझ में नहीं आ रहा, बस चलेगी कैसे..? ये नादान की दोस्ती जी का जंजाल है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के लोग हमारे अपने देश को लजाने का काम करते हैं और वोट मांगने हम सबके पास आते हो और भगवा का अपमान करते हैं।*

**सतना में खरगे का भाजपा पर हमला**

## गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से सभी परेशान, पर वे खुश हैं...

हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया था, इसी से मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सतना में आयोजित चुनावी सभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में सभा कर रहे खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि पूरे देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्राही त्राही मची हुई है,कोई भी खुश नहीं है। हां... यदि कोई खुश है तो सिर्फ एक ही आदमी (मोदी) खुश है। सभा में खरगे ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी ने नारा दिया- सबका साथ और सबका विकास। लोग पूछ रहे- कहां है तुम्हारा विकास? कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी तो अपनी पार्टी तक का नाम नहीं लेते, कहते हैं- ये मोदी की देन है,ये मोदी की गारंटी, सब मोदी-मोदी है।

**उलगुलान रैली में भी नहीं जा सके**

## राहुल गांधी पड़े बीमार सतना- रांची दौरा 'रद्द'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है। उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सतना आए। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण सतना नहीं आ पा रहे हैं। राहुल जल्दी ही राज्य में कार्यक्रम होंगे और वह जनता से रूबरू होंगे।

■ पटवारी ने कहा कि राहुल जल्दी ही मप्र आएंगे

**खबर संक्षेप**

### मणिपुर में 11 बूथों पर आज दोबारा वोटिंग



**नई दिल्ली।** मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान सेंटरों पर 22 अप्रैल को फिर से वोटिंग की जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने आदेश जारी किया। इन बूथों पर बीते 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग के दौरान आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी। इसमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू, बामन कंपू, बामन कंपू, बामन कंपू, खोंगमान जोन, इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई आदि शामिल हैं।

### सूरत: कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज




**सूरत।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। दरअसल उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा सौंपते हुए कहा था कि नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। वहीं सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध करार दिया गया है। मुख्य विपक्षी दल शहर में चुनावी मुकाबले से बाहर हो गया है।

**पति नहीं बना पा रहा था रिलेशन**

## शादी के 17 दिन बाद ही अलग हो गया कपल

**हाईकोर्ट ने दी अनुमति**

एजेंसी ▶▶ मुंबई




बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपती की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की 'रिलेटिव इंपोटेंसी' के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता और दंपती की हताशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 'रिलेटिव इंपोटेंसी' का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है।

**जानलेवा है फूड पॉयजनिंग**

## एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

एजेंसी ▶▶ पटियाला



■ खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था

पटियाला में केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब, हाल ही में एक और ऐसा दुखद मामला सामने आया है। पटियाला में ही एक अन्य डेढ़ साल की बच्ची की चॉकलेट खाने से मौत की खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि चॉकलेट एक्सपायर हो चुकी थी।

**आयोग के नोटिस पर भड़के उद्धव**

## जो करना है कर लो, सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटाऊंगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



शिवसेना(यूबीटी) के मशाल सॉन्ग में भवानी शब्द पर चुनाव आयोग ने आपत्ति जाहिर की है। भवानी शब्द हटाने के लिए आयोग ने उद्धव ठाकरे को नोटिस दिया है। इस नोटिस को लेकर ठाकरे भड़क गए और साफ तौर पर कह दिया कि किसी भी सूरत में भवानी शब्द नहीं हटाऊंगा जो करना हैं करें। यही नहीं उन्होंने कहा कि आयोग पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे।

## पीएम ने कहा- पूरी दुनिया को हमसे उम्मीद

पीएम ने 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया




**मानवता के लिए 'सुरक्षित स्वर्ग' है भारत**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता होने के साथ-साथ मानवता के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि यह देश सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है।

**हादसों भरा रहा रविवार, अलग-अलग जगह 12 ने गंवाई जान**

## जबलपुर में हार्वेस्टर पुलिया से गिरा, 4 की मौत कार की टक्कर से बाइक पर सवार परिवार खत्म

पेड़ से टकराई बाइक में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर





मप्र में रविवार को अलग अलग सड़क हादसों में एक दर्जन लोगों की जान चली गई। जबलपुर में हार्वेस्टर पुलिया से नीचे गिरा जिससे हरियाणा निवासी 4 लोगों की मौत हो गई। इसी शहर में सुबह 18 साल का छात्र बाइक के साथ जिंदा जल गया। वहीं, बड़वानी के सेंधवा में कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की मौके पर ही जान चली गई।

**राजस्थान में ट्राला-वैन की भिड़ंत में 9 की मौत**

### बारात से लौटते समय हुआ हादसा

*झालावाड़। जिले में एक ट्राले और वैन की भिड़ंत में 9 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। वैन में 10 लोग सवार थे और मध्य प्रदेश के डूंगरी (खिलचीपुर) में शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 3 बजे भोपाल मार्ग पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। मृतकों में से 7 दोस्तों का एकसाथ अंतिम संस्कार किया गया।*






हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



**लोकसभा क्षेत्र**
धार
1 भाजपा प्रत्याशी
सावित्री ठाकुर
2 कांग्रेस प्रत्याशी
राधेश्याम मुवेल

**पिछली बार कौन जीता**
छत्तरसिंह दरबार
जीत का अंतर
1लाख 56 हजार 29

## भाजपा प्रत्याशी रह चुकीं सांसद - जिला पंचायत अध्यक्ष, कांग्रेस के मुवेल पहली बार लड़ रहे कोई बड़ा चुनाव

# धार में राधेश्याम ने खड़ी की सावित्री की राह में मुश्किल

*विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के गृह क्षेत्र धार में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर पहले भी सांसद रह चुकी है। वे जिला पंचायत अध्यक्ष भी रही हैं, जबकि कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल पहली बार कोई बड़ा चुनाव लड़ रहे हैं। फिर भी उन्होंने सावित्री ठाकुर की राह में मुश्किल खड़ी कर रखी है। मुवेल आदिवासियों से जुड़े एक संगठन के अध्यक्ष हैं। इस नाते वे उनके बीच काम करते हैं और लोकप्रिय भी। देश की राजनीतिक आबोहवा का असर धार में भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राम मंदिर की लहर के सहारे भाजपा को चुनावी वैतरणी पार करने की उम्मीद है। दूसरी तरफ कांग्रेस को आदिवासियों के पार्टी के प्रति झुकाव से उम्मीद है। इस झुकाव की बदौलत ही कांग्रेस ने क्षेत्र की 8 में से 5 विधानसभा सीटों में कब्जा कर रखा है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

## क्या रहेंगे मुद्दे?

मालवा अंचल में भोजशाला का मुद्दा हमेशा बड़ा रहा है। इसे लेकर कई बार सांप्रदायिक तनाव के हालात बनते हैं। कोर्ट के निर्देश पर इस समय भोजशाला का सर्वे चल रहा है, इसलिए चुनाव में यह मुद्दा सबसे ऊपर आ गया है। इसे लेकर मुस्लिम समाज के अपने-अपने तर्क, दावे हैं। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डाल सकता है। इसे लेकर हिंदू-मुस्लिम के बीच ध्रुवीकरण होता है। इसके अलावा भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की लोकप्रियता और राम लहर के सहारे चुनाव लड़ रही है। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा किए गए कामों का प्रचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ महंगाई, बेरोजगारी सहित कई मसलों पर कांग्रेस केंद्र की नाकामियां गिना रही है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया जा रहा है। भाजपा पर वैमनस्यता फैलाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶| भोपाल

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित प्रदेश की धार लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की सावित्री ठाकुर और कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा ने सांसद छत्तरसिंह दरबार का टिकट काट कर पूर्व सांसद सावित्री को चुनाव लड़ाया है। सावित्री 2014 में सांसद थीं। तब पार्टी ने उनका टिकट काट कर छत्तरसिंह को टिकट दिया था। छत्तरसिंह पहले भी दो बार सांसद रह चुके हैं। टिकट काटे जाने से छत्तर सिंह नाराज बताए जाते हैं। वे प्रचार में हिस्सा लेते दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।

दूसरी तरफ कांग्रेस की ओर से सबसे अच्छे दावेदार नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सुरेंद्र सिंह बघेल हनी थे, लेकिन ये चुनाव लड़ने के



सावित्री ठाकुर



राधेश्याम मुवेल

लिए तैयार नहीं हुए। कांग्रेस के राधेश्याम की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चुनाव के बीच उनका टिकट बदले जाने की चर्चा चल पड़ी थी। शिकायत थी कि भाजपा का प्रचार उफान पर है और कांग्रेस के कार्यालय तक नहीं खुले। इन अटकलों के बीच मुवेल उमंग सिंघार से मिले, इसके बाद टिकट बदलने की चर्चा पर विराम लगा। सावित्री ठाकुर सांसद रही हैं और जिला पंचायत अध्यक्ष भी, इसलिए उनके पास चुनाव लड़ने का अनुभव है। भाजपा जैसा मजबूत संगठन उनके साथ है ही। दूसरी तरफ कांग्रेस के मुबेल पहली बार कोई बड़ा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा में कांग्रेस ने 5 सीटें जीती हैं, लेकिन कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं। कांग्रेस के विधायक भी उस तरह काम करते नजर नहीं आ रहे, जैसा उन्होंने खुद अपना चुनाव लड़ा। मुद्दों के धरातल पर भी भाजपा मजबूत है। भाजपा के सांसद छत्तरसिंह नाराज हैं तो कांग्रेस के पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी भी पार्टी छोड़कर भाजपा में चले गए हैं। राजूखेड़ी भी धार से तीन बार सांसद रहे हैं और एक भी चुनाव नहीं हारे। फिर भी कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो उन्होंने पार्टी छोड़ दी। धार लोकसभा सीट की जवाबदारी उमंग सिंघार ने ले रखी है।

### विधान सभा चुनाव में पिछड़ गई भाजपा

धार में भारतीय जनता पार्टी का कमजोर पहलू यह है कि 4 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस से पिछड़ गई। लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 8 में से 5 विधानसभा सीटें कांग्रेस जीत गई, जबकि भाजपा को सिर्फ 3 सीटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस का पांच सीटों में जीत का अंतर 79 हजार 819 वोट रहा, जबकि भाजपा तीन सीटें 44 हजार 442 वोट के अंतर से जीती। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से लगभग 35 हजार वोटों का यह अंतर ज्यादा नहीं है। इससे भी पता चलता है कि धार में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। पिछले चुनाव पर नजर डालें तो 2018 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने 8 में से 5 सीटें जीती थीं और भाजपा के खाते में 3 सीटें गई थीं, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा लगभग डेढ़ लाख वोटों के अंतर से जीत गई थी। माहौल को देख कर लगता है कि यह इतिहास फिर दोहराया जा सकता है।

### धार लोकसभा क्षेत्र में इंदौर का भी एक हिस्सा

भौगोलिक दृष्टि से धार लोकसभा क्षेत्र में इंदौर का भी एक हिस्सा आता है। इसके तहत धार जिले की 7 और इंदौर जिले की एक विधानसभा सीट डॉ अंबेडकर नगर महू आती है। महू भाजपा का गढ़ है। भाजपा की ऊषा ठाकुर यहां से विधायक हैं। विधानसभा का चुनाव वे 34 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती हैं। शेष 7 सीटों में से 5 सरदारपुर, गंधवानी, कुक्षी, मनावर, धरमपुरी धार जिले की आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित सीटें हैं जबकि धार और बदनावर सामान्य हैं। आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 5 में से 4 सीटें कांग्रेस के पास हैं। इससे इस वर्ग के कांग्रेस की ओर झुकाव का पता चलता है। इसके विपरीत सामान्य वर्ग की 3 सीटों से 2 भाजपा के पास हैं और कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। इससे पता चलता है कि सामान्य वर्ग भाजपा के साथ ज्यादा खड़ा है।

अनारक्षित सीटों के क्षेत्र में आदिवासी वर्ग की तादाद बहुत कम है। यहां से भाजपा को ज्यादा उम्मीद है जबकि कांग्रेस आदिवासी और मुस्लिम वर्ग पर भरोसा कर चल रही है। जहां तक सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो बीते 8 लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने 4-4 जीते हैं। इस बार भी निर्णय किसी के भी पक्ष में जा सकता है।

### आदिवासी भिलाला, भील समाज की तादाद ज्यादा

धार लोकसभा क्षेत्र आदिवासी बहुल है। यहां भिलाला और भील आदिवासियों की तादाद सबसे ज्यादा है। भाजपा की सावित्री ठाकुर और कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल दोनों भिलाला आदिवासी हैं। इसलिए इस समाज के वोटों का बंटवारा हो सकता है। कांग्रेस के आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया इसी समाज से हैं। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र में पाटीदार, सिरवी, जाट के साथ पिछड़ वर्ग के मतदाताओं की बड़ी तादाद है। सामान्य वर्ग का मतदाता बदनावर, महू और धार में ज्यादा है। समाजों को अपनी ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से भाजपा-कांग्रेस संबंधित समाजों के नेताओं को प्रचार के लिए तैनात कर रही है। लोगों का कहना है कि यहां हिंदू मुस्लिमों के बीच ध्रुवीकरण ज्यादा होता है।

## आमने/सामने

### टूरिस्ट की तरह पॉलिटिक्स करते हैं राहुल-प्रियंका: ओपी



*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा, प्रियंका और राहुल गांधी टूरिस्ट की तरह पॉलिटिक्स करते हैं। दोनों नेता पार्ट टाइम पॉलिटिशियन है। राहुल और प्रियंका कभी-कभी राजनीतिक पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ आ जाते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ को अपना एटीएम बनाकर लूटा है। थोड़ा बहुत आकर्षण बचा है इसलिए टूरिज्म के लिए आ रहे हैं। गांधी परिवार की राजनीति को स्वीकार करने के लिए जनता*

### ओपी एक्सीडेंटल पॉलिटिशियन-बैज



*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ओपी चौधरी एक्सीडेंटल पॉलिटिशियन हैं। उन्हें अनुभव की कमी है। राहुल-प्रियंका के दौरे से भाजपा में डर पैदा हो गया है, इसलिए वे उनका उपहास उड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 10 साल सत्ता में रहने के बाद नरेंद्र मोदी के पास आज भी कांग्रेस को कोसने के सिवा कहने बताने को और कुछ नहीं है। कोई ऐसा काम नहीं किया जिसको गिनाये, कोई बड़ी उपलब्धि नहीं, जिसके नाम पर वोट मांग सकें।*

## भूपेश गमछा, टोपी और हल्का भोजन और संतोष पांडेय गर्मी से बचने के लिए जेब में रख रहे हैं प्याज

- बघेल ने कहा जनता और कार्यकर्ता भी जुटे हैं, उन्हें देख मिलती है ऊर्जा
- संतोष पांडेय चना -मुर्रा, खीरा, चिवडा का स्वल्पाहार कर घूम रहे गांव-गांव

*गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। आसमान तप रहा है और जमीन गर्म है। हाल यह है कि दोपहर को घर से निकलना दूभर हो रहा है। ऐसी भीषण गर्मी में लोकसभा उम्मीदवार घूम भी रहे हैं और चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। हरिभूमि ने राजनांदगांव प्रत्याशी भूपेश बघेल और संतोष पांडेय की दिनचर्या जानी।*

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव*

भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का हौसला कम नहीं हो रहा है वे पिछले 15 दिनों से एक दिन में 30 गांवो में न सिर्फ जनसंपर्क कर रहे है बल्कि सभाओ के जरिए वे ग्रामीण मतदाताओं से सीधे संवाद की स्थिति भी निर्मित कर रहे है। गर्मी से बचने वे गमछा, टोपी और हल्का भोजन लेकर वे गांवों का दौरा कर रहे है।

### जनसंपर्क से देर रात वापसी

कार्यकर्ताओं के साथ आज शुक्रवार को साल्हेवारा इलाके में दौरे के दौरान उन्होंने हमेशा की तरह भाजपा कार्यकर्ता के यहां दोपहर का भोजन किया। रास्ते में स्वल्पाहार के रूप में चना, मुर्रा, चिवडा, मौसमी फल का भी उपयोग वे कार्यकर्ताओं के साथ करते देखे गए। श्री पांडे ने चर्चा के दौरान बताया कि वे सुबह 9-साढ़े 9 बजे सेंटर से निर्धारित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं से जनसंपर्क करने के लिए निकल पड़ते हैं और देर रात वापस सेंटर पहुंचते हैं। भीषण गर्मी के बीच स्वयं को फिट रखने के लिए हल्का भोजन फल-शीतल जल का उपयोग करते हैं। रात गुजरी नहीं रहती और दूसरे दिन के दौरे की तैयारी शुरू हो जाती है। रात में कुछ घंटे विश्राम करते हैं।





### भूपेश गर्मी से बचने के लिए टोपी और गमछा

भिलाई स्थित अपने निवास स्थान से सुबह नौ बजे राजनांदगांव के लिए रवाना होने के पहले श्री बघेल ने हल्का नाश्ता किया। इसके बाद वे काफिले के साथ राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। जनसंपर्क के लिए जैसे ही वे पहले गांव कबीरधाम के पनेका पहुंचे उन्होंने टोपी पहनी और गमछा डालकर वे ग्रामीणों से रूबरू हुए। सुबह नौ बजे से रात 12 बजे तक वे करीब तीस गांवों का दौरा कर रहे है। वे कहते है कि ग्रामीणों के साथ बैठकर बातचीत करने में ही उनकी थकान मिट जाती है। उनका कहना है कि ग्रामीणों का उत्साह देखकर उन्हें बेहद खुशी मिलती है। दौरे के बीच जैसे ही दोपहर हुई उन्होने कबीरधाम के सूखाताल गांव में रूककर अपने कार्यकर्ता के घर में भोजन किया। भीषण गर्मी के बाद भी गांवों में अच्छी खासी भीड़ भी दिखाई दी। भोजन के बाद वे भालु चुवा गांव के लिए रवाना हुए। हर गांव में करीब 20 मिनट रूकने के बाद वे सीधे ग्रामीणों से रूबरू होते रहे। शाम को उन्होंने खैरबना गांव में एक कार्यकर्ता के घर में चाय पी। देर रात तक दौरे के बाद भी श्री बघेल के चेहरे में थकान दिखाई नहीं दे रही थी। वे कहते है कि पिछले एक माह से लगातार दौरे में उन्हें अच्छा खासा समर्थन मिल रहा है। वे कहते है कि जिस गांव में भी वे जा रहे है वहां के लोग यहीं कह रहे है कि उन्होने आज तक सांसद को नहीं देखा है।

### पानी, खीरा, नारियल पानी रास्ते का सहारा

*घरों में, रास्तों में एवं गांव के चौक-चौराहों में जहां लोग मिल जाते हैं, वहां वे रूककर न सिर्फ बातचीत कर अपने पक्ष में मतदान और आशीर्वाद की अपील करते नजर आते हैं। सिर पर तेज धूप से बचने के लिए गमछा बांधे पसीने से तरबतर अपने कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर दस्तक देना भी नहीं भूलते। इस बीच भीषण गर्मी से स्वस्थ रहने के लिए खीरा, केला, नारियल पानी एवं पानी का कुछ समय के अंतराल में सेवन करते हैं।*

### संतोष पांडेय रखते हैं जेब में प्याज

**राजनांदगांव।** भभकती गर्मी के बीच मतदाताओं से रूबरू जनसंपर्क करने के लिए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे सुबह नौ बजे सेंटर से ग्रामीण इलाकों के लिए निकल पड़ते हैं। धूप का असर और लू से बचने के लिए वे अपने कुर्ते के जेब में गोंदली (प्याज) रखना नहीं भूलते। वहीं रास्ते में चना-मुर्रा, खीरा, चिवडा का स्वल्पाहार कर मतदाताओं के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। अप्रैल माह के मध्यान्ह में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। तापमान लगभग 42 डिसे तक पहुंच रहा है। ऐसे में समीप लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से रूबरू होकर आशीर्वाद लेने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। श्री पांडे सुबह लगभग 9-साढ़े 9 बजे से जनसंपर्क में निकल जाते हैं और देर रात तक अपने सेंटर में वापस लौट पड़ते हैं।

## मोदी चाहते हैं चीन का माल भारत में बिके और अरबपतियों को फायदा होः राहुल गांधी

**अमरोहा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि चीन का माल भारत में बिके और अरबपतियों को उसका फायदा हो। राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' गठबंधन के उत्तर प्रदेश में प्रमुख घटक सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ अमरोहा में कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के समर्थन में मंच साझा किया। राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, ''नरेन्द्र मोदी एक तरफ 'मेक इन इंडिया' कहते हैं और दूसरी तरफ जो लोग मेक इन इंडिया कर सकते हैं जैसे छोटे व्यापारी, कारीगर उनके लिए वो नोटबंदी और जीएसटी कर देते हैं। वह उनको खत्म कर देते हैं।'' गांधी ने मोदी पर आरोप लगाया कि, ''...उनको कोई 'मेक इन इंडिया' नहीं चाहिए...उन्हें सिर्फ 'मेक इन चाइना' चाहिए...क्योंकि वो चाहते हैं कि चीन का माल भारत में बिके और अरबपतियों को उसका फायदा हो...।

### जीएसटी का पैसा आपकी जेब से जाता है

जीएसटी के बारे में गांधी ने कहा, ''पैसा कहां से आता है? जीएसटी से आता है...आपका पैसा है...आप अगर 500 रुपये की शर्ट खरीदते हो तो जितनी जीएसटी



आप देते हो, उतनी ही जीएसटी अडाणी देते हैं...आपकी आय हजारों में है, उनकी हजारों करोड़ में...मगर जितनी जीएसटी आप देते हो, उतनी जीएसटी वो (अडाणी) देते हैं...ये भारत की सच्चाई है...ये 20-25 बड़े अरबपति चीन का माल भारत में बेचते हैं...।

**मोदी ने लाखों करोड़ों रुपए अरबपतियों को दिए**

राहुल गांधी ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी ने लाखों करोड़ों अरबपतियों को दिया है...मैं आपको बताता हूं कि मोदी ने जितना पैसा अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम हिंदुस्तान के गरीबों को देने जा रहे हैं...अच्छा लगे या ना लगे, हम ये काम करने वाले हैं..।'' उन्होंने दावा किया, ''मोदी ने 16 लाख करोड़ रुपये अरबपतियों का कर्ज माफ किया और मैं सिर्फ एक बात कह रहा हूं कि अगर उनका (अरबपतियों) कर्ज माफ होगा तो किसानों का भी होगा... अगर उनको पैसा मिलेगा तो मजदूरों को, किसानों को, बेरोजगार युवाओं को भी मिलेगा।

## देशभर के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर हुई पहले चरण में वोटिंग

# बहिष्कार : कहीं नहीं पहुंचे मतदाता, तो कहीं पड़े महज 3 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश भर के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को पहले चरण में वोटिंग हुई। इस दौरान कई राज्यों में मतदाताओं ने अपनी-अपनी शिकायतों को लेकर लोकसभा चुनावों का बहिष्कार किया है। समुचित बुनियादी सुविधा नहीं होने से लेकर अधूरे वादों को लेकर मतदाताओं ने वोटिंग का बहिष्कार किया। आईए, जानते हैं कि पहले चरण की वोटिंग के दौरान कौन-कौन सी जगहों पर वोटिंग का बहिष्कार किया गया।

### राजस्थान के गांवों में वोटिंग का बहिष्कार

राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र के दसानु और दैयान गांवों में, ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं के अभाव और मतदान केंद्रों के दूर स्थित होने का हवाला देते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लेने से इनकार कर दिया। प्रशासन की बार-बार अपील के बावजूद, ग्रामीण बेहतर बुनियादी ढांचे की मांग करते हुए, चुनाव का बहिष्कार करने के अपने फैसले पर अड़े रहे।

*तमिलनाडु के कांचीपुरम नहीं किया मतदान*

*तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में, कुदालूर लोकसभा क्षेत्र के चार गांवों के मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। मतदाताओं का कहना था कि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया।*



### धौलपुर जिले में भी हुआ वोटिंग का बहिष्कार

राजस्थान धौलपुर जिले के गुजर्रा कला गांव के लोगों ने सड़क बीते एक दशक से सड़क नहीं बनने से नाराज होकर वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। लोगों का कहना था कि पिछले 15 वर्षों से स्थिति बदतर होती जा रही है। बच्चों को स्कूल जाने और बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### उत्तराखंड में कई जगहों पर मतदान का बायकॉट

उत्तराखंड के बागेश्वर व टिहरी में, ग्रामीणों ने बेहतर सड़कों और पुलों की मांग पूरी नहीं होने के कारण, टिहरी संसदीय क्षेत्र के चकराता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 12 गांवों में मतदाताओं ने चुनाव को सिरे से नकार दिया। परिणामस्वरूप, इन गांवों के लिए निर्धारित पांच बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा, क्योंकि 3,000 से अधिक मतदाताओं ने मतदान नहीं किया।

### गंगाशहर में पोलिंग एजेंट्स पर हमला

राजस्थान के ही गंगाशहर में नोखा रोड पर मतदान केंद्र संख्या 14 पर स्थिति में नाटकीय मोड़ आ गया, जहां गुस्साए ग्रामीणों ने हताशा में आकर पोलिंग एजेंटों पर हमला कर दिया और मतदान से दूर रहने का फैसला किया। एक प्राथमिक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र के बाहर, गांव के 744 मतदाताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

### ट्रांसफार्मर नहीं मिलने के कारण बायकॉट

उत्तर प्रदेश के दमखौदा ब्लॉक के इनायतपुर गांव में, निवासियों ने पिछले पांच वर्षों से अपने गांव में ट्रांसफार्मर नहीं होने के कारण मतदान का बहिष्कार कर अपनी नाराजगी जाहिर की। मंत्रियों और अधिकारियों की अपील के बावजूद, ग्रामीण अड़े रहे काफी कोशिशों के बावजूद सिर्फ तीन लोगों ने मतदान किया।

*सड़क नहीं मिली तो नहीं डाले वोट : मध्य प्रदेश के जबलपुर के पास एक गांव में बार-बार अनुरोध के बावजूद अधिकारियों द्वारा सड़क नहीं बनाने पर ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया। अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों को मनाने की काफी कोशिश हुई लेकिन वोटर्स मतदान करने के लिए तैयार नहीं हुए।*

जबलपुर
सोमवार, 22 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 18, अंक : 345
पृष्ठ : 2+12=14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 40
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8
ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत


मैट्रो
12 हार्वेस्टर पुल से गिरा 3 की मौत....




## राजस्थान में गरजे पीएम मोदी, विपक्षी दलों को निशाने पर लिया

# कांग्रेस को बताया 'अस्थिरता' का प्रतीक, माताओं-बहनों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसाया, अब सजा भोग रही,लुंबाराम को वोट यानी मोदी को वोट

एजेंसी ▶▶ जालोर

पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले फिर राजस्थान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के भीनमाल में कहा कि कांग्रेस अस्थिरता का प्रतीक है।

आज कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि उसके पास उम्मीदवार तक नहीं हैं। भीनमाल में उमड़े हजारों लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र की उज्ज्वला गैस योजना और पीएम आवास समेत विभिन्न योजनाओं का ब्योरा रखा। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेसराज के समय सरकार रिमोट कंट्रोल से चलती थी। उन्होंने नाम लिए बिना सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग चुनाव जीत नहीं सकते हैं उनको राज्यसभा के जरिए जीता कर बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। पीएम मोदी ने अपनी गारंटियों को दोहराया।उन्होंने रैली में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि आपको हर पोलिंग बूथ जीतना है। हर बूथ पर भाजपा का झंडा ऊपर रहना चाहिए। लुंबाराम को वोट यानी मोदी को वोट। आपका एक-एक वोट मोदी को मजबूत बनाएगा। गाजे बाजे के साथ मतदान करने जाएं। 26 अप्रैल को मतदान दिवस को गर्व दिवस में बदल दें।

**जालोर में गरजे आपका सपना मेरा संकल्प**



### विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा करूंगा

पीएम मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान के बाजरे को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाना है। विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा करना है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर को नल से जल देने का काम तेजी से पूरा हो रहा है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने तो इसमें भी घपला कर डाला।

### *400 सांसदों वाली पार्टी आज 300 सीट पर नहीं लड़ पा रही*

*पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार देश को नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए।कांग्रेस की कमजोर सरकार आते-जाते लोग भी धमकाते थे. हर कोई देश को लूटने में जुटा था. प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी।*

**कटिहार में बोले गृह मंत्री शाह**

### लालू ने बिहार में जंगल राज ला दिया था, अब फिर लालटेन युग न आए



बिहार के कटिहार जिले के राजेंद्र स्टेडियम में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा में अपने संबोधन की शुरुआत के साथ ही लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने और पीएम नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। शाह ने कहा कि त्रिमुहानी संगम की इस पवित्र भूमि कटिहार को प्रणाम करता हूं।

**राजनाथ ने संदेशखाली मामले को लेकर ममता को घेरा**

### भाजपा का झंडा फहराएं, ऐसी घटना को दोहराने की कौन करेगा जुर्रत?



भाजपा के सीनियर नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता बेनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं।

**नड्डा का विपक्ष पर तीखा प्रहार**

### वोट बैंक की राजनीति करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाएं



**बुलढाणा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक जनसभा में कहा कि पहले देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान अच्छे नारे लगाते थे, लोक-लुभावन वादे करते थे और चुनाव के बाद भूल जाते थे।वे वोट बैंक की राजनीति करते थे। इलाके को इलाके से लड़ाना, जाति से जाति से लड़ाना, धर्म को धर्म से लड़ाकर और लोगों को विभाजित करके सत्ता तक आने का रास्ता प्रशस्त करते थे।मोदी जी के आने के बाद भारत की राजनीति, मतदाता के प्रति जिम्मेदारी की राजनीति हो गई।

**हमीरपुर में कांग्रेस पर बरसे अनुराग**

### 40 सीटों पर इनकी लड़ाई राहुल गांधी की सोच



केंद्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में कांग्रेस पर निशाना साधा। अनुराग ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब हथियारों के नाम पर दलाली करती थी और अब सत्ता से बाहर होने के बाद देश को कमजोर करने के लिए इस तरह के बयान दे रही है।कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई है और कांग्रेस शासित कर्नाटक में जहां पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के अलावा बम विस्फोट होते हैं।

**राहुल ने सरकार पर लगाए आरोप**


### ट्रेन के टॉयलेट में सफर करते यात्रियों का वीडियो साझा किया



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए पर रेलवे को अयोग्य बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र रेलवे को अयोग्य साबित कर इसे अपने दोस्तों को बेचने वाली है। इसी के साथ कांग्रेस नेता ने लोगों से मोदी सरकार को हटाकर आम आदमी के परिवहन को बचाने की अपील की है।राहुल ने रेलवे के बाथरूम और फर्श पर बैठकर यात्रा करने वाले यात्रियों की एक वीडियो शेयर कर मोदी सरकार को घेरा है। पीएम के नेतृत्व में ट्रेन से यात्रा करना अब सजा बन गया है।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा के बीच दुबई से मुंबई लौटे सलमान



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान वैसे तो अक्सर ही चर्चा में रहते हैं, लेकिन उनके फैंस तब सहम गए, जब 14 अप्रैल की सुबह उनके घर (गैलेक्सी अपार्टमेंट) के बाहर फायरिंग हुई। डराने वाली हरकतों का कोई असर नहीं पड़ता है। वे काम में मशगूल हैं। घर पर फायरिंग के बाद वो दुबई निकल गए और वापस भी आ गए हैं।

### जवानों से भरी बस पलटी 12 जवान घायल



**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों से भरी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई है। बस दुर्घटना में 12 से अधिक जवानों के घायल होने की खबर है। 3 जवानों को गंभीर चोट लगी है।घायल जवानों को उपचार के लिए ढिमरापाल अस्पताल पहुंचाया गया है।

### दिल्ली में भाई-बहन का कत्ल, मां भी गंभीर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांडव नगर स्थित शशि गार्डन में नाबालिग भाई-बहन की हत्या कर दी गई, जबकि इनकी मां पर जानलेवा हमला किया गया। हत्या का शक बच्चों के पिता पर था, जिसका शव आनंद विहार में रेलवे ट्रैक पर मिला है। मृत बच्चों की शिनाख्त कार्तिक चौरसिया और आस्था के रूप में हुई है।

## झारखंड में विपक्षी गठबंधन की महारैली में दिखा बड़ा 'तमाशा'

# 'उलगुलान रैली' में एकजुटता हो गई तार तार, दिखा अपनी ढपली और अपना राग

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची से बड़ी खबर है। जहां इंडिया गठबंधन की रैली में जमकर मारपीट हुई है। दरअसल रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की ओर से उलगुलान रैली का आयोजन किया गया था।

इस रैली के दौरान झारखंड की चतरा लोकसभा सीट पर केएन त्रिपाठी की उम्मीदवारी को लेकर पहले तो आरजेडी और कांग्रेस समर्थक आपस में उलझ गए। फिर देखते ही देखते आरजेडी और कांग्रेस समर्थकों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। चतरा सीट पर कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है।

**रांची के प्रभात तारा मैदान में खुद का ही हो गया 'पर्दाफाश'**



### फिल्म आने से पहले ट्रेलर आ गया

त्रिपाठी के खिलाफ आरजेडी ऑफिस में काफी नाराजगी देखी गई। आरजेडी ऑफिस में क त्रिपाठी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं के बीच कुर्सी फेंक कर तोड़फोड़ किए जाने पर मुख्य सचेतक विरोधी दल बिरंचि नारायण ने कहा कि फिल्म आने से पहले ही ट्रेलर आ गया। लोगों ने देख लिया इस गठबंधन का चरित्र, इस गठबंधन में सभी जमुरे और जोकर लोग है। इस गठबंधन से झारखंड की जनता का भला नहीं होने वाला है।

**सुनीता केजरीवाल बोलीं**

### अरविंद को जेल में मारने की साजिश



दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में इंडी गठबंधन की रैली को संबोधित कर रही थीं।

**कल्पना ने पढ़ा सोरेन का पत्र**

### बेवजह जेल में बंद करके रखा



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने रैली में हेमंत सोरेन का पत्र पढ़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे बिना किसी वजह जेल में बंद क्ररके रखा है। उसी तरह 'केजरीवाल को जेल में रखा है। आजाद ये ऐसी पहली स्थिति है जब चुनाव से पहले शीर्ष नेताओं को जेलके अंदर डाल दिया गया।

**उधर, ममता का भाजपा पर आरोप**

### हम सुरक्षित नहीं



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने दावा किया है.। सीएम ने कहा है कि वह और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि मुझे और मेरे भतीजे अभिषेक को भाजपा निशाना बनाने की कोशिश कर रही है।

## इंडी गठबंधन की रैली में सिर फुटव्वल

# कुर्सियां तोड़ीं, सिर फोड़े, आपस में ही भिड़ गए कई कार्यकर्ता



एजेंसी ▶▶ रांची

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को रांची में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महारैली हो रही है। यहां से विपक्षी दल पीएम मोदी और बीजेपी पर हमलावर हैं। इस महारैली के दौरान ही दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सी फेंकते और झगड़ते नजर आ रहे हैं। रांची में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान यह सामने आया, कि भले ही शीर्ष स्तर पर एक दूसरे के विरोधी रहे नेता मोदी विरोध में एकजुट हो गए हैं, लेकिन जमीन पर कार्यकर्ताओं में अभी भी काफी रोष है।

### टिकट वितरण व सीट शेयरिंग को लेकर थी नाराजगी

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच काफी मारपीट देखने को मिली। ये कार्यकर्ता एक दूसरे के ऊपर कुर्सी और लाठी से हमला करते नजर आ रहे हैं। इस घटना में कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए। वीडियो में एक शख्स के सिर से खून भी बहता नजर आ रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच इस टकराव की वजह पर सामने आया कि ये सभी टिकट वितरण और सीट शेयरिंग को लेकर खफा थे।नतीजा ये वे आपस में एक दूसरे पर ही हमला बोलने लगे। बता दें कि चतरा सीट पर विवाद के चलते राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव देखने को मिला।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा

# सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत, दो अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ यमुनागर

यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात्रि सड़क हादसे में 5 लोगो की मौत और दो लोग घायल हो गए। यह सभी लोग दिल्ली से देवरिया शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर टकराने से हादसा हो गया। हादसे में चंदन कुमार नोएडा, सुदेश कुमार विहार, संजीव शर्मा , गौतम कुमार पटना की मौके पर मौत हो गई। वहीं प्रवीण विहार रविवार सुबह इलाज के दौरान खतम हो गया। घायलों में राहुल यादव नोएडा, अजय कुमार गाजियाबाद, कुलदीप यादव नोएडा की स्थिति गंभीर है। घटना रात्रि दो बजे की बताई जा रही है। हादसे का कारण ओवरस्पीड डिवाइडर से टकराना बताया जा रहा है। 4 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दी जानकारी

**सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ने दिया डेटा**

# ईपीएफओ ने फरवरी में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े अब तक इसमें15.48 लाख सदस्य हो चुके शामिल

### *रोजगार के मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रोजगार के मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं। करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने यह जानकारी दी है।




### अनंतिम पेरोल आंकड़े किए जारी

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के महीने में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। फरवरी, 2024 के दौरान पहली बार करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने नामांकन कराया है। इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के अधिकांश सदस्य हैं। इनकी संख्या फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.36 फीसदी है। यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं।

### 11.78 लाख सदस्य फिर से जुड़े

पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजना से बाहर निकल गए थे, वो फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए हैं। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। मंत्रालय के मुताबिक इन्होंने अपने कोष को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना।

### *करीब 2.05 लाख महिला सदस्य*

*ईपीएफओ में फरवरी में शामिल 7.78 लाख नए सदस्यों में से करीब 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके अलावा इस दौरान जोड़े गए शुद्ध महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही। ईपीएफओ के आंकड़ों से यह पता चलता है कि महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।*

# समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने 'पूर्वी लहर' अभ्यास

समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की तैयारी

अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बल शामिल

**भारतीय वायुसेना ने किया अभ्यास का संचालन**

**विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन किया गया**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की दिशा में भारतीय नौसेना ने पूर्वी समुद्र तट पर 'पूर्वी लहर' अभ्यास का संचालन किया। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के परिचालन नियंत्रण में यह अभ्यास किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों ने भाग लिया। एक्सपीओएल को कई चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें सामरिक चरण के दौरान वास्तविक परिदृश्य में युद्ध प्रशिक्षण और हथियार चरण के दौरान लक्ष्य तक आयुध पहुंचाने की भारतीय नौसेना की क्षमता की पुष्टि के लिए विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन आदि शामिल थे।



**बलों ने मूल्यवान सबक सीखे**

अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले बलों ने वास्तविक परिस्थितियों में मूल्यवान सबक सीखे, जिससे क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उनकी तैयारी और बेहतर हुई। एक्सपीओएल 2024 का सफल समापन, समुद्री क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प की पुष्टि करता है।

**संचालन पर रखी गई पूरी नजर**

*विभिन्न स्थानों से विमानों के परिचालन के साथ, अभ्यास के पूरे क्षेत्र में निरंतर समुद्री क्षेत्र जागरूकता बनाए रखी गई। पूर्वी नौसेना कमान की परिसंपत्तियों के अलावा इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना, अंडमान और निकोबार कमान और तटरक्षक बल की परिसंपत्तियों को भी शामिल किया गया था, जो सेनाओं के बीच बहुत उच्च स्तर की अंतरसंचालनीयता का संकेत देती है।*

---

## थोटाकुरा का सपना होगा पूरा, वे 6 सदस्यों में शामिल

बताई दिल की बात

# जेफ बेजोस के स्पेस मिशन में गोपी बनेंगे पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेफ बेजोस के अंतरिक्ष स्टार्टअप ब्लू ओरिजिन ने इस महीने 6 सदस्यीय दल का खुलासा किया, जो उसके एनएस-25 मिशन पर उड़ान भरेगा। इसमें अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के गोपी थोटाकुरा भी शामिल हैं।

गोपी के अलावा इस दल में एड ड्वाइट भी हैं, जो 1961 में पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री थे, जिन्हें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने एयरोस्पेस रिसर्च पायलट स्कूल में प्रशिक्षण में प्रवेश



के लिए चुना था। थोटाकुरा इतिहास में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनेंगे। बेजोस का लक्ष्य अंतरिक्ष में कलाकारों, कवियों और शिक्षकों को कर्मन रेखा (पृथ्वी की 80 से 100 किमी ऊपर जहां से अंतरिक्ष शुरू होता है।) से परे ले जाना है।

**अमेरिका के अटलांटा में चलाते हैं वेलनेस कंपनी**

गोपी अटलांटा में अपने पिता के साथ रहते हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वेलनेस कंपनी चलाते हैं। उनके लिए उड़ान भरना रोज का काम नहीं है, लेकिन वह अब भी सूर्यास्त के समय कुछ शौकिया उड़ान करते हैं। गोपी ने कहा कि हम सब लोग रोजाना उठते हैं और आकाश की ओर देखते हैं। एक बार मैं वहां जाकर अपनी नंगी आंखों से पृथ्वी को देखना चाहता हूं। उड़ना मेरा जुनून है और अंतरिक्ष में जाना अंतिम सपना है।

**पिता ने उनके शौक को दी थी ऊंची उड़ान**

*गोपी थोटाकुरा गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाया करते थे, तो उनके पिता ने उन्हें अपने इस शौक और सपने को बेरोकटोक जारी रखने के लिए कहा। उनके पिता का यह समर्थन तब पूरा होगा जब 30 वर्षीय भारतीय पायलट जेफ बेजोस के स्वामित्व वाले ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड की 25वीं उड़ान में 6 सदस्यीय चालक दल के हिस्से के रूप में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनकर जाएगा।*

---

*दुनियाभर में बढ़ जाएगी कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें*

**भारत को भी लगेगा झटका, 90 डॉलर पर पहुंचे दाम**

# अगर ईरान ने रोका 40 किमी चौड़ा रास्ता तो तेल को तरसेगी दुनिया

एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। संघर्ष के बाद



से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं।

**क्या है होर्मुज जलडमरूमध्य?**

होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच 40 किमी चौड़ी समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं।

---

## फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली रक्षा बलों की एक यूनिट पर प्रतिबंध!

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका उठाएगा सख्त कदम, नेतन्याहू हुए आगबबूला



*इजराइली सेना की बेहद कट्टर सैनिकों की यूनिट नेत्जाह येहुदा के खिलाफ अमेरिका बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।*

- *इजराइल बोला-यह 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' है*
- *नेत्ज़ाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे*
- *इजराइली सेना की टुकड़ी का नाम 'नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन' है*

**किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन की यह पहली कार्रवाई होगी**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब खबर है कि अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) की एक यूनिट पर प्रतिबंधों की घोषणा कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। इजराइली सेना की इस टुकड़ी का नाम नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन है।

**हथियारों पर रोक...**

*लीही कानूनों के तहत, नेत्ज़ाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे या अमेरिकी फंडिंग के साथ किसी भी गतिविधि में भाग नहीं ले पाएंगे। इन प्रतिबंधों से बटालियन को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण पर भी रोक लग जाएगी। नेत्ज़ाह येहुदा दक्षिणपंथी उग्रवाद और फ़िलिस्तीनियों के ख़िलाफ़ हिंसा को लेकर पिछले कई दिनों से विवादों में घिरी रही है। इसमें 78 साल के फ़िलिस्तीनी-अमेरिकी नागरिक उमर असद की मौत भी शामिल है, जिनकी बटालियन के सैनिकों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मौत हो गई थी।*

**इजराइल ने की अमेरिका की निंदा**

*अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने ऐसी कार्रवाई को 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' करार दिया है। नेतन्याहू ने ट्वीट किया कि इजराइल रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाए जाने चाहिए! इसमें वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 'ऐसे समय में जब हमारे सैनिक आतंक के राक्षसों से लड़ रहे हैं, आईडीएफ की एक इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा ठीक नहीं है। मेरी सरकार इन कदमों के खिलाफ हर तरह से कार्रवाई करेगी।*

**यह पैदल सैनिकों की टुकड़ी है**

बता दें कि नेत्ज़ाह येहुदा, बेहद कट्टर पैदल सैनिकों की टुकड़ी है। इसमें केवल ऐसे ही सैनिक शामिल होते हैं जो अपनी मान्यताओं से समझौता किए बिना स्वतंत्र रूप से फोर्स की सेवा कर सकते हैं। इन सैनिकों को महिला सैनिकों के साथ बातचीत करने की अनुमति नहीं है और उन्हें धार्मिक अध्ययन एवं प्रार्थना के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है। दिसंबर 2022 में इज़रायल ने इस यूनिट को वेस्ट बैंक से बाहर ट्रांसफर कर दिया था और तब से यह ज्यादातर देश के उत्तरी हिस्सों में सेवा दे रहा है।

**युद्ध की कगार से पीछे हटते नजर आ रहे ईरान और इजराइल**

*ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के अब कम होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका ने आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम सहित इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी। ऐसे में ईरान और इजराइल संघर्ष की कगार से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए इजराइल की कथित जवाबी कार्रवाई को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सहायता बिल का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा कि यह इजराइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है।*

---


## खबर संक्षेप

### पाक में आतंकियों ने की 1 सैनिक समेत 3 की हत्या



**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को 2 आतंकी घटनाओं में बाइक सवार अज्ञात लोगों ने फ्रंटियर कोर के 1 सैनिक और 2 सरकारी अधिकारियों की हत्या कर दी। दोनों घटनाएं प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुईं। यारक टोल प्लाजा पर बंदूकधारियों ने एक सरकारी वाहन पर हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और सीमा शुल्क खुफिया विभाग के दो अधिकारी घायल हो गए।

### तालिबान को आतंकवादी सूची से हटाएगा रूस



**मास्को।** अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। पहले भी तालिबान के साथ चर्चा की है।

---

मुइज्जू को भारत से पंगा लेना पड़ सकता है महंगा

# मालदीव में संसदीय चुनाव की वोटिंग मुइज्जू का होगा कड़ा इम्तिहान

एजेंसी ▶▶ माले

पड़ोसी देश मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। भारत से जारी राजनयिक विवाद के बीच रविवार को हो रहे इस चुनाव पर भारत के साथ-साथ चीन की भी नजर है। इसके अलावा भारत विरोधी रुख अपनाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए भी यह एक शक्ति परीक्षण की तरह है।

सितंबर 2023 में मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही मालदीव का रुख चीन की ओर झुका हुआ है। इस चुनाव में 8 राजनीतिक पार्टियां के कुल 368 उम्मीदवार मैदान में हैं।



93 निर्वाचन क्षेत्रों में 2.8 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग ने तीन मतदान केंद्र (कोलंबो, त्रिवेन्द्रम और क्वालालंपुर) विदेशों में भी बनाए हैं।

**मुइज्जू के पास बहुमत नहीं**

*संसदीय चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि संसद में बहुमत नहीं होने के कारण मुइज्जू के लिए नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। मालदीव संविधान के तहत संसद के सभी निर्णयों और सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयकों को संसदीय बहुमत से पारित कराना आवश्यक होता है। मोहम्मद मुइज्जू के पीपीएम-पीएनसी गठबंधन ने इंडिया आउट का नारा देकर सितंबर 2023 में राष्ट्रपति चुनाव जीता था। मुइज्जू ने मोहम्मद सोलिह को शिकस्त दी थी।*

---

### नदी में डूबी नाव, 58 लोगों की हुई मौत

**बांगुई।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी बांगुई में एक नदी में नाव डूबने से कम से कम 58 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है और दर्जनों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लकड़ी की नौका शुक्रवार को राजधानी बांगुई में मपोको नदी पर एक अंतिम संस्कार के लिए 300 से ज्यादा लोगों को ले जा रही थी, लेकिन काफी ज्यादा लोगों के नाव पर लदे होने की वजह से नाव बीच नदी में ही टूट गई।

हादसे के बाद स्थानीय मछुआरों और लोगों ने आनन फानन में लोगों का रेस्क्यू शुरू किया और आपातकालीन सेवाओं के मौके पर पहुंचने के बाद भी स्थानीय लोग, पीड़ितों को बचाते रहे।

---

1 की मौत, 7 लापता, बचाव कार्य जारी

# प्रशांत महासागर में ट्रेनिंग के दौरान जापान के 2 हेलीकॉप्टर हुए क्रैश

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में क्रू मेंबर के 8 सदस्यों को ले जा रहे जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर रात के समय हादसे के शिकार हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य लोग लापता हैं।

ये हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर थे और संभवतः एक-दूसरे से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। चालक दल के एक सदस्य का शव पानी से बरामद किया गया। रक्षा मंत्री माइनोरू किहारा ने बताया कि मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के दो एसएच-60के हेलिकॉप्टर चार-चार चालक दल लेकर जा रहे थे और शनिवार देर रात टोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर (370 मील) दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनका संपर्क टूट गया।



**खोज के लिए 8 युद्धपोत और 5 विमान तैनात**

दुर्घटना का कारण तुरंत पता नहीं चला है, लेकिन पानी में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले दोनों हेलीकॉप्टर एक-दूसरे से टकराए होंगे। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्येक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टरों के टुकड़े बरामद किए हैं।

---

## अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब

# ईरान ने यूएस के दुश्मन को सौंपी विध्वंसक मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान ने अमेरिका को जोरदार झटका देते हुए उसके बैकयार्ड में अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं, जो बाइडेन प्रशासन के लिए बड़ा झटका है। वेनेजुएला ने ईरान से हासिल की सीएम-90 एंटी-शिप मिसाइलों को प्रदर्शित किया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरनाक हो सकता है। वेनेजुएला की सेना ने 16 अप्रैल को घोषणा की है कि उसने सीएम-90 मिसाइल, नासिर एंटी-शिप मिसाइल का निर्यात संस्करण हासिल कर लिया है। ईरान से खरीदी गई इन नई



मिसाइलों को प्यूर्टो कैबेलो में अगस्टिन अर्मारियो नौसेना बेस पर तैनात किया गया है।

**अमेरिका की नाक के नीचे ईरानी मिसाइलें:** माना जा रहा है कि सीएम-90 मिसाइलों को संभवतः पेकाप मिसाइल बोट यानी ईरान के ज़ोल्फ़ागर जहाजों पर सुसज्जित की जाएंगी, जिसे वेनेजुएला ने पिछले साल हासिल किया था।

---

## लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाक' होने की संभावना

# पाक मूल के मेयर सादिक के सामने खड़े हुए दिल्ली के तरूण गुलाटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाकिस्तान' होने की संभावना है। पाकिस्तानी मूल के लंदन मेयर सादिक खान के खिलाफ भारतीय मूल के तरूण गुलाटी रेस में शामिल हो गए हैं। गुलाटी का कहना है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने लंदन के विकास के लिए काम नहीं किया है, लिहाजा लंदन के निवासी निराश हैं। गुलाटी ने कहा है कि वो एक सीईओ की तरह लंदन शहर का कामकाज संभालना चाहते हैं, न किसी नेता की तरह ताकि शहर में व्यवस्था कायम हो सके और सभी को लाभ मिल सके।



**दिल्ली में जन्मे हैं तरूण**

दिल्ली में जन्मे तरूण गुलाटी का मानना है, कि एक व्यवसायी और इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट के तौर पर उनका अनुभव लंदन को आवश्यक निवेश को आकर्षित करने और ग्लोबल बैंक बनने कि दिशा में ले जाएगा और लंदन की किस्मत फिर से पुनर्जीवित हो पाएगी। 63 साल के तरूण गुलाटी 2 मई को लंदन मेयर का होने वाले चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार की तरह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लंदन मेयर इलेक्शन में इस साल कुल 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है और 2 मई को होने वाले चुनाव में लंदन के लोग मेयर चुनाव के साथ साथ लंदन विधानसभा के लिए भी वोट डालेंगे। तरूण गुलाटी ने एक भाषण में कहा कि मैं लंदन को एक अद्धितीय वैश्विक शहर के रूप में देखता हूं, जो ग्लोबल बैंक के समान है, जहां विविध संस्कृतियां पनपती हैं।

**लंदन को बनाएंगे निवेश के लिए प्रमुख विकल्प**

उन्होंने कहा कि मेयर के रूप में, मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह बनाऊंगा कि यह निवेश के लिए प्रमुख विकल्प बन जाए, इसके सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि की रक्षा हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से और कुशलता से बदलूंगा और चलाऊंगा। लंदन एक लाभदायक निगम होगा, जहां लाभप्रदता का अर्थ सभी की भलाई है।

**सादिक ने बनाया डकैतों का शहर**

आपको बता दें कि सादिक खान के कार्यकाल में लंदन कट्टरपंथियों और चोर-डकैतों का शहर बन गया है। पिछले दिनों मशहूर क्रिकेटर केविन पीटरसन ने इसके लिए खुलेआम सादिक खान की आलोचना की थी और लंदन की सुरक्षा व्यवस्था को बर्बाद बताते हुए इसके लिए सादिक खान को जिम्मेदार ठहराया था। सादिक खान के कार्यकाल के दौरान लंदन में जमकर फिलीस्तीन-हमास समर्थक रैलियां निकल रही हैं, जिसकी आलोचना प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी कर चुके हैं।

**मेयर के पास दिल्ली सरकार जैसे अधिकार**

लंदन के मेयर के पास बहुत हद तक दिल्ली के मुख्यमंत्री जितने अधिकार होते हैं। लंदन मेयर के पास पुलिस प्रशासन का अधिकार है। वहीं, परिवहन व्यवस्था, आवास जैसे मुद्दे भी लंदन मेयर इलेक्शन में काफी अहम होते हैं।



# जन्मोत्सव पर गर्भगृह से बाहर निकलेंगे बाल हनुमान

## श्रीरामलला मंदिर में होंगे विविध आयोजन : लगेगी मन्नतों की अर्जियां : आचार्य पं. प्रमोद तिवारी

जबलपुर।

प्रभू श्रीराम भक्त पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव पर 23 अप्रैल मंगलवार को गौरीघाट रोड स्थित रामलला मंदिर में गर्भगृह से बाहर निकलकर बाल हनुमान श्रीरामलला अपने सभी भक्तों को आर्शीवाद देगें। इस संबंध में रजत गणेश धाम एवं श्रीरामलला मंदिर के मुख्य पुजारी में से एक आचार्य पं. प्रमोद तिवारी ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन श्रीरामलला बाल रूप में सभी को दर्शन देगें एवं इस दौरान मंदिर परिसर में विविध आयोजन के साथ–साथ सभी भक्त अपनी–अपनी कामनाएँ पूर्ण होने के लिए मन्नतों की अर्जियाँ लगायेगें। पं. श्री तिवारी ने बताया कि 23 अप्रैल को श्रीरामलला मंदिर परिसर में पूजन भंडारे के साथ हवन होगा। इसमें सवा लाख नारियलों की आहुतियां डाली जाएंगी। इसके साथ ही हजारों भक्तों ने हनुमान जी के दरबार में अजएँ लगाई जायेगी। उक्त जानकारी (व्यवस्थापक) आचार्य प्रमोद तिवारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को रामलला में विराजमान पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव धूमधाम से हर्ष उल्लास से मनाया जायेगा। जन्मोत्सव का शुभारम्भ सुबह 7:30 बजे से बाल हनुमान को गर्वगृह से निकाल कर दर्शनाणथयों के साथ विधिवत स्थापित किया जाएगा। इसके बाद मंत्रेचार के साथ पूजन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा। सुबह 9:30 बजे से हवन होगा, जिसमें लगभग सवा लाख नारियल से आहुतियाँ डाली जाएंगी।

### वर्ष में एक बार दर्शन देते हैं बाल हनुमान

इस दिन मंदिर के गर्भगृह स्थापित गुरु परम्परा में प्राप्त अतिप्राचीन द्वापर युग की एक अद्भुत चमत्कारिक बाल हनुमान प्रतिमा को सार्वजनिक पूजन दर्शन के लिए मंदिर में गर्भगृह से बाहर निकाला जाता है। विशेष उल्लेखनीय है कि लोग परम्परा से अलग हटकर सिद्ध है प्रतिमा के दर्शन पूजन एवं स्पर्श का मौका इस दिन पुरुष श्रद्धालों के साथ–साथ महिला भक्तजनों को भी बिना किसी भेदभाव के दर्शन मिलते हैं।

### चप्पे चप्पे पर नजर, हथियार बंद जवान तैनात

# स्ट्रांग रूम की परत दर परत सुरक्षा में बंद हैं ईवीएम





जबलपुर।

अब जिला प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता ईवहीएम मशीनो की सुरक्षा व्यवस्था है। जिसके लिये विशेष तैयारियां की गई हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिये कई लेयर में हथियारबंद जवान तैनात किये गये हैं। मानीटरिंग के लिये अधिकारियों की ड्यूटी है। 24 घंटे निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। परिसर के अंदर होने वाली प्रत्येक गतिविधि को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड किया जा रहा है। इनके कैमरों को अलावा भी प्रशासन और पुलिस की ओर से परिसर में कई जगह गुप्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा कृषि विवि परिसर को कई परत के सुरक्षा घेरे में रखा है। कई जगह पर अस्थाई सुरक्षा एवं जांच चौकी बनाई गई है। लोकसभा प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधियों के लिए भी स्ट्रांग रूम के बाहर व्यवस्था दी गई। ताकि निष्पक्ष प्रक्रिया और ईवीएम की सुरक्षा को वे देख सकें। पुलिस अधीक्षक ने मतगणना तक कृषि विश्वविद्यालय परिसर के आसपास गश्त भी बढ़ा दी है। रात्रि में विशेष पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए है। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को परिसर के निरंतर निरीक्षण कर सुरक्षा की समीक्षा के आदेश जिला कलेक्टर ने दिए गए है।

### स्ट्रांग रूम देखने पहुंचे प्रत्याशी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के साथ लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे और दिनेश यादव ने रविवार दोपहर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरो के संचालन की व्यवस्था को देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धीरेंद्र सिंह और एआरओ श्रीमती शिवाली सिंह भी मौजूद रहे।



## स्कूली बच्चों के बैग के वजन की जांच कर वजन कम कराना सुनिश्चित करें : आयोग

**जबलपुर**। प्रदेश के छोटे स्कूली बच्चो के लिए बस्ते का बोझ कम करने के मामलें में मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतिवेदन मांगा है साथ ही निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जिलों के शिक्षा अधिकारी प्रत्येक तीन माह में स्कूली बच्चों के बैग के वजन की जांच रेडंमली करें और स्कूल बैग के वजन कम कराना सुनिश्चित करें। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी सुश्री फरजाना मिर्जा ने बताया कि आयोग की मुख्य पीठ भोपाल के सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मामला दर्ज कर जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतिवेदन मांगा हैं, साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे समस्त प्राचार्य शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को दिशा निर्देश जारी करे की कक्षावर बस्ते का बोझ का निर्धारण किया जाये। जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले में रेंडमली शालाओं का चयन कर प्रत्येक तीन माह में स्कूल बैग के वजन की जांच करने और बस्ते का वजन निर्धारित सीमा में हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये हैं।

## पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिये की गई कंट्रोल रूम की स्थापना

**जबलपुर**। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की है। जिसका दूरभाष क्रमांक 0761-3500180 है। उन्होंने कहा कि जलजनित बीमारियों पर नियत्रंण व रोकथाम के लिये तथा पेयजल व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन करने के साथ पेयजल प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये जिलास्तर के साथ उपखण्ड स्तर पर भी कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम 31 जुलाई 2024 तक संचालित रहेगा। जो प्रत्येक सप्ताह के शनिवार एवं रविवार को भी यथावत कार्यरत रहेगा।

# मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए आए दो पक्ष भिड़े

## बीच बचाव में अस्पताल के सुरक्षाकर्मी भी घायल

जबलपुर।

गढ़ा थानांतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक विवाद और झगड़े के बाद घायल होकर उपचार कराने पहुँचे दो पक्ष अस्पताल में भिड़ गए। अस्पताल में दोनों पक्षों में विवाद के बाद इलाज के लिए पहुंचे लड़कों के बीच विवाद हुआ। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने दोनों ही गुट के लड़कों को जब अलग-अलग करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया जिसके चलते बीच बचाव में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों एवं पुलिस के अनुसार पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के युवकों में विवाद हो गया, विवाद बढ?s पर उनके बीच जमकर चाकूबाजी हुई। बताते हैं कि आरोपी अंकुर राय और शशांक तिवारी का कुछ दिनों पहले विवाद हुआ था। इस मामले पर अंकुर राय का थाने और कोर्ट में काफी पैसा खर्च हो गया। इसी को लेकर सैनिक सोसायटी में अंकुर अपने साथी राजा विश्वकर्मा के साथ पंहुचा और पुराने विवाद में थाने और कोर्ट में लगे पैसे मांगते हुई समझौता करने का दबाव बनाने लगा। अंकुर और शशांक का विवाद होते देख जब उसे बचाने के लिए पड़ोस के कुछ लड़के आए तो उन पर तलवार चाकू से हमला कर दिया, बीच बचाव के दौरान सोनू और सागर जब मौके पर पहुंचे तो अंकुर और राजा ने उन पर हमला कर दिया।

### मेडिकल कॉलेज में भी भिड़ गए घायल

अंकुर और शशांक के बीच हुए विवाद में राजा सहित दो अन्य लड़के घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया। यहां पर भी दोनों गुट के लड़के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष (मेडिकल ओपीडी) में ही भिड़ गए। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने जब दोनों



गुट के लड़कों को अलग किया तो उन पर भी हमला कर दिया गया। मुश्किल से सुरक्षाकर्मियों ने लड़कों को अलग किया, जिसके बाद उनका इलाज करवाया गया। कृपाल चौक में रहने वाली एक युवती ने बताया कि राजा विश्वकर्मा और अंकुर के साथी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और उन्होंने दबाव बनाया कि घटना को लेकर किसी तरह की अगर शिकायत हुई तो अच्छा नहीं होगा। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान भी दोनों गुट के लड़के डॉक्टरों के सामने ही भिड़ गए, जिन्हें कड़ी मशक्कत कर काबू किया गया।

### दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची गढ़ा थाना पुलिस ने सुरक्षाकर्मियों की शिकायत पर हंगामा और मारपीट करने वाले दोनों गुटों के लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर अंकुर और शशांक के बीच विवाद हुआ था, बीच बचाव में राजा और सोनू आए तो वो लोग भी भिड़ गए, दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है, घटना की जांच की जा रही हैं।

## ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्ति का आदेश हाई कोर्ट ने किया निरस्त

**जबलपुर**। हाई कोट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्ति का आदेश अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। यह आदेश सीईओ ने जारी किया था। याचिकाकर्ता अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खेतगांव के रोजगार सहायक कुंज बिहारी सिंह मसराम की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि सीईओ जिला पंचायत अनूपपुर ने मार्च 2024 को याचिकाकर्ता कुंज बिहारी मसराम को ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खेतगांव जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर को पद से पृथक करते हुए तत्काल प्रभाव से संविदा सेवा समाप्त कर दी। लिहाजा, याचिका के जरिये हाई कोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई दौरान हाई कोर्ट ने पूरे मामले का अवलोकन करते हुए सीईओ के आदेश को विधिसम्मत नहीं पाया। इसलिए निरस्त कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता की संविदा बहाल करते हुए पुनः ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति करने का आदेश पारित कर दिया।

### पालीटेकनिक छात्र की दुर्घटना में मौत

# स्टंट करती बाईक पेड़ से टकराई लगी आग

जबलपुर

बरगी नगर चौकी अंतर्गत बरगी से घूम कर लौट रहे एक नौजवान युवक को सूनसान सड़क पर बाईक पर स्टंट करने पर जान से हाथ धोना पड़ा। अनियंत्रित होकर बाईक एक पेड़ से जा टकराई। इतना ही नहीं टक्कर इतनी जोर दार थी की पेड़ से टकराते ही बाईक का पेट्रोल टैंक फटा और आग लग गई। हादस में बाईक चला रहे युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बरगी नगर चौकी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आमनपुर मदन महल निवासी 18 वर्षीय यश तानवेश अपने मित्रों के साथ बरगी बांध घूमने गया था। बताया गया है कि यश एक निजी पालीटेकनिक कालेज में प्रथम वर्ष का छात्र था। रविवार सुबह दोस्तों के साथ बरगी घूमने गया था। लौटते समय बरगी नगर पहुंचते ही सुनसान सड़क मिली तो तीनों स्टंट करते हुए बाइक रफ्तार से भगाने लगे। यश के दोस्त आयुष विश्वकर्मा और नवजोत विनोदिया ने बाइक तेज रफ्तार से लेकर



आगे बढ़ गए। वहीं यश पीछे रह गया उसने अपने दोस्तों के करीब पहुंचने के लिए बाइक की रफ्तार को बढ़ाई तो बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराते ही बाइक में आग लग गई और यश भी आग की चपेट में आकर बुरी तरह से जल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पीछे रह गया था यश

यश सुबह करीब सात बजे अपने दो दोस्त नवजोत विनोदिया और आयुष विश्वकर्मा के साथ घर से निकला। तीनों युवक अपनी-अपनी बाइक पर सवार थे। जबलपुर से बरगी तक तीनों ही एक दूसरे से को पीछे छोड़ने के चक्कर में गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ा रहे थे। तीनों दोस्त बरगी नगर में रूके और चाय नाश्ता किया। यहां से वे बरगी बांध के लिए निकल पड़े। यश के दो दोस्त बाइक तेजी से लेकर निकले जिनका पीछा करने के लिए यश ने भी बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। इसी तेजी में उसकी बाइक पेड़ से टकरा गई।

### परिजनों को दी घटना की जानकारी

काफी देर तक जब यश नहीं आया तो आयुष और तानवेश ने अपनी-अपनी बाइक पीछे मोड़ी और उसे देखने चले गए। जैसे ही दोनों किशोर वीआईपी सर्पिट हाउस के पास पहुंचे तो देखा कि लोगों की भीड़ लगी थी। यश की बाइक सड़क के किनारे जल रही थी, पास में ही उसका जला हुआ शव था। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने बरगी नगर चौकी को दी, थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक यश के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# मप्र में गेहूं का रकबा घटा, खरीदी की रफ्तार भी धीमी

## अब तक सिर्फ 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही सरकारी गोदामों में पहुंचा

जबलपुर।

देश के बड़े उत्पादक राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश में गेहूं का रकबा घट रहा है तो अब सरकारी खरीदी में भी पिछड़ रहा है। पिछले 3 साल में गेहूं की सरकारी खरीद लगातार घटी है। इस साल भी मप्र 100 लाख मीट्रिक टन के टारगेट से आधे पर ही रुक सकता है। 20 मार्च से शुरू हुई सरकारी खरीद के बीच अब तक सिर्फ 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही सरकारी गोदामों में पहुंचा है। केंद्र सरकार ने इस साल गेहूं खरीद का टारगेट 23 प्रतिशत बढ़ाते हुए लगभग 320 से 330 एलएमटी तय किया है। हालांकि राज्यों द्वारा बोनस नहीं देने या नाममात्र का बोनस देने की वजह से सरकारी मूल्य मंडियों में चल रही कीमतों से पीछे हैं। मप्र में 20 मार्च को 2400 रुपए में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने के साथ ही प्रदेश की मंडियों में भाव 2200 से 2600 रुपए है।

भारतीय किसान संघ के प्रवक्ता राहुल धूत ने कहा कि 2700 एमएसपी होने पर सरकारी खरीद बढिय़ा होती। 15 मार्च को भोपाल और आसपास के क्षेत्र में गेहूं की खरीद 20 मार्च के बाद शुरू हुई। किसानों को सोसाइटी में भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च होती है, जो 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई। इस वजह से किसानों ने जल्दबाजी में फसल बेचकर भुगतान किया।

### गेहूं का रकबा और खरीदी भी घटी

पिछले 5 सालों में गेहूं का रकबा भी घटा है। केंद्र द्वारा फरवरी के अंत में जारी आंकड़ों के मुताबिक मप्र में गेहूं का रकबा 87 लाख हेक्टेयर था जबकि लक्ष्य 90.71 लाख हेक्टेयर था। साल 2020 -21 में ये रकबा लगभग 88 लाख हेक्टेयर था। 21-22 में बढक़र 93.86 लाख हेक्टेयर हो गया और 2022 -23 में 86.30 लाख हेक्टेयर हो गया। इसी तरह सरकारी खरीद भी घटी है। 2021 -22 में प्रदेश में 128 एलएमटी की रिकॉर्ड खरीदी हुई। भोपाल अनाज मंडी के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी ने कहा कि मंडियों में अभी भी



गेंहूं के दाम 2200 से 2700 हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से गेहूं को कोई खास नुकसान नहीं हुआ और मिल वाले माल खरीद रहे हैं। ज्ञानचंदानी के मुताबिक दलिया वाले हल्की किस्म का गेहूं जो 2200 से 2250 में बिकता है, वही सरकारी केंद्रों पर बिक रहा है।

### हिरन नदी के सूख जाने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गहराया भीषण पेयजल संकट

# मां नर्मदा से जीवन की दरकार

हरिभूमि सिहोरा।

नगर की जीवनदायनी हिरन नदी के सूख जाने से नगर सहित तटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है सिहोरा नगर और तटवर्ती ग्रामों की आबादी और मवेशियों के लिये जीवनदायिनी का अप्रैल माह में ही दम तोड देना विकराल समस्या बन गया है। जबलपुर जिले के कुण्डम ग्राम से निकली नर्मदा को सहायक नदी हिरण में कुछ बरस पहले तक बारहों महीने पानी प्रवाहित होता था, किन्तु तेज गर्मी और अंधाधुंध रेत खनन से बने भीषण हालात के चलते अप्रैल माह में ही हिरन नदी सूख गई और तटीय ग्रामों में जल-स्तर काफी नीचे चला गया।



### नदी में दौड़ रही मोटर साइकिल

सिहोरा के समीपस्थ ग्राम हरगढ़ के मालगुजार गिरधर सरावगी ने बताया कि हरगढ़ में हिरण की जलधारा पूरी तरह सूख गई है नदी के बीच से लोग टेक्टर सहित मोटर साइकिल दौड़ा रहे हैं।नदी के सूख जाने से भूजल स्तर में गिरावट आने के कारण हैंडपंप बोरवेल हवा उगलने विवश हो गये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारह मासी नदी के सूख जाने के कारण ग्राम के प्राकृतिक जल स्त्रोतों ने भी दम तोड़ना प्रारंभ कर दिया है जिसके चलते ग्राम के लोग गंभीर जल संकट के दौर से गुजर रहे हैं ।

### इंसान और पशु-पक्षी सभी परेशान

प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के अभाव एवं ग्रीष्म ऋतु के आरंभ में हिरन नदी की जलधारा टूट जाने से ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जहां एक और ग्रामीण पेयजल एवं निस्तार हेतु पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं वहीं सरदा हरगढ़ के जंगल के वन्य प्राणी भी पानी की तलाश में भटक रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो हिरन नदी की दुर्दशा का जिम्मेदार जितना रेत माफिया है उतना ही उड़द मूंग की खेती करने वाले किसान भी।फसल को हरा भरा रखने के लिए भुजल के दोहन के साथ साथ हिरन नदी के तटीय क्षेत्रों के किसान मोटर से नदी का पानी खींचकर खेती को तो लाभ का धंधा बना रहे हैं लेकिन आम जन सहित वन्य प्राणियों के जीवन को संकट में डाल रहे है।

### नर्मदा नहर का पानी छोड़ने की मांग

हिरन नदी को पुर्नजीवित करने नर्मदा नहर का पानी हिरण नदी में छोड़े जाने की मांग स्थानीय जनों ने की है। नहर का पानी नदी में छोड़े जाने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार के साथ-साथ पेयजल की समस्या से निजात मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र नर्मदा विकास प्राधिकरण की नहर से हिरन नदी में पानी छोड़कर नदी को पुर्नजीवित कर पेयजल समस्या से निजात दिलाई जाए।

### फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति बाधित

हिरन नदी के मझगवां घाट स्थित नगर पालिका के फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति वाले दो तिहाई वाहों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई और हिरन नदी के पानी पर निर्भर खितौला फिल्ट्रेशन प्लांट से भी जलापूर्ति प्रभावित हो गई। नगर के अनेक वार्डों में पानी की त्राहि त्राहि मची हुई है। बताया जाता है कि फिल्टर पॉइंट के समय हिरन नदी के पूरी तरह सूख जाने चाहिए फिल्टर प्लांट में पानी कम आ रहा जिसके चलते नगरपालिका की पेयजल आपूर्ति ठप्प पड़ गई है।

### श्री जी की विमान यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा

# जियो और जीने दो का संदेश देते निकली भव्य शोभायात्रा

सिहोरा। जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी की 2623 वीं जयंती पर सकल जैन समाज द्वारा नगर में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकली। 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर पंचायती जैन मंदिर से भव्य विमान शोभायात्रा निकाली गई। जो मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ हुई विमान शोभायात्रा कालभैरव चौक,झंडा बाजार,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टेंड, मैना कुआं होकर शुभारंभ स्थल पर सपन्न हुई। विमान रथ पर विराजमान भगवान महावीर स्वामी की अष्टधातु की प्रतिमा का रथ भक्तगण हाथों से स्वयं खीचते चल रहे थे।



### अभिषेक पूजन भी किया

शोभायात्रा के बाद श्री पार्श्वनाथ पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक पूजन किया गया। तथा शाम को आरती के साथ जैन महिला परिषद द्वारा बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किए गये। शोभायात्रा में समाज के युवा,महिलाओं, बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा रहा था सभी धर्मध्वजा लेकर नाचते हुए चल रहे थे सभी महिलाओं ने पीले तथा पुरुषों ने सफेद वस्त्र धारण किए थे।

### जगह जगह आरती उतारी

जैन धर्मावलम्बियों ने द्वारा जगह-जगह भगवान महावीर स्वामी की फूलों से सजी थाली से आरती उतारी और श्रीफल अर्पित किया एवं पुष्प वर्षा की गई।

# भगवान महावीर की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

पाटन। भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती पर नगर में भक्त शोभायात्रा निकाल कर स्थानीय जैन समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। बाजार स्थित महावीर जिनालय में भक्ति श्रद्धा समर्पण और आस्था के साथ भगवान का अभिषेक पूजन किया गया तत्पश्चात स्थानीय जैन समाज द्वारा जियो और जीने दो एवं अहिंसक मूल्य को धारण करने वाले प्रज्ञा पुरुष भगवान महावीर की जयंती पर जैन संगठन द्वारा एक शोभा यात्रा निकाली गई जो बड़े मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए कचहरी के पास कीर्ति स्तंभ पर पहुंची। भगवान महावीर पालकी पर विराजमान होकर सभी को दर्शन दे रहे थे। स्थानीय लोगों द्वारा भगवान की आरती पूजन श्री पर समर्पण कर भगवान के मंगल भजन के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। सुंदर बैंड धुन के साथ सभी का मन मोह लेने वाली यह यात्रा से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जैन समाज के अतिरिक्त नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



### चिंतामणी हनुमान मंदिर में अनूप जलोटा के भजन कल

जबलपुर। जबलपुर पाटन बायपास स्थित श्री चिंतामणि हनुमान जी का मंदिर वर्तमान दौर में सबसे बड़ा आस्था का केंद्र बढ़ रहा है यह मंदिर विदित सिग्नेचर टाउनशिप के अंदर स्थित है तथा यहां पर 12 फीट ऊंचे गोल गुंबज पर काले ग्रेनाइट से निर्मित भागवां श्री चिंतामणि हनुमान जी की प्रतिमा दिन प्रतिदिन आस्था का केंद्र बनती जा रही है । जबलपुर शहर से मंगलवार और शनिवार के दिन हजारों भक्तों का ताता यहां पर लगने लगा है। हनुमान जयंती पर 23 अप्रैल को विविध आयोजन किये जा रहे हैं। इस वर्ष चिंतामणि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर 23 अप्रैल 2024 को विशाल भंडारा एवं महा आरती का आयोजन किया गया है एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या का आयोजन भी श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर पाटन बायपास जबलपुर में किया गया है।

# भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

जबलपुर। भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ दिल्ली इकाई जबलपुर की 20 अप्रेल को घंटाघर कॉफी हाउस मीटिंग हॉल प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की कामकाजी बैठक हुई संपन्न। कार्यक्रम के दौरान सुदर्शन समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चोहटेल ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि लगातार सुदर्शन समाज के कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिसमें प्रदेश की सभी जिलों की प्रदेश की टोली जिले की टोली बनाने हेतु बैठक में चर्चा की गई। इसी क्रम में सुदर्शन समाज महासंघ के राष्ट्रीय सचिव पप्पू गिरानिया एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रसादी लाल बिरहा एवं प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जबलपुर जिले से अशोक कटारे को जिला अध्यक्ष एवं जितेंद्र मलिक को जिला महामंत्री नवनियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर ने सामाजिक पदाधिकारीगणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संभाग की टोली जल्द ही बनाई जाएगी और प्रवास के कार्यक्रम तय किए जाएंगे और मध्य प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी भी जल्द ही नियुक्त किए जाएंगे।



# तनिष्क शोरूम में चूड़ियां, चेन एवं मंगलसूत्र की प्रदर्शनी

जबलपुर। रानीताल स्थित तनिष्क टाटा समूह द्वारा प्रवर्तित गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी शोरूम में सम्पूर्ण भारत वर्ष के उत्कृष्ट डिजाइनों की चूड़ियां, चेन एवं मंगलसूत्र की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन 21 से 30 अप्रेल तक किया जा रहा है। यहां ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर हीरा जड़ित, जडाउ नक्काशी, मीनाकारी एवं डेली वियर की विभिन्न डिजाइनों की चूड़ियां, मंगलसूत्र एवं चेन की आकर्षक श्रृंखला का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है, जिसमें चूड़ियां जिनका शुरुआती वजन 15 ग्राम प्रति जोड़ी से उपलब्ध किया गया है। वैवाहिक अवसरों की खरीदी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने शोरूम में धेराहर, विरासत, कलाई, डोर, कलर मी जॉय, स्टिंग इट आदि कलेक्शन की ज्वेलरी का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीमती यामिनी सिंह, अर्चना शुक्ला, सीमा खटवानी द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर तनिष्क रानीताल के फ्रेंचाइजी रोहित खटवानी द्वारा आभूषणों की उपरोक्त विस्तृत जानकारी दी गई।



### सिविल डिफेंस वार्डनों ने लोकसभा चुनाव में दी सेवाएं

जबलपुर। कलेक्टर एवं कंट्रोलर सिविल डिफेंस दीपक सक्सेना के निर्देशन में सिविल डिफेंस वार्डनों ने लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी सेवाएं दी। वार्डनों ने शहर की सभी विधानसभाओं क्षेत्र के दिव्यांग एवं बुजुर्गों को मतदान केंद्र ले जाकर मतदान करने में सहयोग प्रदान किया, वार्डनों ने सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से सुबह 7:00 बजे से लेकर मतदान समाप्त होने तक अपनी सेवाएं सतर्कता एवं सावधानी से प्रदान की।







# सिध्दिदात्री मंदिर से जवारों का विसर्जन जुलूस आज

जबलपुर। गौत्रीय खटीक समाज द्वारा मां सिध्दिदात्री मंदिर स्थपना के अवसर पर चैत्र नवरात्री में विविध आयोजन किये गये। इसी क्रम में 20 अप्रैल को भंडारा आयोजित किया गया। नवरात्र पर घट स्थापित किये गये। आज 22 अप्रैल सोमवार को शाम 7.30 बजे मां सिध्दिदात्री मंदिर से जवारों का जुलूस शाम 7.30 पर निकाला जाएगा। जो दुर्गा चौक तमरहाई चौक मिलौनी गंज चौक हनुमानताल पहुंचेगा। जहां जवारों का विसर्जन किया जाएगा। चल समारोह में शामिल होने की अपील महेन्द्र जांगड़े अखिल पटारिया, राजू पटारिया, मुन्नू पंडा सहित मंदिर समिति एवं 360 गोत्रीय खटीक समाज ने की है।

## बाईक की टक्कर से वृद्धा घायल

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में कल रात एक मोटर सायकल की टक्कर लगने से 70 साल की वृध्दा घायल हो गई। पाटन थाना पुलिस के मुताबिक चौधरी मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय ज्ञानवती चौधरी कल रात 8 बजे खेत से घर लौट रही थी। तभी चौधरी मोहल्ला के पास पीछे से आई बाईक ने टक्कर मार दी। गिरने से उसके मुहं माथे और कंधे में चोट आ गई। घायल को इलाज के लिये पाटन अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## काम से लौट रहे युवक के साथ मारपीट

थाना बेलबाग थाना अंतर्गत छुई मोहल्ला में टाल से काम करके लौट रहे एक युवक को रास्ते में बदमाशों ने रोका और उसके साथ गालीगलौच कर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी 22 वर्षीय अन्नू राय लकड़ी के टाल से काम करने के बाद कल रात लौट रहा था। तभी मेन रोड पर हर्श और साथी राहुल सोनकर ने उसे रोका और उससे उलूल जुलूल बातें करने लगे। दोनों ने लकड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसके सिर में चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मां, बेटे से की मारपीट

अधारताल थानांतर्गत ग्राम इमलिया पिपरिया में गत सुबह एक युवक ने रुपये की बात को लेकर मां, बेटा से मारपीट कर चोटें पहुंचाई। बाद में हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। धारा 294, 323, 506 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अधारताल पुलिस ने बताया कि इमलिया पिपरिया निवासी श्रीमती सीमा ठाकुर मजदूरी करती है। कल सुबह लगभग 9:30 बजे रंजीत बर्मन पैसों को लेकर सीमा के लड़के साहिल ठाकुर से गाली गलौज करने लगा। मना करने पर रंजीत ने सीमा ठाकुर व उसके लड़के साहिल ठाकुर से झूमाझटकी कर उन्हें चोटें पहुंचाई।

**श्री कंधी लाल यादव-** अनगढ़ महावीर मंदिर के पास गोरखपुर निवासी श्री कंधी लाल यादव (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रंग लाल यादव-** रांझी बाजार निवासी श्री रंग लाल यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण नायक-** गोरखपुर निवासी श्री राम नारायण नायक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमवती विश्वकर्मा-** न्यू रामनगर अमखेरा अधारताल निवासी श्री जोखन विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती विश्वकर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश सिंह ठाकुर-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रमेश सिंह ठाकुर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कंचन बाई कतिया-** छुई खदान मड़ैया जीसीएफ राम मंदिर के पीछे निवासी श्री संतोष कतिया की धर्मपत्नी श्रीमती कंचन बाई कतिया (45) का निधन हो गया। अंतिम




संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी गंगवानी-** सरकारी कुआं करियापाथर रोड निवासी श्री हीरा लाल गंगवानी की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी गंगवानी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा बाई सोंधिया-** बड़ी ओमती छोटी संतोषी माता मंदिर के निकट निवासी श्री विजय सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई सोंधिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री यश तानवेश-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री देवेंद्र तानवेश के पुत्र श्री यश तानवेश (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मुन्ना स्वामी-** आकांछा परिसर एपीआर कॉलोनी 2, बिलहरी निवासी श्री मुन्ना स्वामी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश विश्वकर्मा-** साठिया कुआं निवासी श्री मुकेश विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ छह फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

### मार्च में एलआईसी का कुल प्रीमियम बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मार्च के महीने में 36,300.62 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम इकट्ठा किया। यह एक साल पहले के 28,716.23 करोड़ रुपये से 26.41 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने प्रीमियम संग्रह के मामले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 24.76 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### विदेशों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी दर्शाते बंद हुए। पामोलीन का दाम 1,020-1,025 डॉलर से घटकर 960-965 डॉलर प्रति टन रह गया।

### पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली।** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी।

### ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 53 फीसदी घटी

OBEROI REALTY

**नई दिल्ली।** ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है। मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 2022-23 में 8,572 करोड़ रुपये की और 2021-22 में 3,889 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,775 करोड़ रुपये में 228 घर बेचे।

### अमारा राजा को आंध्र में मिली सौर परियोजना



**नई दिल्ली।** अमारा राजा इन्फ्रा प्राइवेट लि. (एआरआईपीएल) को आंध्र प्रदेश में ग्रीनको से 700 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना के साथ बीते वित्त वर्ष के अंत में अमारा राजा इंफ्रा (एआरआईपीएल) के पास कुल 1,516 करोड़ रुपये की परियोजनाएं आ गई हैं। इसमें कहा गया है, 'एआरआईपीएल ने ग्रीनको से 500 मेगावाट/700 मेगावाट पीक की सौर बीओएस परियोजना हासिल करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।'

# सुनील मित्तल की टॉप 10 में एंट्री, लक्ष्मी मित्तल को अमीरों की सूची से किया बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के रईसों की लिस्ट में बड़ा बदलाव आया है। भारती एयरटेल के शेयरों में आए जबरदस्त उछाल के चलते सुनील मित्तल देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लक्ष्मी मित्तल को इस लिस्ट से बाहर कर दिया है।

साल 2024 सुनील मित्तल एवं फैमिली के लिए अब तक बहुत शानदार गुजरा है। उनकी दौलत में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक लगभग 3.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। दूसरी तरफ स्टील टायकून और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति इतने ही समय में लगभग 1 अरब डॉलर कम हुई है।

## ब्लूमबर्ग ने देश के शीर्ष दस अमीरों की सूची की जारी

### भारत के टॉप 10 रईस

1. मुकेश अंबानी - 112.6 अरब डॉलर।
2. गौतम अदाणी - 97.5 अरब डॉलर।
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री - 37.2 अरब डॉलर।
4. शिव नादर - 34.2 अरब डॉलर।
5. सावित्री जिंदल - 31.0 अरब डॉलर।
6. अजीम प्रेमजी - 25.3 अरब डॉलर।
7. दिलीप सांघवी - 24.9 अरब डॉलर।
8. राधाकृष्ण दमानी - 21.9 अरब डॉलर।
9. सायरस पूनावाला - 20.2 अरब डॉलर।
10. सुनील मित्तल - 19.7 अरब डॉलर।



### एयरटेल के शेयर ने छुआ 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर

भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के पास भारती एयरटेल की 28 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास हाल ही में लिस्टेड हुई मोबाइल सर्विसेज प्रोवाइडर भारती हेक्साकॉम की भी 70 फीसदी हिस्सेदारी है। भारती हेक्साकॉम की वैल्यूएशन शुक्रवार को लगभग 6 अरब डॉलर आंकी गई थी। भारती एयरटेल की वैल्यूएशन 91.84 अरब डॉलर आंकी गई है।

### केपी सिंह व कुमार मंगलम को पीछे छोड़ा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में भारती एयरटेल के शेयर लगभग 70 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। इसके चलते सुनील मित्तल की नेट वर्थ 19.7 अरब डॉलर हो चुकी है। अब वह भारत के टॉप 10 रईसों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सुनील मित्तल इस साल की शुरुआत में इस लिस्ट में 13वें नंबर पर थे। मित्तल की नेट वर्थ इतनी तेजी से बढ़ी कि साल के पहले चार महीनों में उन्होंने डीएलएफ लिमिटेड के सीईओ केपी सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को भी पीछे छोड़ दिया।

## 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़ा

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में जबरदस्त उछाल सरकार के अनुमान को भी संग्रह कर गया पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।*

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा।

इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया।




- समाप्त वित्त वर्ष में 19 .58 लाख करोड़ रुपए पर
- राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक
- बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ अधिक रही

### सकल संग्रह 18.48 फीसदी अधिक

यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### व्यक्तिगत व कॉरपोरेट की आय में वृद्धि

रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया।

### शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

### व्यक्तिगत आयकर संग्रह 25 फीसदी अधिक



इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

*अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह भी बढ़ा : बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### कॉरपोरेट कर संग्रह 9.11 लाख करोड़ रुपए




वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

# चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र से रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद : हुंडई



- अनुकूल मानसून की उम्मीद से ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी अनुकूल मानसून की उम्मीद सहित विभिन्न कारकों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता क्रेटा और वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है। हुंडई की बिक्री वृद्धि बीते वित्त वर्ष में शहरी केंद्रों में चार प्रतिशत रही तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत रही थी।

- कंपनी क्रेटा व वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है

हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा,'हमें विश्वास है कि हमारी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान इस वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने की योजना बना रहा है।

### सबसे अधिक घरेलू बिक्री दर्ज

गर्ग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की कुल बिक्री में ग्रामीण बिक्री 19 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही थी। हुंडई मोटर इंडिया ने 2023-24 में अब तक की सर्वाधिक 7,77,876 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो 2022-23 से आठ प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 6,14,721 वाहनों की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की।

# एप्पल तीन साल में पांच लाख लोगों को देश में देगा रोजगार



- सरकार से जुड़े सूत्रों ने ये बात कही
- फिलहाल देश में डेढ़ लाख लोगों को अभी मिला है रोजगार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है।

फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है।

एक पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।'इस संबंध में एप्पल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया।एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है।

### पहली बार एप्पल सबसे आगे रही

बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

## इंटरग्लोब व आर्चर एयर टैक्सी सेवा शुरू करेगी...



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरुआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सिर्फ सात मिनट में पहुंचाएंगी। आर्चर एविएशन 200 'इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग'' (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 'रोटर' होंगे। इंटरग्लोब और आर्चर एविएशन के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी।

# यूएसएफडीए ने की खामियों के लिए नैटको फार्मा की खिंचाई

- उपकरणों को कीटाणुरहित करने में कंपनी विफल रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही।

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे गए चेतावनी पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं। यूएसएफडीए ने नौ से 18 अक्टूबर, 2023 तक संयंत्र का निरीक्षण किया था।




अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि कंपनी दवा की प्रकृति के अनुसार साफ-सफाई, रखरखाव और उचित अंतराल पर उपकरण और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। इस संबंध में कंपनी से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए शीर्ष प्राथमिकता लागत और गति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

माल की अंतिम मील तक आपूर्ति और क्षेत्र की वृद्धि के लिए लागत और गति अब लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में लगी कंपनियों की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है।

लास्ट-माइल ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी। 'अंतिम छोर तक आपूर्ति में अब सर्वोच्च प्राथमिकता लागत और गति है। इसकी सुई लागत और संतुष्टि से लागत और गति पर स्थानांतरित हो गई है।' रिपोर्ट का अनावरण इस सप्ताह माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से प्रौद्योगिकी मंच फारआई द्वारा आयोजित 'द लास्ट माइल लीडर्स इवेंट' के दौरान किया गया। फारआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुशल नाहटा ने कहा कि अगले पांच साल के भीतर स्वायत्त ड्रोन 30 प्रतिशत शहरी आपूर्ति को संभाल लेंगे, जिससे आपूर्ति का समय और लागत नाटकीय रूप से कम हो जाएगी।



- लास्ट-माइल ट्रेड्स ने जारी की रिपोर्ट
- पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी

### सामान की आपूर्ति उसी दिन

यह रिपोर्ट पांच महाद्वीपों के 300 से अधिक दिग्गजों के विचारों पर आधारित थी। ये दिग्गज 100 अरब डॉलर से अधिक संयुक्त राजस्व वाली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, 300 प्रतिभागियों में से आधे से अधिक ने कहा कि वे सामान की आपूर्ति उसी दिन/अगले दिन करते हैं।

# तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा।

विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा, बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं। इस सप्ताह टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के तिमाही नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।



- वैश्विक रुझान की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल बाजार की दिशा प्रभावित करेगी

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 372.4 अंक या 1.65 प्रतिशत टूट गया।

### अमेरिकी विनिर्माण व पीएमआई के आएगें आंकड़े

खेमका ने कहा कि निवेशक अमेरिकी विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों, अमेरिका की पहली तिमाही के जीडीपी और जापान की मौद्रिक नीति पर भी नजर रखेंगे।

## फोनपे और गूगल पे पर गिरेगी गाज

# बदलाव की ओर बढ़ा रहा यूपीआई बाजार, नहीं होगी किसी की बादशाहत


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूपीआई बाजार में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एनपीसीआई ने यूपीआई मार्केट में किसी भी कंपनी के दबदबे को तोड़ने के लिए 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी। इसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है। अगर यह फैसला लागू होता है तो इस सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों फोनपे और गूगल पे के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इन दो कंपनियों के पास यूपीआई मार्केट की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। इसके बाद ये कंपनियां न सिर्फ नए कस्टमर नहीं जोड़ पाएंगी बल्कि इन्हें अपने कस्टमर भी कम करने होंगे।

- सरकार ने 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी

### एक कंपनी की बादशाहत से ग्राहकों को नुकसान

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सेगमेंट में एक कंपनी की बादशाहत होने के बाद वह अपने हिसाब से सेवाओं में बदलाव करने लगती है। वह छोटी कंपनियों को मार्केट में ठहरने ही नहीं देते। इससे मार्केट में इनोवेशन का स्कोप बिलकुल खत्म होने लगता है। इसका सबसे बुरा असर आखिरकार ग्राहक पर ही पड़ता है। इसलिए एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में किसी भी एक कंपनी का एकाधिकार न हो और बाजार में कम्पटीशन बना रहे।




### वर्चस्व नहीं चाहता एनपीसीआई

एनपीसीआई देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन का रेगुलेटर है। सूत्रों के अनुसार, एनपीसीआई जल्द ही नए नियम को लागू करने के लिए विस्तार से सारे नियम लाने वाला है। वह नहीं चाहता कि किसी भी एक कंपनी का यूपीआई सेगमेंट में वर्चस्व हो। इसमें नए कस्टमर जोड़ने पर रोक भी लगाई जा सकती है। यह काम चरणों में किया जाएगा ताकि कस्टमर पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े। एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में कई कंपनियां काम करें ताकि किसी एक कंपनी के फेल होने का असर पूरे मार्केट पर न पड़े।

### 30 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी हिस्सेदारी

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने दिसंबर, 2022 में थर्ड पार्टी यूपीआई कंपनियों के लिए डेडलाइन बढ़ा दी थी। उन्हें डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन में अपनी हिस्सेदारी 30 फीसदी करने के लिए 2 साल का वक्त दिया गया था। यह समय सीमा दिसंबर, 2024 में खत्म होने वाली है। फिलहाल गूगल पे और वालमार्ट की कंपनी फोनपे यूपीआई ट्रांजेक्शन के बेताज बादशाह बने हुए हैं। उनके पास बाजार की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। पेटीएम एक बड़ा नाम होने के बाद भी इन दोनों कंपनियों से बहुत पीछे था। अब पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई से उसके मार्केट शेयर को और तगड़ा झटका लगा है।

## शीर्ष तीन आईटी कंपनियों में 64,000 कर्मचारी घटे

**बेंगलुरु।** देश की तीन सबसे बड़ी आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और विप्रो में वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं। खर्च में कटौती के चलते इन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटी हैं। विप्रो ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के दौरान कहा कि मार्च 2024 तक उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी महीने के अंत में 2,58,570 थी।

## चिंतन

# क्लाइमेट चेंज पर विकसित देशों का रवैया चिंताजनक

जलवायु परिवर्तन के खतरे बेशक आम चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दे न हो, लेकिन यह तेजी से बढ़ता वैश्विक संकट है। धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, इसका प्रमाण बढ़ रही प्रचंड गर्मी है। क्लाइमेट चेज पर पेरिस करार के तापमान को डेढ़ डिग्री कम करने के संकल्पों की दिशा में ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इस बार भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। यूं तो मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक रिपोर्टों में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। ऐसे में विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति चिंता की बात है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे। हाल ही में हुए एक विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। इसका मतलब है कि इन देशों को बाहरी वित्तपोषण से मिलने वाली राशि से अधिक भुगतान कर्ज चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के मकुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं और ब्याज दरों में बढ़ोतरी से यह राशि बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से तमाम जलवायु परिवर्तन सम्मेलनों में विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने व वैश्विक तापमान में कमी लाने के लिए सहयोग करने के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देशों की ओर से प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर देने पर सहमति बनती है, लेकिन विकसित देश इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। सबसे अधिक अमेरिका की ओर से हीलहवाली है। अब तो वैश्विक तापमान बढ़ने को लेकर अनेक अध्ययन डराने लगे हैं। पत्रिका 'एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के कई क्षेत्रों में एक साथ अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना एक गर्म ग्रह का 'उभरता लक्षण' बन सकता है। वर्ष 2023 के मौसम और जलवायु की समीक्षा करने वाले नए अनुसंधान में कहा गया है कि पिछले वर्ष अनुभव की गयी कई घटनाएं गर्म होती दुनिया के बारे में पूर्व में की गयी भविष्यवाणियों के अनुरूप हैं। भविष्य में पृथ्वी के अत्यधिक गर्म होने पर साल की शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवात के कारण अत्यधिक बारिश होने की आशंका है। दक्षिण पश्चिमी यूरोप, ब्राजील, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में 2023 की वसंत ऋतु में गरम हवा देखी गई। उत्तर अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में पिछले साल जुलाई में एक साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखी गई। पिछले साल हवाई और कनाडा के जंगलों में लगी आग भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही है। गर्मी में उम्मीद से अधिक बढ़ोत्तरी बढ़ते तापमान की दस्तक है, चेतना होगा।



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

**इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ।**

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।
गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गाँवों में फ्रिज, दो पहलिया वाहन और टीवी की खरीदारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है उनमें कृषि भी प्रमुख है।
यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के




सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहाँ एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभांवित हो रहे हैं।
जहाँ कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए है। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूँकि मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है।
इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभांवित हो रहे हैं।
यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थाई समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बड़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियाँ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा।
24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
एस.एन. वर्मा




# महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए डिजिटल शक्ति

देश की आधी आबादी महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में जागरूक न होने के कारण अधिकाशं महिलाएं साइबर क्राइम का शिकार होती जा रही हैं। हालाकि देश भर में महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में परामर्श और सूझ-बूझ के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन यह संख्या का काफी कम है और यह सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित है। बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के शहरों की महिलाएं इस पहुंच से दूर है। जबकि उनकी आबादी इन छोटे शहरों में ही अधिक हैं और ये महिलाएं ही दूर दराज बैठे साइबर अपराधियों के शिकार आसानी से हो जाते हैं।
पहले हम यह जान लें कि डिजिटल शक्ति क्या है? डिजिटल शक्ति साइबर स्पेस में महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त तथा कुशल बनाने की एक अखिल भारतीय परियोजना है। डिजिटल शक्ति महिलाओं को किसी भी अनुचित घटना के विरुद्ध खड़ा करने की पहल है, जो वे ऑनलाइन स्पेस में देख सकती हैं पिछले एक दशक में भारत में साइबर क्राइम की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दुर्भाग्य से, इन अपराधों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं के खिलाफ होता है। इसका प्रमुख कारण भारत में प्रचलित भारी लैंगिक भेदभाव और डिजिटल ज्ञान की कमी भी हैं। एक और चुनौती यह है कि साइबर क्राइम के शिकार ज्यादातर महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। इसके पीछे सामान्य कारण या तो परिवार और कानून प्रवर्तन से समर्थन की कमी और उनमें जागरूकता का अभाव है। हालांकि साइबर क्राइम के लिए स्पेशलाइज्ड पोर्टल स्थापित किया गया है, लेकिन कई मामले अनसुलझे रह गए हैं। जिन मामलों से जुड़े और जुड़े मामले हैं, वे औसतन 6-12 महीने की रिपोर्ट में बताए गए हैं।
बताते चलें कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने नवंबर 22 में डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया था। यह अभियान, साइबर क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों को डिजिटल रूप से सशक्त और कुशल बनाने का एक अखिल भारतीय परियोजना है। महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन स्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाने और ऑनलाइन माध्यम से किसी भी अवैध व अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे साइबरपीस फाउंडेशन और मेटा के सहयोग से शुरू किया है। डिजिटल शक्ति की शुरुआत जून 2018 में देश भर की महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने, लचीलापन अपनाने और साइबर अपराध से सबसे प्रभावी तरीकों से लड़ने में मदद करने के लिए की गई थी। पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा परामर्शों और सूझ-बूझ, रिपोर्टिंग और निवारण व्यवस्था, डेटा गोपनीयता और उनके लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग से अवगत कराया गया है। हालाँकि, अभी भी महिला जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत ऐसा है जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साइबरस्पेस में जाने से समय पर महिलाएं सुरक्षित रहें, और सलाह और इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं के कौशल से लाभ हैं। दूसरे चरण में, अभियान को वी थिंक डिजिटल - डिजिटल शक्ति अभियान के रूप में नया रूप दिया गया और 11 फरवरी 2020 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक ऑफ़लाइन कार्यशाला के साथ लॉन्च किया गया, जो लखनऊ में 300 से अधिक महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी। 12 महीनों की अवधि में, कुल 167 कार्यशालाएँ और छात्रों, शिक्षकों और केस कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों के 1,05,000 से अधिक नेटीजनों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया था। डेटा और डिजिटल फ़ुटप्रिंट को समझना, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, गलत सूचना से लड़ना, साइबर अपराध और निवारण। अभियान को डब्ल्यूएसआईएस पुरस्कार 2020 के लिए एक चौंपियन प्रोजेक्ट नामित किया गया था। भारत के 6 राज्यों-दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु और मणिपुर में कुल 62,000 लड़कियों और महिलाओं को जागरूक किया गया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
## दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## सटाका




## आज की पाती

### कंगना-विक्रमादित्य की बयानबाजी का औचित्य

कांग्रेस के विक्रमादित्य और भाजपा की कंगना रनौत लोकसभा चुनाव के लिए मंडी से प्रत्याशी हैं। कंगना की राजनीति में नई-नई एंट्री है और वह शायद पहली बार चुनाव लड़ रही हैं, जबकि विक्रमादित्य राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय हैं और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार मंडी से राजनीति का पुराना खिलाड़ी विक्रमादित्य बाजी मारेगा या फिर कंगना रनौत, यह तो मतदाता ही तय करेगा, लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के लिए ये दोनों विभिन्न तरह के मुद्दों पर बात कर रहे हैं। विक्रमादित्य कांग्रेस की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष रख रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कंगना मोदी सरकार की उपलब्धियों को।

*- महेंद्र तिवारी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### लोकसेवकों को शुभकामनाएं



सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### महावीर के अहिंसा संदेश



महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा एक पूजक पंथ बन गई



भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करती है। मोदी के 10 साल के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।
-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता

### खरीद क्षमता कम हुई



मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है।।
-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# तालिबान को आतंकी सूची से हटाने रूस कर रहा विचार



अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक एवं आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से कुछ हासिल करना होगा। वर्ष 1999 में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 1267 को अपनाया था। कुछ महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने और तालिबान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने संबंधी एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। रूस के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए कहा कि इसने चेचन्या में अवैध सशस्त्र बलों के साथ संबंध बनाए रखे और उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश की।

## ऑफ बीट

# 'तनाव चक्र' को पूरा करने बर्नआउट से बचना होगा



क्या आप ऐसा समय याद कर सकते हैं जब आपने जीवन की एक बड़ी घटना से पहले तनाव महसूस किया हो और फिर बाद में ऐसा महसूस हुआ जैसे कोई बोझ उतर गया हो? यह प्रक्रिया - तनाव प्रतिक्रिया का तेज होना और फिर इसे वापस शांत महसूस करना - 'तनाव चक्र' के पूरा होने को दर्शाता है। दैनिक जीवन में कुछ तनाव अपरिहार्य है। लेकिन तनावग्रस्त रहना अस्वास्थ्यकर है। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हृदय रोग और स्ट्रोक और मधुमेह सहित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों को बढ़ाता है। इससे उदासी या अवसाद भी हो सकता है। व्यायाम, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सामाजिक और आत्म-सुखदायक गतिविधियाँ हमें तनाव को स्वस्थ तरीके से संसाधित करने और तनाव चक्र को पूरा करने में मदद करती हैं। तनाव चक्र कैसा दिखता है? वैज्ञानिक और शोधकर्ता 'तनाव प्रतिक्रिया' का उल्लेख करते हैं, अक्सर सामना करने या इससे बच निकलने की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 'तनाव चक्र' वाक्यांश को स्व-सहायता विशेषज्ञों द्वारा लोकप्रिय बनाया गया है लेकिन इसका वैज्ञानिक आधार है। तनाव चक्र किसी तनावपूर्ण घटना के प्रति हमारे शरीर की प्रतिक्रिया है, चाहे वह वास्तविक हो या कथित, शारीरिक हो या मनोवैज्ञानिक।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# सोचा नहीं था लेकिन टिकट मिली, माहौल देखकर कह सकता हूं कि मैं जीत रहा हूं

## चुनावी संवाद में महासमुंद से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू से विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा, यहां की जनता से मैं राजनीतिक नहीं, पारिवारिक रिश्ता बनाने आया हूं। यहां की जनता के मान-सम्मान के लिए काम करूंगा। अपने संसदीय कार्यकाल में अच्छा काम करने का प्रयास करूंगा। मुझे आप अपने परिवार का सदस्य मानकर जिताएं। उन्होंने कहा, चुनाव लड़ने के संबंध में मैंने सोचा नहीं था। पार्टी ने मेरे नाम पर तीन-तीन लोकसभा क्षेत्रों में विचार किया। महासमुंद के लोगों ने भी मेरे नाम का प्रस्ताव दिया, उसके आधार पर चुनाव लड़ रहा हूं। चुनावी संवाद में महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने चर्चा की। पेश है उनसे हुई बातचीत के कुछ अंश।

**सवाल- ताम्रध्वज साहू को हमेशा नए-नए क्षेत्र से मौका दिया जाता है। अब ये महासमुंद में घूम रहे है, ऐसा क्यों?**

जवाब- मैं नहीं चाहता कि नए क्षेत्र में जाऊं, पुरानी जगह से चुनाव लडूं, यह चाहता हूं, लेकिन पार्टी जहां से कहती है, वहां से चुनाव लड़ता हूं। पार्टी मेरी बेहतरी के लिए मुझे नई जगहों पर भेजती है। जहां मैं जाता हूं, वहां पारिवारिक रिश्ता बनाता हूं, राजनीतिक नहीं। पार्टी के लिए एक-एक सीट महत्वपूर्ण होती है। मुझे निपटाने के लिए यहां नहीं भेजा है। मैंने लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में सोचा नहीं था। मैं पार्टी संगठन में काम करने के लिए तैयार था, लेकिन मेरा नाम कई जगहों से आया और मुझे यहां से चुनाव लड़ने का निर्देश पार्टी से मिला।

**सवाल- आपको दुर्ग से महासमुंद क्यों खिसका दिया गया?**

जवाब- मेरा एक ही उद्देश्य रहता है, मैं पार्टी के निर्देश मानता हूं। पार्टी संगठन में मैंने काम किया है। मुझे नई जगहों पर भेजा गया है। 8 मार्च को मेरे नाम की घोषणा हुई, महासमुंद के लोग मिलने आए, तब से लेकर क्षेत्र में घूम रहा हूं। यहां की जनता अच्छी है। यह बहुत अच्छा क्षेत्र है, यह कांग्रेस का गढ़ है। पिछले 15 साल से यहां भाजपा कैसे आई, यह नहीं जानता।

**सवाल- यह लोकसभा क्षेत्र शुक्ल परिवार का गढ़ रहा है। उनके परिवार के लोग आपकी मदद कर रहे हैं या नहीं।**

जवाब- यह शुक्ल परिवार का गढ़ रहा है। उनके परिवार से अमितेष शुक्ल सक्रिय राजनीति में हैं। वे इस चुनाव में महासमुंद क्षेत्र के प्रभारी भी हैं। वे यहां पर मेरे साथ और अकेले भी प्रचार कर रहे हैं। उनका पूरा सहयोग मिल रहा है। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

**सवाल- भाजपा वालों से कोई सहयोग मिला या कांग्रेस के लोगों से, कैसा सहयोग मिल रहा है?**




जवाब- भाजपा के लोग जो मुझे पसंद करते हों, वे मेरा समर्थन करेंगे। अभी कांग्रेस के लोगों के साथ घूम रहा हूं। यहां पर मैं अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रहा हूं।

**सवाल- भाजपा प्रत्याशी को आप अपने सामने कैसा मानते हैं? कांग्रेस के कई नेता भाजपा प्रवेश कर रहे हैं, पार्टी के लोगों का सहयोग मिल रहा है कि नहीं?**

जवाब- भाजपा प्रत्याशी के बारे में मैं कुछ नहीं कहूंगा। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में एक व्यक्ति जाता है, पूरी पार्टी की बात करें तो, जाति। कांग्रेस से जो लोग भाजपा प्रवेश कर रहे हैं, वह उनका व्यक्तिगत मामला है। इस चुनाव में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। यह इसलिए बनेगी कि भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में कथनी और करनी में अंतर है। कांग्रेस ने जो काम किया, उसे देखकर लोग इंडिया गठबंधन और कांग्रेस का समर्थन करेंगे।

**सवाल- आप यहां से चुनाव जीतेंगे, इसके लिए कितने आश्वस्त हैं?**

जवाब- राज्य में विधानसभा चुनाव के समय मतदाता का रुख अलग-अलग रहता है। मेरे जीतने का सवाल है, दौरा करते हैं, उस दौरान जो अनुभव करते हैं, उसके आधार पर कह सकते हैं कि वहां की जनता मुझे जिताएगी। मैं बहुत सहज व्यक्ति हूं। सहजता और सरलता मेरी पूंजी है। उससे बाहर जाना मैं नहीं चाहता। संगठन का निर्देश मानता हूं। मुझे किसी को कमजोर साबित कर दमदार नहीं बनना है। कोई किसी को ठोक करेगा या नहीं, यह चुनौती वाली बात किसी को नहीं करनी चाहिए। समय और परिस्थितियां बनाती-बिगाड़ती हैं। छोटा व्यक्ति भी बड़े व्यक्ति को गिराता और झुकाता है, हरा देता है। इतिहास में ऐसे कई मौके आए। घमंड वाली बात व्यक्ति को नहीं करनी चाहिए।

**सवाल- महासमुंद की जनता आपको क्यों जिताए, इसके लिए क्या कहेंगे?**

जवाब- आम लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा, इसका भरोसा दिलाता हूं। यहां के लोग जहां और जैसे चाहें, मिल सकते हैं। जनता विकास के लिए जनप्रतिनिधि चुनती है, चुनाव जीतने के बाद आपके साथ बैठकर गांव की समस्या और राज्य तथा देश के स्तर की चर्चा आम लोगों से कर काम किया जाएगा। मैं भी एक मतदाता था, तो जो मैं चाहता था, वैसा काम करने का विश्वास लोगों को दिलाता हूं।

**सवाल- भाजपा प्रत्याशी से आप किस तरह आगे चल रहे हैं?**

जवाब- विकास के कार्यों को लेकर जहां जैसी परिस्थिति दिखती है, वहां उस तरह से काम करता हूं। यहां की जनता मुझे पसंद कर रही है, पहले वाले नेता ने अच्छा काम नहीं किया, उसे देखते हुए लग रहा है।

**सवाल- भाजपा सरकार की योजनाएं कितना परेशान कर रही हैं?**

जवाब- नई सरकार को अभी तीन माह हुए हैं। यहां पर 15 साल भाजपा के कार्यकाल के बाद में जनता को बताते हैं। भाजपा के कैंपेन के बाद भी सरकार बदली। अब विष्णुदेव साय सरकार पांच साल के लिए बनी है। देश से मोदी सरकार जाने का समय आ गया है।

**सवाल- महासमुंद की जनता के लिए ताम्रध्वज का संदेश...**

जवाब- महासमुंद की जनता से यह निवेदन है कि वर्तमान में कांग्रेस ने मुझे महासमुंद क्षेत्र की सेवा करने का मौका दिया है। मैं आपके बीच रहूंगा। मैं राजनीतिक नहीं, पारिवारिक रिश्ता बनाता हूं। मैं यहां की जनता के मान-सम्मान के लिए काम करूंगा। अपने संसदीय कार्यकाल में अच्छा काम करने का प्रयास करूंगा। मुझे आप अपने परिवार का सदस्य मानकर जिताएं।

## आमने/सामने

### कांग्रेस ने युवाओं के हाथ में पिस्तौल थमाने का काम किया : योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के हाथ में पिस्तौल थमाने का काम किया। नक्सलवाद के साथ कांग्रेस की आंतरिक समझ है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। युवाओं के हाथों में टैब होना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उन्हें पिस्तौल थमा दी। उन्होंने युवाओं को समाज की मुख्यधारा से हटाने का नापाक प्रयास किया। कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को बांटने का काम करती है।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा नक्सलियों की पोषक रही : शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का बयान बेतुका और झूठा है। सारा देश और छत्तीसगढ़ जानता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की पोषक तो भाजपा रही है, जिसके 15 सालों के छत्तीसगढ़ के शासनकाल में नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉक से निकलकर राज्य के 14 जिलों तक पहुंचा। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के गृह जिले तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के पांच साल में तो नक्सलवादी घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी आई थी।

## कांग्रेस उम्मीदवार को नहीं मिले प्रस्तावक, नामांकन रद्द

### बीजेपी पर लगाया अपहरण का आरोप

एजेंसी ▶▶ सूरत



गुजरात में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को प्रस्तावक नहीं मिल रहे हैं। सूरत से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस ने निलेश कुम्भानी को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उनका नामांकन फार्म रद्द कर दिया गया है। निलेश कुम्भानी ने चुनाव अधिकारी के सामने तीन प्रस्तावक के हस्ताक्षर करवाए थे, लेकिन जब वह नामांकन के लिए पहुंचे तो उनके साथ तीन में से एक भी प्रस्ताव मौजूद नहीं था। इसके बाद निलेश कुम्भानी का नामांकन फार्म रद्द कर दिया गया। वहीं नामांकन फार्म रद्द होने पर कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी ने कहा कि मेरी सुबह प्रस्तावकों से बात हुई थी और सभी ने कहा था कि 9 बजे तक कलेक्टर ऑफिस आ जाएंगे, लेकिन अब सभी के फोन बंद है।

#### कोर्ट जाएंगे कांग्रेस नेता

निलेश ने कहा कि सरकार की धमकी के बाद सभी प्रस्तावक डर गए हैं। कांग्रेस के एक नेता बाबू मांगूकिया ने कहा कि हमारे तीनों प्रस्तावकों का अपहरण हुआ है और चुनाव अधिकारी को इसकी जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना हस्ताक्षर का मिलान किए नामांकन फार्म रद्द करना गलत है और हम इसके खिलाफ हाईकमान से बात कर कोर्ट जाएंगे।

## उद्धव ने किया 'मशाल' गाने में बदलाव से इंकार

### चुनाव आयोग को सीधी चुनौती

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। दरअसल, चुनाव आयोग ने मशाल' गाने में दो बदलाव करने को कहा था। आयोग के इस आदेश को उद्धव ने मानने से इनकार कर दिया। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी निशाना साधा है। उद्धव ने चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए कहा, "कल हमें चुनाव आयोग की तरफ से एक चिट्ठी मिली। हमारे पार्टी का चिह्न अब 'मशाल' है। हमने आगामी चुनाव के लिए मशाल गाना भी लॉन्च किया है। जब इसे चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया, तब उन्होंने दो शब्द 'हिन्दू हा तुझ धर्म' और 'जय भवानी, जय शिवाजी' हटाने के लिए कहा। मैं चुनाव आयोग को कहना चाहूंगा कि हम इसे नहीं हटाएंगे।"

#### आदेश को मानने से इंकार

उद्धव ठाकरे ने बताया कि वह सार्वजनिक बैठकों में जय भवानी और जय शिवाजी बोलना नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, "अगर चुनाव आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करती है तो उन्हें यह बताना पड़ेगा कि जब प्रधानमंत्री अपनी रैलियों में जय बजरंग बली कहते हैं तो वे (चुनाव आयोग) क्या करते हैं। यहां तक की अमित शाह ने भी लोगों से कहा कि रामलला के दर्शन के लिए भाजपा को वोट करें।" उद्धव ने आयोग से पूछा कि क्या अब कानून को बदल दिया गया है?

## लोकतंत्र की मजबूती में अहम भूमिका निभाई है सर्वोच्च अदालत के कुछ फैसलों ने

# सुप्रीम कोर्ट के बड़े फैसले... जिनसे बदल गई चुनाव की दिशा और दशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जब सभी राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार चरम पर है। ऐसे वक्त में देश की सर्वोच्च अदालत के द्वारा दिए गए कुछ ऐसे फैसलों का जिक्र करना जरूरी है जिन्होंने चुनाव की दशा और दिशा बदलने का काम किया है। साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी यह फैसले अहम साबित हुए हैं। हाल ही में चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ के कई फैसलों ने सुर्खियां हासिल की हैं वहीं राजनीतिक दलों के लिए परेशानी का सबब भी बना है। आजादी के बाद से अब तक सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई अहम फैसले लिए गए हैं, जिन्होंने देश की दशा-दिशा बदलने में सार्थक भूमिका निभाई है।

**खास बातें**

- संसद ने 1975 में 39वां संविधान संशोधन किया था जिसने अदालतों को प्रधानमंत्री और स्पीकर के चुनाव की स्क्रूटनी करने से रोक दिया था आंशिक रूप से यह संशोधन किया गया था रद्द



आजादी के बाद से अदालतों द्वारा चुनावों को लेकर दिए गए फैसलों की बात करें तो जून, 1975 में आये इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले का बार-बार जिक्र होता है। इस फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रायबरेली सीट से निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद इंदिरा सरकार ने देश में आपातकाल लगा दिया था। इस फैसले के खिलाफ

### 1975 सुप्रीम कोर्ट ने पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट में अपनी अपील के पेंडिंग रहने के दौरान संसद में 39 वां संविधान संशोधन किया गया था जिसने अदालतों को प्रधानमंत्री और स्पीकर के चुनाव की स्क्रूटनी करने से रोक दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर, 1975 में हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए इंदिरा गांधी के चुनाव को बरकरार रखा था लेकिन आंशिक रूप से 39 वें संविधान संशोधन को रद्द कर दिया था।

### मतदाताओं को दिया नोटा का विकल्प

सितंबर 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने मतदाताओं के सामने नन ऑफ द एबव (नोटा) का विकल्प रखा था। अदालत ने कहा था कि किसी भी मतदाता के लिए यह बेहद जरूरी है कि वह राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में खड़े किए गए उम्मीदवारों को खारिज कर सके। दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में कुल 47 सीटें ऐसी रही थीं जहां पर जीते और हारे हुए उम्मीदवार के अंतर से ज्यादा वोट नोटा को मिले। मध्य प्रदेश में ऐसी 20, राजस्थान में 17, छत्तीसगढ़ में 8 और तेलंगाना में 2 सीटें थीं।

### चुनाव आयोग के फैसले पर मुहर

*इन फैसलों के अलावा 1969 में जब कांग्रेस का विभाजन हुआ था और जगजीवन राम और एस. निजलिंगप्पा के नेतृत्व वाले खेमों ने कांग्रेस के नाम पर दावा किया था तो चुनाव आयोग ने जगजीवन राम के पक्ष में फैसला सुनाया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि जगजीवन राम के खेमे के पास कांग्रेस सांसदों, विधायकों और प्रतिनिधियों का बहुमत था। 1971 में सादिक अली के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के द्वारा दी गई व्यवस्था को बरकरार रखा था। चुनाव आयोग ने पिछले कुछ सालों में एनसीपी और शिवसेना में हुई टूट के मामले में भी 1969 में कांग्रेस के विभाजन को लेकर दिए गए फैसले के आधार पर ही अपना निर्णय सुनाया था।*

### वीवीपैट का इस्तेमाल करने का आदेश

अक्टूबर, 2013 में सुब्रमण्यन स्वामी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से चरणबद्ध तरीके से वैरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी (वीवीपैट) का इस्तेमाल करने के लिए कहा। हालांकि चुनाव आयोग शुरुआत में इसके लिए तैयार नहीं था। लेकिन अदालत ने अपने अहम फैसले में कहा था कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि पेपर ट्रेल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बेहद जरूरी है और मतदाताओं का भरोसा केवल पेपर ट्रेल को लागू करके ही करके जीता जा सकता है। अदालत ने कहा था कि ईवीएम के साथ वीवीपैट सिस्टम होने से ही यह पता चलेगा कि हमारी मतदान व्यवस्था कितनी सटीक है।

### इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को किया रद्द

सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था और राजनीतिक दलों को चंदा देने वालों के नाम गुप्त रखने को असंवैधानिक ठहराया था। केंद्र की मोदी सरकार साल 2017 में इलेक्टोरल बॉन्ड की योजना लेकर आई थी। इसके जरिए कोई भी शख्स या कोई कॉरपोरेट समूह किसी भी राजनीतिक दल को जितनी मर्जी चाहे चुनावी फंडिंग कर सकता था। इलेक्टोरल बॉन्ड पर आए कोर्ट के फैसले के बाद आम लोगों को पहली बार इस बात का पता चला कि किस राजनीतिक दल को किसने कितना पैसा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिया।

## 'कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला किया'

### राजस्थान के जालौर में बोले पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। रविवार को पीएम मोदी ने राजस्थान के जालौर में बीजेपी की विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रभक्ति से ओत प्रेत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 से पहले जो हालात थे वो हालात वापिस नहीं चाहिए, हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते, जाने वाले लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था।

#### अस्थिरता की प्रतीक है पार्टी

पीएम मोदी ने कहा कि अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या. कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया, इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट ऐसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या।

## चाचा शरद ने हमेशा मेरा विरोध किया : अजित



बारामती। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव पारिवारिक संबंधों को लेकर नहीं बल्कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक मुकाबला है। अजित पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। इस दौरान अपने चाचा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि शरद पवार ने लगभग 35 वर्षों तक उनका विरोध किया है।

## 'खुद प्रजातंत्र खत्म कर रहे और कहते हैं संविधान नहीं बदलेगा'

### सतना में खड़गे का पीएम मोदी पर हमला

एजेंसी ▶▶ सतना



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सतना की चुनावी सभा में भाजपा पर करारा हमला बोला और पीएम मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। खड़गे ने कहा, मैं कई जगह घूमा, जहां भी हम गए, वहां लोगों का प्रमुख मुद्दा महंगाई और बेरोजगारी है। महंगाई ने गरीबों की कमर तोड़ दी है और बेरोजगारी से युवा परेशान है। कोई खुश नहीं है। अगर, कोई खुश है तो सिर्फ एक ही आदमी (मोदी) खुश है। खड़गे ने कहा, राजीव गांधी की पंचवर्षीय योजना में हुए काम आज भी नजर आते हैं। देश में साइंस और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर रॉकेट बनाया। इंदिरा गांधी ने इस रॉकेट को उड़ाया। आप (भाजपा) सिर्फ कांग्रेस और गांधी फैमिली को गाली देते हैं।

#### खत्म कर रहे लोकतंत्र

खड़गे ने कहा कि, प्रजातंत्र और लोकशाही को मोदी खत्म कर रहे हैं और कहते ये हैं कि डॉ. आंबेडकर भी ऊपर से नीचे आ जाएं तो संविधान नहीं बदलेगा। मोदी कहते हैं कि डॉ. आंबेडकर भी ऊपर से नीचे आ जाएं तो भी संविधान नहीं बदलेगा। ये उनके अल्फाज हैं। आपने खबरों में पढ़ा और सुना होगा। अगर, यह सच है तो आपके सांसद, मोहन भागवत और एमएलए क्यों कहते हैं कि हमे टू थर्ड मेजोरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे।

## 1957 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने रखी थी अजीबोगरीब मांग

# बूथ पर अड़ी बुजुर्ग... नेहरू को दिखाओ तभी डालूंगी वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में पहली बार 1951-52 में आम चुनाव कराए गए थे। भारत का पहला लोकसभा चुनाव जहां विश्वास का काम था, तो वहीं, 1957 में दूसरा चुनाव समय के खिलाफ एक दौड़ थी। 1957 के चुनावों में कठिन प्रशासनिक चुनौतियां सामने आयीं। 1951 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से निर्धारित करने के लिए 1952 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया था। इसके अलावा जस्टिस फजल अली के नेतृत्व वाले राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1955 में अपनी सिफारिशें की थीं (जिन्हें 1956 में लागू किया गया था)। इस प्रकार, राज्यों की सीमाएं भी पहले लोकसभा चुनाव (1951-52) के दौरान की सीमाओं से भिन्न थीं।

### कांग्रेस का था बोलबाला

1952 की तरह ही 1957 के चुनाव में भी कांग्रेस मैदान में बहुत आगे थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (पीएसपी) विपक्ष में एकमात्र प्रमुख ताकतें थीं। भाजपा की पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ (बीजेएस) अभी भी पहचान में आने की कोशिश कर रही थी।1957 तक, जो नेता नेहरू को राजनीतिक चुनौती दे सकते थे, वे जीवित नहीं थे। 1953 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और 1956 में डॉ. बीआर अंबेडकर का निधन हो गया। गांधीवादी जेबी कृपलानी ने पीएसपी बनाने और कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए अपनी केएमपीपी का जयप्रकाश नारायण की सोशलिस्ट पार्टी में विलय कर दिया था।



### मतदाताओं की अजीबोगरीब डिमांड

1957 के चुनाव में भी मतदाताओं ने दूसरे चुनाव में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव आयोग की रिपोर्ट से पता चलता है कि बिहार के एक मतदान केंद्र पर एक बूढ़ी महिला ने मतदान से पहले पंडित नेहरू को देखने की मांग की। यूपी के एक मतदान केंद्र पर कुछ मतदाताओं ने "गांधीजी" और "नेहरूजी" के अलावा किसी को भी वोट देने से इनकार कर दिया। मद्रास में, एक मतदाता ने सीईसी के लिए मतदान करने पर जोर देते हुए कहा, "मैं केवल सुकुमार सेन को वोट देना चाहता हूं, किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को नहीं। ये सभी पार्टियां मुझे दुष्प्रचार से परेशान कर रही हैं।"1957 में कुल मतदान प्रतिशत पहले लोकसभा चुनाव के 51.15% से गिरकर 47.54% हो गया। सबसे अधिक मतदान (75.68%) केरल के कोट्टायम में दर्ज किया गया जबकि कांगड़ा जो उस समय पंजाब में था वहां सबसे कम मतदान (16.94%) हुआ।

### और मजबूत बनकर उभरी कांग्रेस

कांग्रेस के भीतर उथल-पुथल के बावजूद, पार्टी चुनाव के बाद मजबूत हो गई, उसका वोट शेयर 1952 में 44.99% से बढ़कर 1957 में 47.78% हो गया। पार्टी ने 371 सीटें जीतीं, जो 1952 की तुलना में सात अधिक थी। सीपीआई 27 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जवाहरलाल नेहरू ने फूलपुर से लगातार दूसरा चुनाव जीता। 1952 में बंबई से हारने के बाद मोरारजी देसाई सूरत से, लाल बहादुर शास्त्री इलाहाबाद (अब प्रयागराज) से और फ़िरोज़ गांधी रायबरेली से जीते। अटल बिहारी वाजपेई मथुरा, लखनऊ और बलरामपुर से बीजेएस के उम्मीदवार थे लेकिन उन्हें जीत सिर्फ बलरामपुर में हासिल हुई। आचार्य कृपलानी (पीएसपी) सीतामढी से जीते जबकि उनकी पत्नी सुचेता कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नई दिल्ली से जीतीं। विजयाराजे सिंधिया ने गुना से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। हारने वालों में बड़ा नाम वी वी गिरी का था जो बाद में राष्ट्रपति बने। वह पार्वतीपुरम सीट पर तीसरे स्थान पर आये। राम मनोहर लोहिया ने चंदौली से निर्दलीय चुनाव लड़ा और हार गए।







## रजत पालकी में सवार होकर निकले श्रीजी जगह-जगह भव्य स्वागत

# अहिंसा का संदेश देते निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

**जबलपुर। श्रवण संस्कृति के उन्नायक अहिंसा धर्म के प्रणेता जियो और जीने दो के उद्घघोषक श्री 1008 भगवान महावीर की जयंती कल यहां पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी की इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा नयानाभिराम झांकियों के साथ निकाली गईं रजत पालकी में सवार श्रीजी के झांकी श्रद्धा और आस्था का केन्द्र रही। दोपहर में शोभायात्रा का समापन बड़े फुहारे पर हुआ जहां श्रीजी का महामस्तिकाभिषेक किया गया।**

इस बार गणाचार्य विराट सागर महाराज के परम शिष्य उपाध्याय श्री विरजंन सागर, मुनिश्री सौम्य सागर, मुनि श्री सुमति सागर ससंघ उपस्थित रहे। सानिध्य उपाध्याय श्री 108 विरंजन सागर जी महाराज ससंघ 6 पिंछी उपाध्याय श्री 108 विश्रांत सागर जी महाराज ससंघ 4 पिंछी उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागर जी महाराज ससंघ 2 पिंछी यमल मुनिराज मुनि श्री 108 आस्तिक्य सागर जी महाराज मुनि श्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज ससंघ क्षुल्लक श्री 105 तत्व सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के सभी जैन मंदिरों की ओर से झांकियां शामिल की गईं।

### श्रीजी का महा मष्तिकाभिषेक किया गया

महावीर जयंती पर श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा और जैन नवयुवक सभा व अन्य समाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान बड़े जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो मिलौनीगंज, कोतवाली, कमानिया, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, सिविक सेंटर गंजीपुरा, घमण्डी चौक होते हुए बड़े फुहारे पर समाप्त हुई। यहां विशाल जन समुदाय के बीच श्रीजी का महा मष्तिकाभिषेक और महाशांतिधारा का अनुष्ठान किया गया। शोभायात्रा पर अश्वों पर केसरिया ध्वज लेकर चल रहे युवा चाचर नृत्य, डांडिया, बीजाडांडी का आदिवासी, नृत्य जनाकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा मार्ग पर रजत पालकी पर विराजमान श्रीजी का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पूजन अर्चन एवं आरती की गई। आदिनाथ जैन नवयुवक समिति, राष्ट्रीय दिगम्बर जैन युवा, महासभा, जैन अल्पसंख्यक संगठन, श्रमण संस्कृति सेवा संघ, आदिनाथ पूजन मंडल, वीर मण्डल सेवा दल, जैन जागृति संघ, साधु सेवा समिति, सन्मति संघ, जैन युवा छात्र संगठन, नमोस्तु शासन संघ, अतिशय युवा मंच जैन सोशल ग्रुप द्वारा शोभायात्रा का स्वागत कर मिष्ठान व फल वितरित किये गये।

### जैन सोशल ग्रुप ने किया स्वागत

जैन सोशल मेन ग्रुप नगर शाखा अध्यक्ष विकास शिखा जैन सचिव नितिन राशि जैन आदि सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा मालवीय चौक स्थित अपने ग्रुप के स्वागत मंच से शोभायात्रा का स्वागत किया।

### कमानिया में कवि सम्मेलन आज

महावीर जयंती पर पांच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतिम सोपान में 22 अप्रैल सोमवार की रात 9 बजे से कमानिया गेट पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के नामवार कवि काव्यपाठ करेंगे।

### ये रहे उपस्थि

शोभायात्रा में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, अखिलेश जैन (सीए), पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे, सत्येन्द्र जैन, जुग्गू, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, पूर्व पार्षद अमित जैन, पूर्व पार्षद चक्रेश नायक, मनीष जैन कल्लू, राकेश चौधरी, सुनील मंगलाहाट, नरेंद्र जैन लायन, राजकुमार जैन कक्का आदि बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी और समाज के सभी वर्गे के गणमान्य नागरिक शामिल थे।



हरीभूमि, जबलपुर।

# चिंतामणि हनुमान मंदिर में कल होगा भंडारा

**सभी बाधाओं को दूर करने वाले रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव कल**

पाटन बायपास स्थित श्री चिंतामणि हनुमान जी का मंदिर वर्तमान दौर में सबसे बड़ा आस्था का केंद्र बन रहा है। यहां पर 12 फीट ऊंचे गोल गुंबज पर काले ग्रेनाइट से निर्मित भागवां श्री चिंतामणि हनुमान जी की प्रतिमा दिन प्रतिदिन आस्था का केंद्र बनती जा रही है । जबलपुर शहर से मंगलवार और शनिवार के दिन हजारों भक्तों का ताता यहां पर लगने लगा है। वैसे भी भगवान हनुमान जी के लिए कहा जाता है कि यह संकट मोचन है और समस्त चिताओं को बधाओ को इनके स्मरण मात्र से खत्म किया जा सकता है ।इसीलिए तो कहते हैं रामायण कि चौपाई है जो स्वयं सिद्ध है

कवन कौन सो काज कठिन जग माहि...इस संसार में ऐसा कोई काम नहीं है जो श्री हनुमान जी का नाम लेने से नहीं हो सकता। हनुमान जी का नाम लेने से सभी कार्य अवश्य संपन्न होते तथा बाधाएं दूर हो जाती है। आपको ज्ञात होगा की हनुमान चालीसा की 4 चौपाइयां जो चितामणि हनुमान जी के सामने कह देने से सारी बढ़ाएं दूर हो जाती है । चौपाई - नासै रोग हरे सब पीरा। जपत निरंतर हनुमत बलबीरा।। ओम हं हनुमंताय नमः. ओम नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा। ॐ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट।

हनुमान जी को कलयुग का सबसे बड़े भगवान के रूप में माना गया है । इस युग में हनुमान जी की भक्ति करना सर्वश्रेष्ठ बताया है। हनुमान जी की भक्ति से व्यक्ति में साहस, और आत्मविश्वास, का संचार होता है। हनुमानजी की भक्ति हर संकट से बचाती है।हनुमान जी से जुड़े कुछ तथ्य जो चिंतामणि हनुमान जी के साथ देखने को मिलते हैं हनुमानजी भगवान शिव के अवतार हैं। वह शक्ति, भक्ति, और दृढ़ता का प्रतीक माने जाते हैं। सुंदर आवरण और आधुनिक सजा से निर्मित विदित सिग्नेचर में जो चिंतामणि हनुमान जी का मंदिर है जिसकी भूमिका का स्तूप वैष्णो देवी की चढ़ाई जैसा सुंदर गुंबज बनाया गया है और इसके ऊपर भगवान की इतनी बड़ी प्रतिमा है जो अपने आप में ही आपके पहुंचते ही सारे कष्ट और थकानों को तुरंत दूर कर देती है। चिंतामणि हनुमान जी के दर्शन मात्र से हृदय में प्रसन्नता बिगड़े काम बन जाना और समस्त चिंताएं दूर हो जाती हैं। इस वर्ष चिंतामणि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर 23 अप्रैल 2024 को विशाल भंडारा एवं महा आरती का आयोजन किया गया है एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या का आयोजन भी चिंतामणि हनुमान मंदिर पाटन बायपास जबलपुर में किया गया है। प्रभु श्री राम की भक्ति यदि आपको पाना है तो चिंतामणि हनुमान जी आपके लिए सहायक सिद्ध होंगे भक्ति शक्ति सफलता और चिताओं बढ़ाओ से दूर होने के लिए कलयुग का एकमात्र सहारा है प्रभु श्री राम के परम भक्त हनुमान जी महाराज और जबलपुर का यह सौभाग्य है की प्रभु श्री चिंतामणि हनुमान जी साक्षात विराजित है इनका दर्शन कर आप अपने जीवन को धन्य करें एवं 23 अप्रैल को हनुमान जी के जन्म उत्सव पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर के अपने जीवन को भक्ति श्रद्धा और सत्संग के अवसर पर पधारकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए : मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस समय प्रचंड धूप और गर्मी के तापमान में वृद्धि को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यदि ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित नहीं किया जाता है तो लू की चपेट से बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता अभिभावकों को सताने लगी है और वह स्कूलों से लगातार संपर्क कर समय परिवर्तन और ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग कर रहे हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, डॉ. रश्मि यादव, उषा किरण,दिनेश गोंड, सुधीर अवधिया, गुडविन चार्ल्स, हेमंत ठाकरे आदि ने कलेक्टर से मांग की है की भीषण गर्मी के प्रभाव को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए।




# 600 से युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**कलचुरी समाज का 29 वां परिचय सम्मेलन आयोजित**

जबलपुर।

कलचुरी समाज 29वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोज मानस भवन में किया गया। सर्वप्रथम कलचुरी कुल गौरव राजरजेश्वर कार्तवीर्य भगवान सहस्त्रार्जुन जी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात युवक एवं युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। सम्मेलन में 600 युवक-युवतियों ने अपना अपना परिचय दिलाकर ,कलचुरी समाज ने युवक-युवतियों को एक विशाल मंच देकर समाज में प्रेरणादाई कार्य किया है। मैं समाज के सभी पदाधिकारियों को अपनी ओर से बधाई प्रेषित करता हूं। ये विचार कलचुरी युवक युवती परिचय सम्मेलन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि कलचुरी समाज से मेरा पुराना जुड़ाव रहा है। वैसे तो मुझे अनेक समाजों का आशीर्वाद मिल रहा है। लेकिन कलचुरी समाज की बात ही कुछ और है। आपके समाज में मैं कुछ इस तरह घुला-मिला हूं कि मुझे लगता है कि मैं भी कलचुरी समाज का ही हूं। कलचुरी महासभा जबलपुर निरंतर कार्य करने वाला सक्रिय संगठन है। सभी पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई। कलचुरी महासभा जबलपुर विगत अनेक वर्षों से निरंतर परिचय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है, यह संगठन की गतिशीलता का प्रभाव ही है। सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोहर चौकसे, महामंत्री बी डी राय, राजेश जायसवाल,दिनेश शिवहरे, महिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौकसे शिवहरे, मिथिलेश चौकसे, शैलेन्द्र महाजन, केएस राय, राजेश जायसवाल पप्पू, कौशलेंद्र महाजन, आदि उपस्थित रहे।

## पंजाबी समाज का 32वां राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन संपन्न

# दो दिन में हुए 350 युवक युवतियों के पंजीयन 22 परिवारों के रिश्ते हुए लगभग तय

जबलपुर।



पंजाबी समाज का 32वां राष्ट्रीय पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का समापन रविवार को हुआ। जिसमें पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्र कुमार भानोत के मागदर्शन में पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के समस्त सदस्यों ने अपनी सहभागिता देते हुए सम्मेलन को सफल बनाया और इस बार लगभग 350 युवक युवतियों के पंजीयन हुए तथा कई परिवारों की बातचीत भी लगभग तय हो गई। पिछले सारे सम्मेलनों के रिकार्ड इस बार टूट गया। अभिभावक बहुत ही बढ़ चढ़कर अपने बच्चों के लिए जीवनसाथी की तलाश करते नजर आ रहे थे। जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन वर वधु के परिवारजनों का यह मानना रहा कि भले ही वर पैसे एवं सरकारी नौकरी वाला न सही पर चरित्रवान हो उसका जीवनसाथी वे मिलजुलकर अपना जीवनयापन कर सकें तथा एक दूसरे को तथा परिजनों को साथ में लेकर चल सकें। सम्मेलन में बड़ी एल.ई.डी. में युवक एवं युवतियों के बायोडाटा पढ़े जा रहे थे जिसमें सभी अभिभावकों की नजर पूरी तरह से हर रजिस्ट्रेशन पर जमी हुई थी। विवाह योग्य युवकों तथा युवतियों की फोटो एवं उनका जन्म स्थान रोजगार, शिक्षा एवं परिवार से संबंधित जानकारी की सूचना भी प्रसारित की जा रही थी। सभी परिजन बड़ी ही उत्सुकता के साथ हाथों में डायरी पेन तथा मोबाइल में फोटो लेने हेतु उत्सुकता के साथ योग्य बायोडाटा को नोट करते नजर आ रहे थे। साथ ही उनसे मिलने हेतु मंच से अलाउंस कराकर आपसी मेलजोल बातचीत में व्यस्त रहे। द्वितीय दिवस पर रविवार होने पर सम्मेलन में ज्यादा भीड उमड़ पडी तथा अनेक परिवारों के रिश्ते भी तय माने जा रहे हैं।



## रघुकुल घराना ने कराया भव्य सुहागलों का आयोजन

**जबलपुर।** गढ़ा फाटक स्थित अखाड़ा वाले हनुमान मंदिर के समक्ष रघुकुल घराना के द्वारा भव्य सुहागलों का आयोजन किया गया, रघुकुल घराना की अध्यक्ष स्वाति मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर बैठकी के दिन यहां पर देवी भागवत का आयोजन किया गया था, जिसमें कथा वाचक सुप्रिया दुबे थीं, मां दुर्गा शक्ति और प्रेम सुहाग की प्रतीक हैं और हमारी हिंदू मान्यता है कि चैत्र की बैठकी से लेकर पूर्णिमा तक मां देवी के ही दिन रहते हैं इसलिए भागवत के पश्चात सभी मातृ शक्तियों ने अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए अपने घर में धन धन्या लक्ष्मी एवं सुख शांति के लिए मां की आराधना करते हुए देवी भागवत के संपूर्ण होने पर सुहागलों का आयोजन किया। इस विशाल सुहागन सुहागनों के आयोजन को सामूहिक रूप से किया जा रहा है एवं इसमें सब का सहयोग है। सुहागन के आयोजन को सफल बनाने में स्वती मिश्रा, अनीता दुबे, संगे एटा सरिता केसरवानी, रंजीत केसरवानी, पूनम, पिंकी, पूजा, सविता, अनुराधा, नीलम, मालती श्वेता, अंजू, सिब्बा, महक, सरोज शिवानी, साक्षी दुबे सहित बहुत सारी महिलाओं का सहयोग रहा। हमारी मां से यही प्रार्थना है कि मां हम जितने भी लोग इस सुहागलों में बैठे हैं, सबको सुख संपन्नता और सुहाग का आशीर्वाद देना, जय माता दी।

## रोटरी क्लब के समर क्वीन कॉन्टेक्ट में महिलाओं, बच्चों ने खूब रंग जमाया

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर स्टार के द्वारा समर क्वीन कॉटैक्ट आयोजित किया गया, इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने डांस की परफारमेंस देते हुए पुरुस्कार अर्जित किए इसके अलावा 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं ने रैंप वॉक किया, जिसमें प्रतियोगी महिलाओं को पुरुस्कृत किया गया, इस अवसर पर यामिनी अनु सिंह, माला राकेश सिंह, कीर्ति अभिलाष पांडे, डॉ तनुश्री, गीता शरद तिवारी, अंजू भार्गव, रश्मि सिंह, कुसुम चौबे उपस्थित थीं। राही रोटरी क्लब जबलपुर स्टार अध्यक्ष सरिता सिंह राजपूत, एवीएन सचिव श्रीमती विश्वंती सिंह ने बताया हर साल की तरह इस साल भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोटरी क्लब द्वारा समर्पित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कल्पना सिंह, द्वितीय पुरस्कार मालती सिंह, तृतीय पुरस्कार रश्मि ठाकुर, एवीएन रजनी वर्मा, सर्वश्रेष्ठ आत्मविश्वास ललिता शाक्य, सर्वश्रेष्ठ एवीएन 60 से ऊपर लक्ष्मी सिंह, गीता शरद तिवारी, गीता दुबे, जजमेंट किया है, प्रेरणा जदानी, शिखा जैन, रश्मि खत्री, क्लब की सदस्य मन्जू कपूर और रोटरी स्टार के मेम्बर तृप्ति सिंह, सीमा चावला, पायल पाहवा, पूनम विश्वकर्मा, श्रुति सिंह, सरिता सिंह ने प्रार्टिसिपेट किया।




## स्काउट गाइड ने स्टेशन में यात्रियों को पिलाया पानी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने 21 अप्रेल से रेलवे स्टेशन जबलपुर में यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य प्रारंभ किया। बताया गया यूपी, बिहार जाने वाली ट्रेनों में अत्याधिक भीड़ होने के कारण यात्रीगण जनरल कोचों से बाहर नहीं आ पाते जिसमें स्काउट-गाइड्स सदस्यों ने ट्राली में पानी भरकर उन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस कार्य का मार्गदर्शन विवेकशील मंडल रेल प्रबंधक, अध्यक्ष स्काउट संजय कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती राजश्री द्विवेदी, मंडल सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर नितेश कुमार सोने, मंडल वाणिज्य प्रबंधक की उपस्थिति में जल सेवा कार्य स्काउट-गाइड बच्चों लीटर्स द्वारा किया जा रहा है।

# कांग्रेस झूठ बोलने, भ्रम फैलाने का काम करती है, जनता को केवल मोदी पर भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव का कहना है, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद जिस तरह से हमारी सरकार ने बहुत ही कम समय में मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है, उससे भरोसा है कि इस लोकसभा चुनाव में जनता प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटें भाजपा की झोली में डालने का काम करेगी। जनता कांग्रेस का खाता भी खुलने नहीं देगी। प्रस्तुत है हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में हुई उनकी बातचीत-*

***क्या देख रहे हैं इस लोकसभा चुनाव में?***

ये लोकसभा का चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए विकसित भारत के निर्माण का यह चुनाव है। पिछले दस सालों में नरेंद्र मोदी ने आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। लोगों की जरूरत को पूरा करने का काम किया है। लोगों को लगता है सपनों का भारत कैसा होना चाहिए, उस दिशा में देश बढ़ रहा है। हर वर्ग के लिए श्री मोदी ने योजनाएं बनाकर काम किया। आज आम आदमी भी चाहता है कि नरेंद्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनें। 2047 के विकसित भारत के निर्माण को गति प्रदान करें।

हरिभूमि खास

## छग के डिप्टी सीएम अरुण साव से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद




***जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं, उन कांग्रेसियों को भाजपा में क्यों लिया जा रहा है?***

क्या ऐसा कोई उदाहरण है जिसमें कोई भ्रष्टाचारी भाजपा में आया हो मदद पाने के लिए या उनको भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा ने मदद की है, ऐसा नहीं है। जो भाजपा में आ रहे हैं, उसके पीछे कारण यह है कि कांग्रेस में आज नेतृत्व नहीं है, कांग्रेस से उनके नेताओं का मोह भंग हो गया है, उनको समझ आ गया है कि इस पार्टी में अब करने लायक कुछ नहीं है। आज मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन यात्रा किनके नेतृत्व में निकल रही है, राहुल गांधी के। क्या हैं राहुल गांधी। इनके पास न नेतृत्व है, न नीयत है न काम है। इसकी वजह से कांग्रेस के लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं।

***ईवीएम मशीन को लेकर कहते हैं, उसके कारण भाजपा जीतती है?***

झूठा बोलने का काम ही तो कांग्रेस करती है। यह भ्रम फैलाने का भी काम करती है। 2018 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस में 68 सीटें मिली थीं। उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तो क्या इन लोगों ने ईवीएम को मैनेज करके चुनाव जीता था। सच्चाई यह है कि जब ये हारने वाले होते हैं तब ईवीएम पर सवाल खड़ा करते हैं। दुनिया कहां से कहां जा रही है, ये फिर से बैलेट पेपर पर चुनाव की बात करते हैं। यह कहीं से प्रमाणित नहीं हुआ है कि ईवीएम के साथ कोई छेड़छाड़ कर सकता है। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है।

# झाड़ू-पोंछा की डंडी बेच जुटाए 25 हजार चुनावी मैदान में ठोंकी फेरीवाले ने ताल

## कहा-आम आदमी की कोई नहीं सुनता, इसलिए लड़ रहा हूं चुनाव

**मैंने राजनीति से जुड़कर भी देखा, वे सब कार्यकर्ताओं का उपयोग करते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चुनाव विशेष

मैं सक्रिय राजनीति में रहा हूं। कई नेताओं से जुड़ा रहा। महसूस किया है कि यहां आम आदमी की कोई सुनवाई नहीं होती। नेता भी केवल उपयोग करते हैं। मैं कोई इतना बड़ा आदमी नहीं हूं कि चुनाव लड़ने के लिए 25 हजार खर्च कर सकूं। बीपीएल कार्ड धारी हूं। लेकिन मैंने कई महीने की मेहनत के बाद पैसों का जुगाड़ किया और चुनाव लड़ रहा हूं। केवल इसलिए कि आम आदमी को गंभीरता से लें।

दुर्ग संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे बलदेव साहू ने बताया कि वे 2018 के विधानसभा चुनाव में भी खड़े हुए थे। जिसके बाद वे अब फिर से लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में कूद गए हैं। उन्हें लोग फेरीवाले के नाम से जानते हैं। कई सालों से उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए पच्चीस हजार रूपए जोड़े हैं। यह इतना आसान नहीं है। साइकिल में रोज वे नड्डे-मुरकु, झाड़ू, पोंछा लगाने की डंडी व खिलौने का सामान बेचने निकलते हैं। जिससे आय की राशि को जोडकर वे नामांकन फार्म खरीद पाए हैं। उन्होने संपत्ति के ब्यौरे में बताया कि, वे बीपीएल कार्डधारी है। पिता सुखीराम साहू से उन्हें डेढ़ एकड खेती जमीन मिली है उसी से गुजारा हो रहा है। बलदेव साहू बताते है कि, वे अपनी मां की आंखों का आपरेशन कराने अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन उनसे निशुल्क होने वाले आपरेशन के लिए दस हजार रूपए की मांग की गई।



### 25 हजार के सिक्के से खरीदा नामांकन फार्म

**बिलासपुर।** पार्षद चुनाव में सिर्फ 12 वोट पाकर भी हिम्मत नहीं हारे और अब लोकसभा चुनाव में दावेदारी कर रहे हैं पंडित अनिमेष मिश्रा। बिलासपुर के कुदुदण्ड निवासी अनिमेष मिश्रा पुजारी हैं। इसके साथ ही एलआईसी एजेंट भी है। समाज में बदलाव चाहते हैं इसलिए राजनीति में आना चाहते हैं। अनिमेष मिश्रा ने लोकसभा में दावेदारी करते हुए निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है। इससे पहले वे विधासनभा चुनाव भी लड़ चुके हैं जिसमें उन्हें कुल 168 वोट मिले थे। जमानत जब्त हो गई थी लेकिन अनिमेष का कहना है कि बड़े बदलाव की शुरूआत में मुश्किल तो होती ही है। अनिमेष मिश्रा के नामांकन की खास बात होती है कि वे हमेशा चिल्हर लेकर पहुंचते हैं। पार्षद चुनाव में 5 हजार रुपए के सिक्के जमा किए थे तो विधानसभा चुनाव में 10 हजार रुपए का नामांकन सिक्के से जमा किया था। अधिकारियों को इसे गिनने में कई घंटे लग गए थे। लोकसभा चुनाव के लिए सिक्कों से भरी बोरी लेकर नामांकन पत्र लेने और जमा करने पहुंचे अनिमेष को अधिकारियों ने लौटा दिया था। कहा गया था कि निर्वाचन का नियम है कि 10 हजार रुपए से अधिक के सिक्के नहीं लिए जाए।

### गोवर्धन खुद चस्पा रहे अपने पोस्टर

**रायगढ़।** चुनाव के वक्त हर सरकार किसान और मजदूर के भले की बात जरुर कहती है लेकिन रायगढ़ के मजदूरों की दशा ये बता रही है कि उनका पूरा जीवन दो वक्त की रोटी के जुगत मे ही खाते हुए खत्म हो रहा है। मजदूरों की इसी पीड़ा को भोगकर मन में चुनाव लड़ने का संकल्प करते हुए इस बार रायगढ़ लोकसभा से एक आदिवासी महिला पूजा सिदार ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं खरसिया विधानसभा के एक अन्य अति लघु किसान उम्मीदवार गोवर्धन राठिया अपने चुनाव प्रचार के पोस्टर भी खुद ही लगा रहे हैं। धरमजयगढ़ विधानसभा के घरघोड़ा ब्लाक अंतर्गत बहिरकेला निवासी पूजा सिदार और उनके पति लोकनाथ सिदार दोनों कामगार मजदूर हैं और आस पास काम ढूंढकर अपना परिवार पाल रहे हैं। सत्ता और सियासत के दावे तथा वालों के बीच आशा तथा नाउम्मीदी के साथ पीढ़ियों से मजदूरी और अभाव ग्रस्त जीवन को करीब से जी रहे सिदार दम्पत्ति ने साल भर पहले ही चुनाव में उतरने का इरादा बना लिया था। निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती पूजा सिदार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारी के लिए लगने वाले नामांकन शुल्क को उन्होंने अपने पति के साथ रोजी मजदूरी कर जमा किया है। अपनी पूरी सामर्थ्य झोंककर चुनाव मैदान में उतरीं पूजा सिदार को यकीन है कि मजदूर के जीवन की दुश्वारियां झेलने को विवश रायगढ़ लोकसभा के लाखों मजदूर परिवारों के जीवन बदलने के उनके संकल्प में तमाम विपन्न वर्ग उनका सहयोग करेगा।

# तरकश

-संजय के. दीक्षित

## ज्वाईनिंग से पहले पोस्टिंग!

आईएएस सोनमणि बोरा सेंट्रल डेपुटेशन से छत्तीसगढ़ लौट आए हैं। ऋचा शर्मा भी अगले महीने आ रही हैं। सामान्य प्रशासन विभाग जल्द ही सचिव स्तर पर नई पोस्टिंग आदेश जारी करेगा। इसमें इन दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को पोस्टिंग दी जाएगी। वैसे, ऋचा को छत्तीसगढ़ में ज्वाईनिंग से पहले भी सरकार चाहे तो पोस्टिंग दे सकती है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। रमन सिंह सरकार की तीसरी पारी यानी 2015 में डॉ0 आलोक शुक्ला को छत्तीसगढ़ लौटने से पहले हेल्थ और फूड जैसे बड़े विभाग का प्रिंसिपल सिकरेट्री अपाइंट कर दिया गया था। तब हमने इसी तरकश में लिखा था कि सरकार ने आलोक का लाल जाजम बिछा कर स्वागत किया। हालांकि, विधानसभा चुनाव 2008 और लोकसभा चुनाव 2009 के दौरान आलोक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रहते अफसरों के इतने विकेट उड़े थे कि सरकार काफी नाराज हो गई थी। गनीमत रहा आलोक शुक्ला लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद डेपुटेशन पर दिल्ली चले गए। मगर बाद में सरकार से उनके रिश्ते सुधर गए। दिल्ली में अमन सिंह से उनकी मुलाकात हुई और सारे गिले-शिकवे दूर हो गए थे। ये अलग बात है कि मधुरता ज्यादा दिन चली नहीं। कुछ महीने में ही...नॉन घोटाले के बाद सरकार और आलोक के बीच संबंध बिगड़ गए।

## डीजीपी की छुट्टी?

छत्तीसगढ़ में लगातार यह दूसरा लोकसभा चुनाव होगा, जब चुनाव आयोग ने किसी बड़े अफसर पर कार्रवाई नहीं की है। जबकि, विधानसभा चुनाव 2023 में आयोग ने दो कलेक्टर और तीन एसपी के साथ कई अफसरों की छुट्टी कर दी थी। बहरहाल, उपर में आलोक शुक्ला का जिक्र हुआ तो लोकसभा चुनाव 2009 का एपिसोड बरबस याद आ गया। उसा दौरान डॉ0 आलोक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी थे। तब चुनाव का ऐलान होते ही बिलासपुर कलेक्टर हटा दिए गए तो उसके बाद डीजीपी विश्वरंजन को चुनाव आयोग ने खो कर अनिल नवानी को उनकी जगह बिठा दिया था। दरअसल, 2009 में विश्वरंजन का जलवा चरम पर था। डीजीपी ओपी राठौर की असामयिक मौत के बाद विश्वरंजन को आईबी से बुलाकर लाया गया था। उस समय वे छत्तीसगढ़ के सबसे सीनियर अफसर थे। चीफ सिकरेट्री पी जाय उम्मेन उनसे पांच बैच जूनियर रहे। पुराने लोगों को याद होगा, विश्वरंजन मंत्रालय पहुंचते थे, तो बड़े-बड़े आईएएस कुर्सी से खड़े हो जाते थे। उनके काफिले में पायलट और फॉलो गाड़ी चलती थी। खैर, बात लोकसभा चुनाव 2009 की। जैसा कि कुछ याद है, निर्वाचन से संबंधित चुनावी मीटिंग में विश्वरंजन ने निर्वाचन के अफसरों को किसी बात पर हड़का दिया था। इसके बाद विश्वरंजन को हटा दिया गया। हालांकि, विश्वरंजन ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार में आर्टिकल लिखा था, जिसमें आईएएस अधिकारियों पर कुछ कमेंट किए थे। अब ये स्मरण नहीं हो रहा कि चुनाव आयोग द्वारा हटाए जाने के बाद उन्होंने ये आर्टिकल लिखा था या हटाने से पहले। मगर कुल जमा सार यह है कि विश्वरंजन को हटा दिया गया। अलबत्ता, आचार संहिता समाप्त होते ही फिर से रमन सरकार ने उन्हें डीजीपी नियुक्त कर दिया था।

## पूत, सपूत कैसे?

आईएएस रेणु पिल्ले और पूर्व आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी आईपीएस सलेक्ट हुई है। इससे दो साल पहले उनका बेटा अक्षय आईएएस बना था। अक्षय को उड़ीसा कैडर मिला है। छत्तीसगढ़ का यह फर्स्ट अफसर कॅपल होगा, जिनके दोनों बच्चे देश की शीर्षस्थ सर्विस में सलेक्ट हुए हैं। वैसे ऐसे मामले कम ही होते हैं। हालांकि, इसी तरह का एक सुखद संयोग मध्यप्रदेश के 1989 बैच के आईपीएस मुकेश जैन के साथ भी हुआ है। एक बेटा उनका 2021 में आईएएस बना और दूसरा इस बार। नौकरशाही में इसे बड़ा सम्मान के साथ देखा जाता है। क्योंकि, ज्यादतर बड़े अफसरों के बच्चे उनके उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इसकी वजह यह है कि आईएएस, आईपीएस बनने के बाद माता-पिता जमीन से दो इंच उपर हो जाते हैं तो उनकी संतानें चार इंच। पढ़ाई एक तपस्या है...महंगे, लग्जरी और नावाबी रहन-सहन में ये कतई संभव नहीं। पिताजी लोग दिन-रात डीएमएफ, कमीशन, जमीन, प्लॉट और इंवेस्टमेंट में दो नंबर का पैसा खपाने में लगे रहेंगे तो फिर पूत सपूत कैसे निकलेगा।

## स्मार्ट सिकरेट्री

रमन सिंह सरकार में ताकतवर अफसर रहे पूर्व आईआरएस अफसर अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईओडब्लू ने तीन साल से अधिक समय हो जाने के बाद केस को साबित नहीं कर पाई। लिहाजा, केस क्लोज हो गया। ईओडब्लू चीफ डीएम अवस्थी ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट पेश की और कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया। अमन सिंह लंबे समय तक सिकरेट्री टू सीएम रहे। दमदारी से काम किए। ऐसा नहीं कि उस समय बड़े-बड़े काम नहीं हुए...बट कागजों में इतनी चतुराई से बरती कि 15 साल सीएम रहे रमन सिंह के खिलाफ पिछली सरकार में लाख कोशिश के बाद भी कोई मामला नहीं निकल पाया। अमन के खिलाफ केस बनाया गया, अब वह भी खतम हो गया। अमन के स्मार्टली काम का ही नतीजा रहा कि गौतम अदानी उन्हें ले उड़े, बल्कि अब और बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। अमन का 12 करोड़ का पैकेज है, यानी महीने का लगभग एक करोड़। उपर से महीने में 10 दिन फॉरेन विजिट।

## मंत्री ने दिया ठेके में विभाग

अभी तक आपने सड़क, बांध जैसे निर्माण कार्यों को ठेके पर दिए जाने की बातें सुनी होगी। मगर छत्तीसगढ़ के एक मंत्री ने अनोखा आईडिया निकालते हुए पूरे विभाग को एक लक्ष्मीपुत्र के हवाले कर दिया है। मंत्रीजी ने सभी तरफ मैसेज करा दिया है...फलां आदमी पूरा काम देखेगा। हालांकि, विभाग का काम जून के बाद ही चालू होगा, मगर वीआईपी चौराहे पर स्थित एक लग्जरी कालोनी में पूरे ऐश्वर्य के साथ रहने वाले लक्ष्मीपुत्र ने सारे सप्लायरों को बुलाकर बताना शुरू कर दिया है...20 परसेंट मंत्रीजी को, 10 परसेंट मेरा...बाकी तुमलोग जानो। उन्होंने एडवांस लेकर अभी से जिले भी अलॉट करना शुरू कर दिए हैं...फलां जिले में सप्लाई ये करेगा तो फलां में वो। जिलों के मुलाजिम परेशान हैं कि सप्लायार जब 30 परसेंट उपर दे देगा तो हमलोगों का क्या होगा? जाहिर है, कुछ-न-कुछ जिलों में भी बंटेगा। फिर बीच में कुछ सरकारी एजेंसियां हैं, वहां के अफसरों को भी चाहिए। याने 100 रुपए के काम में 50 पैसा उपर लेनदेन में बंट जाएगा। अब काम क्या होगा, इसे आप समझ सकते हैं।

## तीन सीटों पर फोकस

लोकसभा चुनाव के संदर्भ में छत्तीसगढ़ के सियासी पंडित जो भी आंकलन करें, बीजेपी और संघ ने तीन लोकसभा सीटों पर पूरी ताकत लगा दी है। सबसे टॉप पर जिन तीन सीटों को रखा गया है, उनमें कांकेर, राजनांदगांव और जांजगीर शामिल हैं। इन सीटों पर विशेष तौर से फोकस और प्लानिंग के साथ काम किया जा रहा है। जाहिर है, बीजेपी बाकी आठ सीटों को खतरे से बाहर मानकर चल रही है। बीजेपी के रणनीतिकारों की कोशिश है कि इन तीन में से वोटिंग का डेट आते-आते कम-से-कम दो और क्लियर होने की स्थिति बन जाए। जाहिर है, बीजेपी की टॉप प्रायरिटी वाली तीन सीटों से कांकेर और राजनांदगांव में 26 अप्रैल और जांजगीर में सात मई को वोटिंग होगी।

## कांग्रेस 2 से आगे नहीं

छत्तीसगढ़ कांग्रेस का गढ़ रहा है। मगर आप आंकड़ों को देखेंगे तो पता चलेगा सिर्फ विधानसभा चुनाव के मामले में। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हमेशा ठीकठाक सीटें मिलती रही हैं। पिछले 10 चुनावों की बात करें तो सिर्फ एक बार 1991 के लोकसभा चुनाव में, जब पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आत्मघाती हमले में मौत हो गई थी, कांग्रेस को 11 की 11 लोकसभा सीटें मिली थी। इसके अलावा सभी लोकसभा चुनावों में बीजेपी को छह, सात, आठ सीटें मिलती रही। यहां तक कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी का सूपड़ा साफ हो गया था। 15 साल सत्ता में रहने वाली सरकार 15 सीटों पर सिमट आई थी। तब राजनीतिक समीक्षक भाजपा को पांच से अधिक सीटें नहीं दे रहे थे। मगर नतीजे आए तो बीजेपी की झोली में नौ सीटें थी।

## ये भी फैक्ट

तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी ने 1999 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान रायपुर में वादा किया था कि आपलोग बीजेपी को जीताएं हम छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनाकर देंगे। तब शायद लोगों को उनके कहे पर उस तरह का एतबार नहीं हुआ। 98 में बीजेपी को सात सीटें मिली थी, इस घोषणा के बाद 99 में सिर्फ एक सीट बढ़ी। यानी 11 में आठ सीट। लेकिन, नवंबर 2000 में अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन कर दिया तो लोग इतने प्रसन्न हुए कि 2004 से लेकर 2014 तक 11 में 10 सीटें बीजेपी को मिलती रहीं। 2019 में भी इसमें से सिर्फ एक सीट कम हुई है। अब देखना है कि अटलजी ने बीजेपी के पक्ष में छत्तीसगढ़ में हवा का रुख बदला था, वह इस बार बरकरार रहेगा?

## अंत में दो सवाल आपसे

*1. सतनामी समाज के गुरू को पार्टी में शामिल करने और उनके बेटे को विधानसभा का टिकिट देने के बाद भी बीजेपी दलित वोटों को क्यों नहीं साध पा रही?*

*2. देश के एक प्रभावशाली औद्योगिक समूह के अफसरों को बुलाकर निर्देश देने वाले बीजेपी के किस बड़े नेता का पर कतर दिया गया?*

# पूर्व आईएएस टूटेजा व बेटा यश को ईडी ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अनिल टूटेजा और उनका बेटा शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे

शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू कार्यालय में बयान दर्ज कराने पहुंचे पूर्व आईएस अनिल टूटेजा और उनके बेटे यश टूटेजा को ईडी ने पूछताछ करने शनिवार को हिरासत में लिया है। ईडी के टीम ने बाप-बेटे को ईओडब्लू ऑफिस में बयान दर्ज कराने के बाद कार्यालय से बाहर निकलने के दौरान हिरासत में लिया है। हिरासत में लेने के बाद ईडी के टीम पूर्व आईएएस तथा उनके बटे को पूछताछ करने पचपेड़ी नाका स्थित सब जोनल कार्यालय लेकर गई। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों शराब घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के आरोपों को खारिज करते हुए मनी लांड्रिंग के केस को रद्द कर दिया था। इसके बाद ईडी ने शराब घोटाला मामले में नए सिरे से इंन्फोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) रजिस्टर्ड कर मामले की नए सिरे से जांच कर रही है। नए ईसीआईआर में अनिल टूटेजा तथा उनके बेटे का भी नाम शामिल है। इसी सिलसिले में ईडी की टीम ने पूर्व आईएएस तथा उनके बेटे को हिसारसत में लिया है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं पत्रकार सौम्या की मां

**नई दिल्ली।** टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की मां ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर उसकी हत्या के चार दोषियों को दी गई जमानत का विरोध किया है। सौम्या की 2008 में हत्या कर दी गई थी। मामले में चार दोषी उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा निलंबित कर दी। उन्हें उनकी दोष सिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित रहने तक जमानत दे दी। रवि कपूर, अमित शुक्ला और बलजीत सिंह मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी करार दिया गया था और वे अब भी जेल में हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5489



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सद, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बानि-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5488 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5500

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANJAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5499 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



# ‘कल्कि 2898 एडी’ से अमिताभ का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ‘कल्कि 2898 एडी’ के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ‘कल्कि 2898 एडी’ में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। उत्साह को बढ़ाते हुए ‘कल्कि 2898 एडी’ का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है।



## लाइफ Style

# ममता
## टॉपलेस फोटोशूट से चर्चा में आ गईं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ममता कुलकर्णी 52 वर्ष की हो गईं। मुंबई में 20 अप्रैल, 1972 को जन्मीं ममता कुलकणी ने वर्ष 1991 में तमिल फिल्म ननबरगल से अपने सिने करियर की शुरुआत की।

ममता कुलकर्णी की मां ने एक अखबार में मॉडलिंग एजेंसी का ऐड देखा। ममता को लेकर उनकी मां ऐड एजेंसी के दफ्तर गईं। बाद में ममता कुलकर्णी ने मॉडलिंग में खूब नाम कमाया। ममता कुलकर्णी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म तिरंगा से की। राजकुमार और नाना पाटेकर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में ममता कुलकणी ने छोटी सी भूमिका निभाई थी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने ‘मेरा दिल तेरे लिए’ में काम किया, लेकिन अपनी पहचान नहीं बना सकी। 1993 में स्टारडस्ट मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाकर ममता कुलकर्णी चर्चा में आ गई थीं। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म ‘आशिक आवारा’ ममता कुलकर्णी के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी की जोड़ी सैफ अली खान के साथ काफी पसंद की गयी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने ‘वक्त हमारा है’ और ‘क्रांतिवीर’ जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया। वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म ‘करण-अर्जुन’ ममता कुलकर्णी के करियर की सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी ने सलमान खान के अपोजिट काम किया।

## हॉलीवुड मसाला



# ...अब थोड़ा बहुत पीना कर दिया शुरू

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। बता दें एक्ट्रेस ने बताया है कि वह अब कॉफी और शराब दोनों का सेवन करती हैं। किम ने ‘द गोप’ पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें कि रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।



# ‘आयरन मैन’ को 6 साल की उम्र में लगी थी ड्रग्स की लत

**लॉस एंजिलस।** मारवल के सुपरहीरो ‘आयरन मैन’ की दीवानगी पूरी दुनिया में है। जब आयरन मैन की मौत को ‘एवेंजर्स एंडगेम’ में स्क्रीन पर दिखाया गया तो सिनेमाहॉल में सिसकियां गूंजने लगी थीं। बीते 20 सालों से ‘आयरन मैन’ का किरदार निभाने वाले हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर भी लोगों के काफी चहेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं रॉबर्ट को महज 6 साल की उम्र में ड्रग्स की लत हो गई थी और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि उनके पिता थे। सालों बाद एक्टर के पिता ने अपनी इस हरकत पर अफसोस जताया। दरअसल, रॉबर्ट डाउनी जूनियर का अपने पिता रॉबर्ट डाउनी सीनियर के साथ करीबी रिश्ता था। हालांकि दुर्भाग्य से बचपन से ही उनके बेटे पर उनका बुरा प्रभाव पड़ा। ऐसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, गोल्डन ग्लोब विजेता अभिनेता ने ‘सीनियर’ नामक एक नई डॉक्यूमेंट्री में अपने फिल्म निर्माता पिता और अपने निराशाजनक पालन-पोषण में अपने पिता की भूमिका पर प्रकाश डाला है।



# ‘सिंघम अगेन’ में जबरदस्त एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं।



# नए संसद भवन का किया दौरा...

**नई दिल्ली।** अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना ने 16 अप्रैल को चुनाव से पहले नए संसद भवन का दौरा किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की हैं। इसके साथ अभिनेता ने खूबसूरत नोट लिखा है। आयुष्मान ने लिखा, ‘नए संसद भवन का दौरा कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस अविश्वसनीय चमत्कार को देखकर गर्व महसूस हो रहा है, जो हमारे चमकदार लोकतंत्र, हमारी विरासत और संस्कृति को उसकी महिमा में दर्शाता है। वार्नर म्यूजिक इंडिया से आयुष्मान ने मिलाया हाथ बता दें कि आयुष्मान ने हाल ही में उन्होंने देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिला लिया है, जो दुनियाभर के दर्शकों और कलाकारों तक उनका संगीत पहुंचाएगा।

## टीवी मसाला



# होने वाले पति ने आरती को दिया हल्दी पर सरप्राइज नाचने लगीं गोविंदा की भांजी

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। वो अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उनका परिवार भी उनकी शादी को लेकर उत्साहित है। एक्ट्रेस अपनी शादी से जुड़ी हर छोड़ी-बड़ी बात अपने फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। आज आरकी सिंह की हल्दी रखी गई और इस खास मौके पर उन्हें खास सरप्राइज भी मिला, जिसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो में खूब ठुमके लगाती दिख रही हैं। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

***कौन हैं आरती सिंह के होने वाले पति :*** आरती सिंह ने अपनी शादी का ऐलान करने के बाद भी अपने होने वाले पति का चेहरा छिपाकर रखा था। उन्होंने लंबे इंतजार के बाद फैंस को उनकी झलक दिखाई लेकिन इसमें उनका चेहरा देखने को नहीं मिला। काफी वक्त के बाद उन्होंने उनका चेहरा उजागर किया और नाम भी लोगों से शेयर किया। एक्ट्रेस के होने वाले पति का नाम दीपक चौहान है। दीपिक चौहान को फिल्म स्टार नहीं है, वो एक बिजनेसमैन हैं।

***आरती का है इन सितारों से रिश्ता :*** बता दें, आरती सिंह गोविंदा की भांजी। वो कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की सगी बहन यानी एक्ट्रेस कश्मीरा शाह रिश्ते में उनकी भाभी हैं। कृष्णा अभिषेक ने ही पहली बार उनकी शादी की जानकारी लोगों को दी थी। आरती खुद भी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। उन्हें असली पहचान टीवी रियलिटी शो ‘बिग बॉस 13’ से मिली, वही सीजन जिसे सिद्धार्थ शुक्ला ने जीता था। इस शो में उनकी सिद्धार्थ के साथ खास दोस्ती भी देखने को मिली। इसके अलावा एक्ट्रेस कई टीवी शोज में भी नजर आया करती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अपनी शादी से लेकर लाइफ की हर छोटी-बड़ी अपडेट शेयर करती रहती हैं।

### आरती ने किया स्पेशल शख्स के लिए पोस्ट

आरती सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो ब्लैक ट्रैक सूट पहने ढोल-नगाड़ों पर नाचती झूमती नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके दोस्त और उनकी मम्मी भी साथ नजर आ रही हैं। आरती सिंह काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। शादी को लेकर उत्साह और ग्लो उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए आरती ने कैप्शन में लिखा, ‘आज मेरी हल्दी है और मेरी दुल्हन के घर भी ढोल नगाड़े बजने चाहिए। इतना प्यारा सरप्राइज। दीपक जिम के बाद घर में आए और लगा हाए मेरी शादी बस दो-तीन दिन में है। दीपक की आरती और अप्पुउउ धन्यवाद बस 3 मिनट में दूसरे विंग से आ जाने के लिए।

# ‘खलनायक-2’ की स्क्रिप्टिंग पूरी, बल्लू का रोल निभाने अभिनेता की तलाश...

**मुंबई।** निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म खलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी हो गयी है। इन्होंने ही करीब तीन दशक पहले संजय दत्त के साथ खलनायक बनाई थी। वे बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं।




***रणवीर सिंह-रणबीर कपूर से भी संपर्क :*** घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं।

### अल्लू अर्जुन और यश भी लिस्ट में

अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं। वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कई कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना चोली के पीछे क्या है एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म क्रू में दोहराया गया था।

# ‘श्रीकांत’ का पहला गाना ‘तू मिल गया’ जारी, जुबिन और तुलसी ने लगाए सुर



**मुंबई।** मौजूदा वक्त में राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म ‘श्रीकांत’ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमा की जोड़ी अलाया एफ के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म पहले आगामी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच ‘श्रीकांत’ का पहला गाना ‘तू मिल गया’ रिलीज हो चुका है। श्लोक लाल ने लिखे हैं गाने के बोल ‘तू मिल गया’ को जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार ने मिलकर अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल श्लोक लाल ने लिखे हैं। ‘श्रीकांत’ का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है, वहीं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी ने मिलकर किया है।

# ‘साइलेंस 2’ रिव्यू: मनोज की बेमिसाल अदाकारी खींच रही दर्शकों को...

*मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी पिछली बार फिल्म ‘जोरम’ में दिखे थे। भले ही बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म फेल हो गई, लेकिन अभिनेता ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया। पिछले कुछ दिनों से अभिनेता फिल्म ‘साइलेंस 2’ को लेकर सुर्खियों में हैं, जो आज यानी 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो गई है। अबन भरूचा के निर्देशन में बनी यह फिल्म कैसी है।*



***हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कहानी :*** *‘साइलेंस 2: द नाइट आउल’ की कहानी एसीपी अविनाश वर्मा (मनोज) के इर्द-गिर्द घूमती है। ‘साइलेंस’ केवल एक हत्या पर आधारित थीं, वहीं ‘साइलेंस 2’ एक से ज्यादा हत्याओं पर आधारित है। पूरे शहर में अराजकता है और हत्यारा खुलेआम घूम रहा है। एक-दूसरे से जुड़ीं और उलझी हुईं इन हत्याओं की गुत्थी सुलझाने में लगे हैं अविनाश और उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट। अब अपराधियों तक कैसे तार जुड़ते जाते हैं, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।*

***मनोज ने लगाई दमदार अदाकारी की मोहर*** *इस फिल्म से मनोज ने फिर साबित कर दिया है कि उनके अभिनय का कोई सानी नहीं है। वह अपनी दमदार अदाकारी की छाप छोड़ने में सफल रहे। उनका रौबीला अंदाज देखते ही बनता है। मनोज ने फिल्म को शानदार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, लेकिन कहानी और लेखन ने उन्हें ‘धप्पा’ कर दिया। पुलिस अधिकारी के रूप में प्राची देसाई स्क्रिप्ट से मात खा गईं, वहीं साहिल वैद्य और श्रुति भोपना जैसे कलाकारों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया।*

# दुनिया की पहली एआई सौंदर्य प्रतियोगिता होगी मई में, नकली हसीनाएं लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होने लगा है। एआई से हर तरह के काम लिए जा सकते हैं। यह हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है। अब जो खबर आ रही है, वो मनोरंजन जगत के लिए खास है। दरअसल, अब एआई ब्यूटी पेजेंट का ऐलान हो गया है, जो दुनिया की पहली अपनी तरह की सौंदर्य प्रतियोगिता होगी, जिसमें एआई द्वारा संचालित हसीनाएं भाग लेंगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘फैनव्यू’ ने किया ऐलान

इस प्रतियोगिता को ‘मिस एआई’ नाम दिया गया है, जो एआई द्वारा संचालित और निर्मित हसीनाओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है और दुनियाभर में यह ऐसी पहली सौंदर्य प्रतियोगिता होगी। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘फैनव्यू’ ने इसकी शुरुआत की है, जिसका आयोजन मई में होने वाला है। ‘मिस एआई’ का ताज पाने के लिए प्रतियोगियों को उनकी सुंदरता, तकनीक और सोशल मीडिया पर उनके दबदबे या लोकप्रियता के आधार पर आंका जाएगा।



### एआई मॉडल लोपेज के बारे में भी जान लीजिए

ऐटाना स्पेन की कंपनी द्वारा निर्मित एआई मॉडल है, जो देखने में बिल्कुल परी की तरह नजर आती है और हद की खूबसूरत हैं। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इंस्टाग्राम पर इसके 3 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। मनमोहक मुस्कान और गुलाबी बालों वाली यह सुंदरी अक्सर दुनिया में होने वाली घटनाओं की तस्वीरें साझा करती है। तमाम ब्रांड्स के वज्ञािपन करती है और हर वज्ञािपन से लगभग 9 लाख रुपये कमाती है।

### जीतने वाली मॉडल को मिलेगा बड़ा इनाम

जजों के पैनल में 2 व्यक्ति भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता का ताज जिस हसीना के सिर सजेगा, उसे 5,000 डॉलर (लगभग 4.2 लाख रूपये) का कैश प्राइज मिलेगा। इसी के साथ उसे 3,000 डॉलर के ‘इमेजिन क्रिएटर मेंबरशिप प्रोगाम’ का हिस्सा भी बनाया जाएगा। साथ ही 5,000 डॉलर का पब्लिक रिलेशन सपोर्ट भी दिया जाएगा। ये इनाम कुल लगभग 17 लाख रूपये के हैं। दूसरी और तीसरी रनर-अप को 5,000 और 2,000 डॉलर का पैकेज मिलेगा।

### *ऑस्कर की तरह होगी ये स्पर्धा*

*मिस एआई पेजेंट में एआई-जनित सुंदरियां जजों के सामने होंगी, जिनमें दो एआई इंफ्लुएंसर भी शामिल होंगे। उन मॉडलों को बनाने वाले निर्माताओं को एआई टूल की कितनी समझ है, उन्हें इस आधार पर भी परखा जाएगा। फैनव्यू के सह-संस्थापक विल मोनानेज ने कहा, हमें उम्मीद है कि ये खास कवायद एआई क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक ऑस्कर की तरह होगी। यहां तक कि इस प्रतियोगिता के जज भी एआई जनित होंगे। पैनल में एआई मॉडल ऐटाना लोपेज भी शामिल होगी।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1102 चौके


646 छक्के

# विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा डब्लूएफआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा।



### 14 श्रेणियों में ट्रायल का होगा आयोजन

डब्लूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, 'अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और चयन समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह बेहद खराब प्रदर्शन रहा। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटे के लिए जूझना पड़ रहा है।'


## भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का एशियाई क्वालीफायर में 'फ्लॉप शो'

**बिश्केक।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए।

सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। वह उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

## अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना बड़ी चुनौती : विनेश

**बिश्केश।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी। मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।'



## खबर संक्षेप

### यूगांडा टी20 टीम के मुख्य कोच बने अभय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को यूगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप में पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया गया। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी। नवंबर में यूगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी।



### तैयारी करने का मिला फायदा : अभिषेक

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने कहा, 'मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। इससे काफी फायदा होता है।'



### आप हमेशा कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ऑरेंज कैप' में शीर्ष पर हैं। आरोन ने कहा, 'यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे।'



### वापसी पर समर्थन से हो गया सहज

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी उन्हें फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मनोबल बढ़ा रहे हैं। आमिर ने 2020 के अंत में सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



## आईपीएल : 7 मैचों में 5वीं जीत से दूसरे स्थान पर पहुंची केकेआर

# कोलकाता की 1 रन से रोमांचक जीत रॉयल चैलेंजर्स की लगातार छठी हार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी। फिल सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं श्रेयस अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई। आरसीबी की यह लगातार छठी हार रही। वहीं कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत रही।

विल जैक्स (55 रन) और रजत पाटीदार (52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी ओवर पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई।



### कार्तिक ने खेला 250वां मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को अपने करियर का 250वां आईपीएल मैच खेलने उतरे। वह रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी के बाद 250वां आईपीएल मैच खेलने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। रोहित, धोनी और कार्तिक के बाद विराट कोहली इस लिस्ट में 245 मैचों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट पाटीदार बो सिराज | 48 | 14 | 7 | 3 |
| नारायण बो दयाल | 10 | 15 | 2 | 0 |
| रघुवंशी बो दयाल | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वेंकटेश बो ग्रीन | 16 | 08 | 3 | 0 |
| अय्यर बो ग्रीन | 50 | 36 | 7 | 1 |
| रिंकू बो फर्ग्यूसन | 24 | 16 | 2 | 1 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 27 | 20 | 4 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 09 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 20 ओवर में 222/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-40-1, दयाल 4-0-56-2, फर्ग्यूसन 4-0-47-1, कर्ण 4-0-33-0, ग्रीन 4-0-35-2.

| बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली बो हर्षित | 18 | 07 | 1 | 2 |
| डुप्लेसी बो चक्रवर्ती | 07 | 07 | 1 | 0 |
| जैक्स बो रसेल | 55 | 32 | 4 | 5 |
| पाटीदार बो रसेल | 52 | 23 | 3 | 5 |
| ग्रीन बो नारायण | 06 | 04 | 0 | 1 |
| सुयश बो हर्षित | 24 | 18 | 3 | 0 |
| लोमरोर बो नारायण | 04 | 03 | 1 | 0 |
| कार्तिक बो रसेल | 25 | 18 | 3 | 1 |
| कर्ण शर्मा बो स्टार्क | 20 | 07 | 0 | 3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 221/10
गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3.

## मुंबई की निगाहें राजस्थान से बदला चुकता करने पर

**जयपुर।** मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरुआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी।



खास खबर

## नंदिनी' बना आयरलैंड और स्कॉटलैंड टीम का प्रायोजक




**बेंगलुरु।** 'नंदिनी' ब्रांड के नाम वाला कर्नाटक का डेयरी सहकारी संघ 'कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' 2024 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा हालांकि उसके इस कदम की आलोचना की जा रही है। केएमएफ के प्रबंध निदेशक एम के जगदीश ने रविवार को कहा, 'हां, हम उनका प्रायोजन कर रहे हैं। वे मैच के दौरान हमारे ब्रांड का प्रदर्शन करेंगे। यह कदम 'नंदिनी' को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए लिया गया है। सूचना प्रोद्योगिकी उद्योग के अनुभवी और इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी टी वी मोहनदास पाई ने इस कदम की आलोचना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'कितना शर्मनाक है। वे कर्नाटक के किसानों का पैसा विदेशी टीम के प्रायोजन पर क्यों लगा रहे हैं। इससे क्या मिलेगा? गरीब किसानों को अच्छा भुगतान करो। यह कर्नाटक के सहकारी संघ की बर्बादी है।

## टंडन ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूटन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूटन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।



## मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने नाशविले एससी को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेसी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं।

मेसी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेसी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेसी को पहला गोल करने में मदद की।

मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेसी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेसी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।



## हॉकी इंडिया ने की 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा।

कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। मिडफील्डर्स में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबींचद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह मौजूद हैं। फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

## बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में दिलाया पहला ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंगजू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया।

भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं।




### बलराज ने जीता कांस्य पदक

एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके एक दिन बाद हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया और तीसरे स्थान पर रहने में सफल रहे। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6:59.46) ने स्वर्ण पदक और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## कैंडिडेट्स शतरंज : नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा, कारुआना से आधा अंक आगे

# गुकेश ने अलीरेजा को हराकर हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी।

रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला। गुकेश को संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से 8.5 अंक हैं जिससे वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारुआना से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती छह छह अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि फिरोजा के 4.5 अंक और निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं।



### गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रा खेला

कारुआना ने कड़े मुकाबले में प्रज्ञानानंदा को पराजित किया जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रा खेला। गुकेश का सामना अब अंतिम दौर की बाजी में नाकामुरा से होगा जबकि कारुआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है, लेकिन संभावनायें काफी हद तक गुकेश के पक्ष में हैं क्योंकि महज ड्रा भी उन्हें विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है।

### वैशाली की शानदार जीत

महिला वर्ग में झोंग्यी टान ने शीर्ष वरीय रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से ड्रा खेलने के बाद अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और हमवतन टिंग्जी लेई पर पूरे एक अंक की बढ़त बनाई हुई है। वैशाली ने शानदार जीत से लेई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जबकि हम्पी ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और बुल्गारिया की नुरग्युल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्नो से बाजी ड्रा कराकर अंक बांटे। लेई 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही हैं। गोरयाचकिना, लाग्नो, हम्पी और वैशाली के 6.5 अंक हैं, ये सभी संयुक्त तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। सालिमोवा और मुजिचुक पांच पांच अंक से संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

## मनु और अनीश ने शुरुआती दोनों ट्रायल में दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया। देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने 'टी2' क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही।

पतंजलि आयुर्वेद माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा का पूर्ण सम्मान करता है। हमारे अधिवक्ता द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सामने स्टेटमेंट करने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशन करने में और प्रेस वार्ता करने में जो भूल हुई उसके लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हैं और हमारी प्रतिबद्धता है कि इस भूल की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।
हम आपको पुनः विश्वास दिलवाते हैं कि संविधान और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा को बनाये रखने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध रहेंगे।
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
हरिद्वार, उत्तराखंड।

हरियाणा से गेहूं की कटाई के लिये आए युवक हुए दुर्घटना का शिकार

# हार्वेस्टर पुल से गिरा 4 की मौत, एक घायल





**जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत करनपुरा गांव के पास पुल से एक हार्वेस्टर गिर गया। इस हादसे में 3 लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकी चौथा गंभीर रुप से घायल था। उसे कुंडम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर कर दिया गया था। घटना रविवार सुबह की बताई गई है। घटना स्थल पर महुआ बीन रहे कुछ लोगों ने घटना की सूचना कुंडम पुलिस थाने को दी। उसके बाद कुंडम पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भिजवाया गया। वहीं क्रेन की मदद से हार्वेस्टर को हटाकर उसमें दबे दो लोगों की लाश निकलवाई गई। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया। मृतकों को जिला कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परीपत्र के प्रावधानों के तहत चार चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

कुंडम पुलिस थाने से ईएमएस को प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर एसडीओपी आकांक्षा उपाध्याय, थाना प्रभारी अनूप नामदेव मौके पर पहुंचे और जेसीबी के जरिए शवों को बाहर निकाला. घायल को अस्पताल पहुंचाया. हरियाणा में करनाल के श्यामगढ़ निवासी सुखवीर सिंह, बेटे अजय सिंह, पप्पू और खूब सिंह के साथ हार्वेस्टर लेकर 20 दिन पहले जबलपुर आए थे। जबलपुर के कई गांव में गेहूं की फसल काटने के बाद उन्हें बघराजी में फसल काटने का ऑर्डर मिला था. रविवार सुबह पचास वर्षीय सुखवीर सिंह , 25 वर्षीय अजय सिंह एवं पप्पू सिंह और 30 वर्षीय खूब सिंह हार्वेस्टर लेकर जबलपुर से तिलसानी होते हुए बघराजी गांव जा रहे थे। जैसे ही हार्वेस्टर करनपुरा के घाट से नीचे जा रहा था, तभी अनियंत्रित होकर बीस फीट नीचे जा गिरी। हार्वेस्टर चला रहे अजय सिंह सहित पप्पू और खूब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

### मृतकों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता

जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि घायल सुखवीर सिंह का इलाज जबलपुर मेडिकल कॉलेज में करवाया जा रहा है। राज्य सरकार की तरफ से मृतक अजय सिंह, पप्पू सिंह और खूब सिंह के परिजन को मध्यप्रदेश शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

*बीसीए के लिए मैथ्स की अनिवार्यता खत्म; आर्ट्स के छात्र भी ले सकेंगे प्रवेश*

# कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया की गाइडलाइन जारी

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने मई में शुरू होने वाली कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। विभाग ने बीसीए में प्रवेश के लिए 12वीं में मैथ्स की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। आर्ट्स सहित अन्य संकाय के छात्र भी बीसीए में प्रवेश ले सकेंगे। वहीं तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स में प्रवेश के लिए अब छात्रों को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता नहीं होगी। उन्हें 45 प्रतिशत न्यूनतम अंक लाना होंगे, जबकि ओबीसी कैटेगरी के छात्रों को 42 प्रतिशत तथा



एससी और एसटी के छात्रों को 40 प्रतिशत अंक ही न्यूनतम लाना होंगे।

उच्च शिक्षा विभाग की एडमिशन प्रक्रिया में इस बिंदु को प्राथमिकता से शामिल किया गया है। हालांकि अभी रजिस्ट्रेशन व काउंसलिंग का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि बीकॉम, बीए, बीएससी, बीबीए और बीसीए जैसे यूजी तथा एमकॉम, एमए, एमएससी जैसे पीजी कोर्स के लिए 15 मई के बाद कभी भी रजिस्ट्रेशनशुरू हो जाएंगे।

### मूल दस्तावेज कॉलेज में जमा नहीं कराना होंगे

राहत की बात यह है कि इस बार भी ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के तहत जिन छात्रों को कॉलेज अलॉट होगा, उन्हें एडमिशन लेते समय कोई भी मूल दस्तावेज कॉलेज में जमा नहीं करवाना होगा। यानी छात्र कॉलेज को न तो टीसी-मार्कशीट, माइग्रेशन, आय-जाति व मूल निवासी आदि दस्तावेज की मूल प्रति जमा करवाएंगे और न ही फोटोकॉपी । दस्तावेज सत्यापन इस साल भी ऑनलाइन ही होगा, लेकिन जिन आवेदनों में त्रुटि पाई जाएगी, उसमें सुधार के लिए छात्र को मोबाइल पर मैसेज आएगा। उसे किसी भी शासकीय कॉलेज के हेल्प सेंटर पर पहुंचकर यह ठीक करवाना होगा।

### एक हजार रु. फीस जमा कर प्रवेश पक्का कर सकेंगे

पहली लिस्ट मेरिट आधार पर उच्च शिक्षा विभाग ही जारी करेगा। एडमिशन लिस्ट में नाम आने पर एक हजार रुपए फीस देकर प्रवेश पक्का किया जा सकेगा। हर छात्र को सिर्फ ऑनलाइन दस्तावेज जमा करवाना होंगे, क्योंकि एडमिशन विड्रा करने पर मूल दस्तावेज के लिए कॉलेजों के चक्कर नहीं काटना पड़ेंगे।

मेरिट के आधार पर मिलेगी सीट

# आईटीआई पास विद्यार्थी यूजी कोर्स में ले सकेंगे प्रवेश

**जबलपुर।** 2024-25 सत्र में प्रवेश को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने गाइडलाइन जारी कर दी है। स्नातक प्रथम वर्ष में पात्रता संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए है, जिसमें बारहवीं के बाद आईटीआई करने वाले विद्यार्थी भी प्रवेश ले सकेंगे। साथ ही यूजी डिप्लोमा धारक भी प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। आईटीआई और डिप्लोमा में 45 से 50 प्रतिशत से ऊपर अंक होना चाहिए। मेरिट के आधार पर विद्यार्थी को सीट आवंटित की जाएगी। विभाग के मुताबिक रजिस्ट्रेशन के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। उसके बाद ही च्वाइस फीलिंग कर सकेंगे। उसके बाद ही कॉलेजों की सीटें आवंटित की जाएगी।

विभाग ने दो चरण आनलाइन काउंसलिंग का रखा है, जिसमें विद्यार्थियों को पंजीयन करवाने के बाद अंकसूची, मूल निवासी, जाति-आय प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज का सत्यापन करवाना होगा। फिर च्वाइस फीलिंग में हिस्सा लेना है। करीब पंद्रह पसंदीदा कॉलेज व कोर्स के बारे में बताना है। विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर कॉलेज मिलेगा। बाद में फीस की पहली किस्त ऑनलाइन देना होगी। उसके बाद कॉलेज में शेष राशि जमा करना होगी। विभाग ने अल्पसंख्यक कॉलेजों के लिए भी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया रखी है। बस इसके लिए अलग से वेबसाइट रखी है, जिसमें संस्थानों को पंजीयन करवाना है। कोर्स, सीट संख्या, फीस के बारे में जानकारी भरना है।

### करना होगी कार्रवाई

विभाग ने विद्यार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि पंजीयन के दौरान गलत जानकारी और फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कार्रवाई की जाएगी। इसका अधिकार सत्यापन करने वाले प्राध्यापकों व कालेज प्राचार्य को दिया है। साथ ही फर्जी दस्तावेज देने वालों को काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से पहले विभाग ने सभी विश्वविद्यालय को संबद्धता प्राप्त कॉलेजों की सूची मांगी है। यह काम अप्रैल अंतिम सप्ताह तक पूरा करना होगा। ताकि कालेजों को प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ा जा सके। वहीं कालेजों को अपनी प्रोफाइल भी अपडेट करना है।

### भोपाल गैस त्रासदी मामले में मानीटरिंग कमेटी को रिपोर्ट पेश करने मोहलत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने भोपाल गैस त्रासदी मामले में मानिटरिंग कमेटी को त्रैमासिक रिपोर्ट पेश करने मोहलत दे दी। दरअसल, कमेटी की ओर से कुछ समय की मांग की गई थी। प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई मई माह के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की ओर से दायर की गई जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार व पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश जारी किए थे। इन बिंदुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मानिटरिंग कमेटी का गठित करने के निर्देश भी जारी किए थे। मानिटरिंग कमेटी प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाई कोर्ट के समक्ष पेश करने व रिपोर्ट के आधार पर हाई कोर्ट द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए थे। याचिका के लंबित रहने के दौरान मानिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं का परिपालन नहीं किये जाने के विरुद्ध अवमानना याचिका भी 2015 में दायर की गयी थी।

*पहले अवकाश मई के दूसरे सप्ताह से शुरू होकर जून के पहले सप्ताह तक रहता था। बाद में इसे बदलकर 2 जून से 30 जून कर दिया गया*

# न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर तकरार, फिलहाल 2 जून से ही रहेगा

**भोपाल/जबलपुर।** न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर बार और बेंच के बीच एक बार फिर तकरार की स्थिति निर्मित हो गई है। न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से शुरू होकर 30 जून तक रहेगा। हाई कोर्ट जबलपुर से इसके आदेश जारी भी हो गए हैं। इधर अधिवक्ता मांग कर रहे हैं कि न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक रखा जाए।

इंदौर अभिभाषक संघ ने तो साधारण सभा बुलाकर सर्वानुमति से इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित कर जबलपुर भेज दिया है। हालांकि इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि फिलहाल तो न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से ही शुरू होगा। गौरतलब है कि न्यायालयों में वर्षों पुरानी परंपरा के मुताबिक 13 मई के आसपास एक माह के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता था। इस दौरान आपराधिक प्रकरणों के अलावा सिर्फ अर्जेन्ट मामले ही सुने जाते थे। सिविल मामलों की नियमित सुनवाई पूरी तरह से बंद रहती है। हालांकि आपराधिक प्रकरण भी इक्का-दुक्का ही सुनवाई के लिए लगते थे।

### हाई और जिला कोर्ट में 2 से 30 जून तक अवकाश

हाई कोर्ट ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक रूप से बदलाव किया है। हाई कोर्ट में 2 जून से 30 जून तक और जिला न्यायालयों में पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अधिवक्ताओं ने मांग की कि दोनों न्यायालयों में एक जैसा अवकाश घोषित किया जाए, क्योंकि अलग-अलग अवकाश की तिथियां होने से अधिवक्ता अवकाश का आनंद ही नहीं ले पाएंगे। इस पर हाई कोर्ट ने जिला न्यायालय में अवकाश की तिथि में बदलाव करते हुए इसे भी 2 जून से 30 जून कर दिया।

### बदलाव चाहते हैं वकील

इधर, अधिवक्ताओं का कहना है कि सर्वाधिक गर्मी तो मई माह में रहती है इसलिए ग्रीष्मकालीन अवकाश भी मई में ही रहना चाहिए। जून में वर्षाकाल शुरू हो जाता है और बच्चों के स्कूल भी खुलने लगते हैं। ऐसे में अधिवक्ता चाहकर भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में परिवार के साथ घूमने नहीं जा सकते। अधिवक्ताओं की मांग है कि अवकाश की तारीखों में बदलाव किया जाए और इसे पहले की तरह मई के दूसरे और जून के पहले पखवाड़े में रखा जाए। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय जबलपुर से ही हो सकेगा।

## एनडीए, एनए-वन और सीडीएस-वन की परीक्षा 15 केन्द्रों में हुई संपन्न

जबलपुर। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आज आयोजित एनडीए, एनए-वन और सीडीएस-वन की परीक्षा जबलपुर के 15 परीक्षा केन्द्रों में दो एवं तीन पालियों में आयोजित की गई। सीडीएस-वन की परीक्षा तीन पालियो में क्रमशः प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक, अपरान्ह 12 बजे से 02 बजे तक एवं दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक तथा एनडीए, एनए-वन की परीक्षा दो पालियों में क्रमशः प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं दोपहर 02 बजे से 04:30 बजे तक संपन्न हुई। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शीरी ने बताया कि एनडीए, एनए-वन और सीडीएस-वन की परीक्षा में कुल 5442 परीक्षार्थियों में प्रथम सत्र में 3 हजार 192, द्वितीय सत्र में 3 हजार 199 और सीडीएस-वन के तृतीय सत्र में 755 परीक्षार्थियों में 364 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये।

चार से पांच घंटे की अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

# मेंटेनेंस के नाम पर हर रोज चार से पांच घंटे कटौती

**जबलपुर।** बिजली कंपनी फीडरों पर मेंटेनेंस के नाम पर हर रोज अलग-अलग क्षेत्रों में कटौती की जा रही है। चार से पांच घंटे की घोषित कटौती के बाद भी जमकर की जा रही अघोषित बिजली कटौती से भी उपभोक्ता परेशान हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर बारी-बारी से बिजली का आना-जाना लगा रहता है। कहीं आधा घंटे, कहीं एक घंटे तक बिजली गुल हो जाती है। गर्मी के सीजन में बिजली कटौती लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। बिजली गुल होने पर व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होता है। मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित रूप से बिजली की कटौती हो रही है। पिछले माह से लगातार बिजली कटौती का सिलसिला जारी है। बिजली कंपनी फीडरों पर निर्माण कार्य कराए जाने के नाम पर सर्दियों में बिजली गुल करती आई है। अब भी कई फीडरों पर निर्माण कार्य करने के साथ प्री मानसून मेंटेनेंस के नाम पर बिजली गुल कर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।

### कई फीडरों पर छह से अधिक बार हुआ मेंटेनेंस

विद्युत वितरण कंपनी के मेंटेनेंस से सबसे ज्यादा परेशानी नगर संभाग उत्तर के उन फीडरों पर उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रही है। जहां बिजली कंपनी ने छह से अधिक बार निर्माण कार्य और संधारण कार्य के नाम पर शटडाउन लिया। साथ ही नगर संभाग पूर्व के कई फीडर भी ऐसे हैं जहां एक से अधिक बाद मेंटेनेंस के नाम पर बिजली सप्लाई बाधित की गई। कंपनी अधिकारी संधारण कार्य के अनुसार शटडाउन लेने की बात कर पल्ला झाड़ रहें हैं।




**पश्चिमी विक्षोभ से आज से फिर बदलेंगे मौसम के मिजाज**

# जिले में तेज हवाओं के बीच बारिश की संभावना



**जबलपुर।** एक बार फिर मौसम पलटी मारेगा, पश्चिमी विक्षोभ फिर पलटी मारेगा। आज सोमवार 22 अप्रैल को जबलपुर संभाग के सभी जिलों में तेज हवाओं के बीच हलकी बारिश की संभावना बन रही है। पश्चिमी विक्षोभ के बीच बादलों की आवाजाही होने के कारण दिन के पारे में आंशिक गिरावट आई। संभाग के जिलों में इसका असर देखा जाएगा। हवाओं की दिशा भी उत्तर पश्चिमी हो गई है। मौसम विज्ञानिकों का कहना है कि आज से फिर मौसम बदलेगा अगले तीन दिन तक आंधी व बारिश का दौर दोबारा शुरू होगा। अगले दो दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर जबलपुर समेत पूरे मध्यप्रदेश में दिखाई देगा। जबलपुर का अधिकतम तापमान बादलों की वजह से शनिवार के मुकाबले तीन डिग्री नीचे गिरा और 38.7 डिग्री सेलसियस पर टिक गया। मौसम विज्ञानिकों के मुताबिक इस समय एक पश्चिमी विक्षोभ पूर्वी ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान पर बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के असर से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है, हालांकि इसका प्रदेश के शहरें पर कोई विशेष असर नहीं रहा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत के नजदीक पहुंचने पर हवाओं के साथ नमी आना शुरू हो जाएगा, जिससे अधिकतर शहरों में बादल छा सकते हैं । बूंदाबांदी के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की स्थिति होगी। इतना ही नहीं 24 अप्रैल से गर्मी और लू की भी आशंका है। इस दौरान तापमान में भी उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। सोमवार से मौसम बदलेगा और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से जबलपुर जिले में आंधी के साथ बारिश की आशंका है। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने ईएमएस को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 38.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 26.06 डिग्री सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 34 प्रतिशत और सायंकाल 18 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन का अधिकत्तम तापमान 36.01 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया गया था। सूर्योदय सुबह 5.43 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.34 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 42.1 डिग्री तापमान खंडवा जिले में दर्ज किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम 18.8 डिग्री तापमान नीमच जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में तेज गरज चमक के साथ वर्षा की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे के रफ्तार से तेजहवाएं भी चल सकती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240